राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 329 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा चुनाव में मिली हार पर मंथन किया।

## विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिश: मोदी

● सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं: पीएम नरेंद्र मोदी

**विपक्ष को घेरा**

⏩ संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**भुवनेश्वर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। झूठ और अफवाहों की उनकी दुकान पिछले 75 सालों से चल रही है। उन्होंने अब अपने मिशन को और तेज कर दिया है। उनकी गतिविधियां अपने देश से प्यार करने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है। वे हर बार एक बड़ा झूठ लेकर आते हैं। 2019 में जो चौकीदार उनके लिए चोर था, 2024 तक आते-आते वो ईमानदार हो गया और एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं कह पाए। इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा किया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल दिन-रात भाजपा के बारे में गलत सूचना फैलाते रहते हैं। लेकिन जनता खुद भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए मैदान में आती है।



### संसद में व्यवधान उपाय नहीं बल्कि एक बीमारी है: धनखड़

**सभापति** धनखड़ ने विपक्ष के रवैए पर नाराजगी जताते हुए कहा कि संसद में व्यवधान कोई उपाय नहीं बल्कि एक बीमारी है जो भारत के लोकतंत्र की नींव को कमजोर करती है। सभापति ने कहा कि ये मुद्दे सप्ताह के दौरान बार-बार उठाए गए हैं। परिणामस्वरूप हमने पहले ही 3 कार्य दिवस खो दिए हैं। ये वे दिन थे, जो हमें सार्वजनिक हित के लिए समर्पित करने चाहिए थे। हमारे द्वारा ली गई शपथ का पालन करते हुए हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए था। समय का नुकसान, अवसर का नुकसान और विशेष रूप से प्रश्नकाल का न होना, लोगों को बहुत बड़ा झटका दे चुका है। उन्होंने कहा कि नियम 267 को व्यवधान और हमारे सामान्य कार्य से विचलन के एक उपकरण के रूप में हथियार बनाया जा रहा है।

### संसद में अडाणी मुद्दे पर हंगामा जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विपक्षी सांसदों के एजेंडे में वैसे तो अदाणी, मणिपुर, संभल की घटना और वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दे हैं लेकिन संसद में सबसे अधिक शोरगुल अदाणी मुद्दे पर ही है। विपक्ष ने अदाणी मुद्दे की जेपीसी जांच और संभल की घटना पर दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया। तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर लगभग सभी विपक्षी दलों के सांसद इसमें शामिल थे। इसके चलते दोनों ही सदनों का कामकाज ठप रहा। विपक्षी सांसदो को समझाने की कोशिश भी की गई, लेकिन उनके रुख में कोई बदलाव नहीं दिखा। आखिरकार दोनों सदनों की कार्यवाही को पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए बाद में पूरे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। संसद में गुरुवार को हंगामे की यह शुरूआत लोकसभा से हुई, जब दो नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने के बाद जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्ष ने पहले अपनी सीटों से खड़े होकर अदाणी मुद्दे पर चर्चा तथा जेपीसी की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले तो उनकी मांगों को अनसुना किया, लेकिन विपक्षी सांसद जब वेल में आकर नारेबाजी करने लगे, तो आश्वासन दिया कि वे उन्हें सभी मुद्दों पर चर्चा करने का मौका देंगे, पर यह तरीका ठीक नहीं है।

## हरियाणा-महाराष्ट्र में करारी हार के बाद खरगे सख्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार पर मंथन किया। बैठक में खरगे ने कहा कि चुनाव परिणामों से सबक लेकर कठोर निर्णय लेने होंगे।
जवाबदेही तय करनी होगी और खामियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे हैं।

**अंदरूनी कलह से होता है नुकसान**
कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की कलह पर मंथन किया। उनका मानना है कि इसकी वजह से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा है।
कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एकजुटता की कमी और अपने ही पार्टी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी से काफी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि जब तक हम एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे और एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे तब तक अपने विरोधियों को कैसे हरा पाएंगे। सभी को कड़ाई से अनुशासन का पालन करना होगा। सभी को यह सोचना होगा कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और पार्टी की हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है।

**मंथन**

⏩ कड़े फैसले लेने होंगे', जवाबदेही तय करनी होगी: खरगे
⏩ हार पर किया गया मंथन

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

### काम के बजाय प्रचार तंत्र से अपनी छवि चमकाना चाहती है सरकार: जयराम

**शिमला:** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुख की सरकार प्रदेशवासियों को दुखी करके चाहती है कि उसकी छवि चमकदार दिखे। जिसके लिए वह हर मंत्री के साथ छवि चमकाने की पहल कर रही है, जो वाकई हास्यास्पद है।
प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी और उनके मंत्रिमंडल के लोग यह समझते हैं कि वह प्रचार तंत्र के जरिए अपनी नाकामी छुपा सकते हैं, इसलिए वह उल्टे सीधे हथकंडे अपनाना चाह रहे हैं। जिस तरीके से मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं वैसे प्रदेश के लोगों को सिर्फ परेशानी हो रही है दुख मिल रहा है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि उनके दुख की सरकार को लोग अच्छा समझे तो वह बहुत गलत इच्छा पाल रहे हैं।

## लॉरेंस का बीजेपी से सांठ-गांठ: केजरीवाल

**आरोप**

⏩ दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह पर जमकर निशाना साधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शक्रवार को केंद्र सरकार औ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर बरसे। दिल्ली विधानसभा में बोलते हुए केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार से दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है।
उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमने स्कूल, अस्पताल, सड़कें और बिजली ठीक करने की जिम्मेदारी पूरी की है लेकिन केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली की कानून व्यवस्था संभाली नहीं जा रही है। दिल्ली में हत्याएं और बम ब्लास्ट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी-अभी मैं देख रहा था कि एक वकील कह रहे थे कि सड़क पर हाथ में मोबाइल फोन ले जाना मुश्किल है। आप मोबाइल फोन लो जाओगे, कोई ना कोई आपका मोबाइल छीन लेगा।
दिल्ली में दुष्कर्म हो रहे हैं, मर्डर कर देते हैं। मैं यह एक अखबार लेकर आया हूं। दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर इसमें जानकारी दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और उनके रिश्तेदारों को भ्रष्टाचार के 12 साल पहले के मामले में बरी करने के बाद उसकी जांच दोबारा शुरू करने के मद्रास हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। कोर्ट ने पन्नीरसेल्वम की याचिका पर तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मद्रास हाई कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए पन्नीरसेल्वम के खिलाफ इस मामले की जांच दोबारा शुरू करने का आदेश दिया था।



नई दिल्ली में शुक्रवार को कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की

## दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 5.4 फीसदी पर आई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में घटकर 5.4 फीसदी पर आ गई है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 8.1 फीसदी थी, जबकि मौजूदा वित्तीय वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 6.7 फीसदी रही थी। यह पिछले सात तिमाहियों में सबसे धीमी ग्रोथ है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में




विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से घटकर 5.4 फीसदी पर आ गई है।
हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी ग्रोथ 4.6 फीसदी थी, जबकि जापान की जीडीपी 0.9 फीसदी की दर से बढ़ी है।

## अडाणी पर अमेरिका से नहीं मिला अनुरोध: मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: विदेश मंत्रालय ने** कहा है कि गौतम अडाणी प्रकरण में उसे अमेरिका के जस्टिस विभाग की ओर से समन या गिरफ्तारी वारंट तामील करने का अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। विदेशी सरकार की ओर से जारी किसी समन या वारंट की तामील परस्पर कानूनी सहायता प्रक्रिया के तहत की जाती है। ऐसे किसी अनुरोध पर गुण-दोष के आधार पर फैसला किया जाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गौतम अडाणी के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि यह एक निजी व्यक्ति और कंपनी तथा अमेरिका के न्याय विभाग के बीच का कानूनी



मामला है। ऐसे मामलों में निश्चित कानूनी प्रक्रिया और उपाय हैं और हमें विश्वास है कि इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौतम अडाणी प्रकरण में भारत सरकार को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई। साथ ही दोनों देशों के बीच इस संबंध में कोई बातचीत भी नहीं हुई। प्रवक्ता ने दोहराया कि यह मामला निजी पक्षों से जुड़ा है तथा फिलहाल भारत सरकार इसके साथ कानूनी रूप से नहीं जुड़ी है।
उल्लेखनीय है कि अमेरिका की एक अदालत में गौतम अडाणी की कंपनी के खिलाफ मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल हुआ है।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करें: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली:** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। भारत ने बांग्लादेश सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर खतरों और लक्षित हमलों को लगातार और दृढ़ता से उठाया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी: भारत नहीं करेगा पाकिस्तान का दौरा!

### विदेश मंत्रालय ने रूख किया साफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: विदेश मंत्रालय ने** शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा चिंताओं के कारण अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने की "संभावना नहीं" है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण, भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है, जब उन्होंने एशिया कप में भाग लिया था। दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने आखिरी बार 2012-13 में भारत में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें सफेद गेंद के मैच शामिल थे। उसके बाद, भारत और पाकिस्तान मुख्य रूप से आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में एक-दूसरे का सामना करते रहे हैं।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बयान का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान में "सुरक्षा चिंताओं" के कारण, यह संभावना नहीं है कि भारतीय टीम पाकिस्तान में मार्की इवेंट खेलने के लिए सीमा पार करेगी। रणधीर जायसवाल ने आज एक साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, "बीसीसीआई ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा संबंधी चिंताएँ हैं, और इसलिए, यह संभावना नहीं है कि टीम वहाँ जाएगी।" भारत ने पाकिस्तान की यात्रा न करने के अपने रुख पर दृढ़ता से कायम है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि बोर्ड भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करेगा। भारत ने आईसीसी टूर्नामेंट के लिए यात्रा न करने के बारे में अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, वहीं पाकिस्तान भी अपने रुख पर अड़ा हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट की मेजबानी करने के विचार को खारिज कर दिया था। हाल ही में, उन्होंने वादा किया कि बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा करने की कोशिश कर रहा है।




**फैसला**

⏩ तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण, भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है

**अहम बैठक** एआई सेंटर बनने से एआई अनुसंधान और नवाचार केंद्र के रूप में विकसित होगा हरियाणा

## हरियाणा में स्थापित होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेंटर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** राज्य में जल्द ही वर्ल्ड बैंक की सहायता से ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेंटर की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधिमंडल के साथ आज यहां हुई एक अहम बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा विदेश सहयोग मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा के संकल्प पत्र में हरियाणा को वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक



प्रमुख संकल्प है, जिससे युवाओं को एआई और आधुनिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एआई सेंटर की यह पहल हरियाणा प्रदेश को एआई अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाएगी। इस केंद्र की स्थापना से राज्य की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान मिलने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से हरियाणा में नदियों को आपस में जोड़ने के लिए भी एक व्यापक योजना तैयार करने का अनुरोध किया। वर्ल्ड बैंक ने भी इस दिशा में सहयोग के लिए गहरी रुचि व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों को जोड़ने से राज्यभर में सिंचाई सुविधाओं में काफी सुधार होने और अमृत सरोवर योजना को लागू करने में मदद मिलेगी, जिसका उद्देश्य जल निकायों को पुनर्जीवित करना और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल भंडारण क्षमता को बढ़ाना है। इस योजना से बेहतर जल प्रबंधन सुनिश्चित करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता में सुधार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य से एक दल शीघ्र ही गुजरात में नदियों को आपस में जोड़ने की योजना का अध्ययन करने के लिए गुजरात का दौरा करेगा।

**परियोजना**

⏩ वर्ल्ड बैंक के सहयोग से हरियाणा में नदियों को जोड़ने के लिए बनाई जाएगी व्यापक योजना

### कानपुर में राज कुंद्रा प्रोडक्शन को लेकर एक घर में ईडी का छापा

**कानपुर:** चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर स्थित एक घर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को छापा मारा है। ऐसी खबर सोशल मीडिया में चल रही है। हालांकि इस संबंध में स्थानीय पुलिस से को कोई जानकारी नहीं है। सूत्रों की मानें तो राज कुंद्रा से जुड़े मामले में शुक्रवार को एक गोपनीय एजेंसी की टीम चकेरी क्षेत्र में स्थित श्याम नगर के रहने वाले नर्वदा श्रीवास्तव के बड़े बेटे अरविंद के घर पहुंचने की सूचना है। अरविंद श्रीवास्तव कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद बाहर नौकरी करते हैं।

# कृष्ण कुमार बेदी ने पानीपत में की जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**सामाजिक न्याय,** सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 12 परिवादों में से 4 परिवादों का निपटान किया और अगली बैठक के लिए 8 परिवादों को लम्बित रखा। उन्होंने शिकायतकर्ता से कहा कि जो भी जायज शिकायत है उसका गम्भीरता से हल किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति ऐसी शिकायत ना दे जोकि झूठी हो। जिससे प्रशासन का समय बर्बाद ना हो। यदि किसी शिकायतकर्ता की झूठी शिकायत मिलती है तो उसके ऊपर धारा 182 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। मंत्री शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी शिकायतों को गम्भीरता से



सुना और प्रशासन के अधिकारियों को हल करने के निर्देश भी दिए। शिकायतकर्ता दिनेश कौशिक गांव बाल जाटान की शिकायत आईओसीएल पानीपत से सम्बंधित थी। आईओसीएल में शिकायतकर्ता ने अपनी जमीन दी थी। जब जमीन दी गई तो शिकायतकर्ता को कहा था उसकी गाडी लैण्ड लूजर कोटे के तहत रिफाईनरी में लगाई जाएगी। परन्तु अभी तक आईओसीएल द्वारा नही लगाई गई। जब शिकायतकर्ता की शिकायत पर रिपोर्ट करने के लिए आईओसीएल से सम्बंधित अधिकारी आया तो वह संतोषजनक उत्तर नही दे सका। इसको लेकर मंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि यह अधिकारी ठीक से जवाब नही दे सका इसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाए और अगली बैठक मे इनके उच्च अधिकारी को बुलाया जाए। एजेण्डे के अनुसार चुलकाना धाम समालखा की श्याम मन्दिर सेवा समिति की शिकायत थी। समालखा जीटी रोड से जाने वाली सडक तथा चुलकाना की फिरनी की हालत खराब है। सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र की 7 सडके हैं जिन्हें बनाया गया है। शिकायकर्ता राजाखेड़ी वासी बिजेन्द्र ने शिकायत की थी कि रैम्बो अस्पताल मॉडल टाऊन द्वारा उसका नवजात बच्चा जन्म के समय बदल दिया गया है। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि उनकी शिकायत पर पुलिस द्वारा कोई एफआईआर दर्ज नही की है। इसके लिए मंत्री ने बड़ी गम्भीरता से शिकायतकर्ता की बात को सुना और इस मामले को अगली बैठक में तथ्य सहित लाने के निर्देश दिए। पूर्व नगर पार्षद संजीव दहिया की शिकायत थी की गांव सौंधापुर से असंध रोड़ तक एक रास्ता 33 फुट का गांव सौंधापुर जाटल रोड़ की तरफ जाता है और यह रास्ता थर्मल की तरफ जाने वाले दो रजबाहे के ऊपर से गुजरता है। उन्होंने मांग की है कि इस रजबाहे पर पुलिया तंग है और रास्ते पर अतिक्रमण भी है। मंत्री ने पार्षद की बात को जायज मानते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस रास्ते व पुलिया को 7 महीने के अन्दर बनवाया जाए।
पूर्व नगर निगम पार्षद प्रमोद देवी की मांग थी की फाटक नम्बर 51 डी पर अण्डर पास करीब ढाई वर्ष से निर्माणधीन है जिसके कारण रास्ता बंद है और आजाद नगर व राज नगर के लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। इस पर मंत्री ने कहा कि यह सामाजिक कार्य है आपस में मिलकर इस विवाद को सुलझाया जाए और अगली बैठक में इस पर सुनवाई की जाएगी। काबड़ी रोड़ स्थित अभिषेक कुमार की मांग थी की उनके क्षेत्र में एक धागे की फैक्ट्री है, इस फैक्ट्री में काई बार आग लग चुकी है जिसके कारण हमारे मकान पर रखी पानी की टंकी भी जल गई और अन्य मकान पर नुकसान भी हुए। नगर निगम के अधिकारी ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले फैक्ट्री में आग लग गई है। जिसके कारण शिकायतकर्ता ने शिकायत वापसी ले ली।


## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी हेतु सूचना

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे,** के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, **दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन** के प्लेटफॉर्म–1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1. | 06.12.24 को प्रातः 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म–1 पर स्थित अमानती– सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना:**
1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

**3692/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल अभियंता/IV, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/ROK, JHI and JHL के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न स्टेशनों पर SPZ, ASE, GHE, NNO, ABO, SMF, KHB, ROK, KZH, JNA, JJT, KIU, BSPH, UCA, BZO, JSO, DHY, MSZ, BRZ और KTF पर सैंड हंप की मरम्मत। | रू. 70741154.20/- | रू. 503700.00/- | 12 माह | 20.12.2024 |

सूचना: निविदा रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 20.12.2024 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। **पत्र सं.–128–डब्ल्यू/ओईटी/2024–25/डब्ल्यू–IV/एनआईटी–110 दिनांक–28.11.2024** **3681/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जनता समाधान शिविर में अधिकारी कर रहे रूचि लेकर शिकायतकर्ता की समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा सरकार** द्वारा प्रदेश भर में जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर अधिकारियों के सहयोग से समाधान हो रहा है। शुक्रवार को आयोजित किये गए जनता समाधान शिविर में अन्य दिनों की अपेक्षा शिकायतकताओं की अच्छी खासी संख्या नजर आई। समस्या का समाधान होने पर शिकायतकर्ता प्रशासन का धन्यवाद करते हुए घर लौटे। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि समाधान शिविर में जिन लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान होता है। उनका फूल मालाओं से सचिवालय में भव्य स्वागत किया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन समाधान शिविर में आ रही समस्याओं का निस्तारण कर नागरिकों का विश्वास जितने में



पूरी तरह कामयाब हो रहा है। तीसरे दिन भी शिकायत कताओं की अच्छी खासी तादाद रही। उपायुक्त ने बताया कि जब तक नागरिकों की समस्याओ का सीमित अवधि में समाधान नहीं होगा। हमारे सभी प्रयास अधूरे है। नागरिकों का दिल जीतने के लिए और प्रयास करने की जरूरत है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अनुशासन की पालना शिददतपूर्वक करें। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे डेंगू जैसी बीमारी से खुद को बचायें और अपने आस पास पानी का जमावड़ा न लगने दें। उन्होंने अधिकारियों को साफ सफाई करने के भी आदेश दिए। उपायुञ्चत ने तीसरे दिन के जनता समाधान शिविर में शिकायतकताओं की शिकायत पर गंभीरता से कार्यवाही की। जनता समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे सोनिया वासी राज नगर ने जमीन का रिकार्ड न मिलने के बारे में प्रशासन के सामने अपनी समस्या रखी। उपायुञ्चत ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मामले पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता जगदीश कौर वासी गौतम नगर ने उपायुञ्चत से अनुरोध किया कि उनके रिहायसी प्लाट से बिजली के खंभे को हटाया जाएं। उपायुञ्चत ने संबंधित विभाग को मामले पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता यशपाल मलिक ने प्रशासन से अनुरोध किया कि डाक घर के बाहर आम व्यक्ति के बैठने के लिए जो बैंचों की व्यवस्था की गई थी अब वो जर्जर हाल में है। लोगों के बैठने के लिए जो बैंच रखे गए थे वो टूट गए है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को देखते के लिए इस समस्या के समाधान के अपील की। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को समस्या का अध्ययन करने के निर्देश दिए।
शिकायतकर्ता सविता वासी पसीना खुर्द ने उपायुक्त से परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने की अपील की। उपायुक्त ने इस संदर्भ में संबंधित विभाग को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में राजपाल वासी मचरौली ने उपायुक्त से राशन कार्ड में नोमिनी बनवाने के लिए प्रार्थना की।

# करनाल में सीएम फ्लाइंग टीम की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में वायु** गुणवत्ता प्रबंधन के तहत ग्रेप-4 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) लागू किया गया है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।
नमस्ते चौक के पास खाली मैदान में खुले में रखी गई निर्माण सामग्री पर सीएम फ्लाइंग टीम ने छापा मारा। नमस्ते चौक के पास खाली जमीन पर बड़ी मात्रा में रेत, बजरी, डस्ट और मिट्टी जैसी निर्माण सामग्री खुले में पाई गई। इससे हवा में प्रदूषण बढने का खतरा है।
सीएम फ्लाइंग के साथ हुडा, खनन विभाग और अन्य टीमें मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि कुछ ट्रैक्टर-ट्रालियों को भी कब्जे में लिया गया है। गुरुग्राम और फरीदाबाद की तरह करनाल भी एनसीआर का हिस्सा है, जहां प्रदूषण की स्थिति गंभीर है।


## बेदखली सूचना

मैं जोकि सुमन पत्नी स्वर्गीय अशोक कुमार निवासी गांव रायपुर , तहसील व जिला सोनीपत अपने लड़के कपिल खत्री को अपनी तमाम चल,अचल सम्पति से बेदखल करता हूॅ क्योंकि ये मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य मे कपिल खत्री से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा । मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगा।

## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | भाग–ए के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग: डीयूके सेक्शन पर बीबीडीई, बीजेडके, बीजेडजेटी, जीआरए, एमओवाई, टीआरआर, डीएचकेआर, डीपीपी, एसएचडीएम और बीबीडीई, बीजेडके, बीजेडजेटी, जीआरए स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म का विस्तार। भाग:बी: डीएसए–एसएमक्यूएल–एसआरई सेक्शन पर प्लेटफॉर्म का विस्तार और उन्नयन। |
| अनुमानित लागत | Rs.1,44,84,498.36/- |
| बयाना राशि | Rs.2,22,400/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 17.12.2024 (10.30बजे) से 31.12.2024 (15.00बजे तक) |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 31.12.2024 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | 20537103 |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या – 08C.क.वि., – नई दिल्ली–2024–25
दिनांक : 28.11.2024 3683/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/आरएस(ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक 28.11.2024
### शुद्धिपत्र

विषय:– 138 अदद 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 28.11.2024 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3

विषय निविदा के हिंदी अखबार में प्रकाशित शुद्धिपत्र संख्या 1 में निविदा बंद होने की नियत तिथि को 10.11.2025 की जगह 10.01.2025 पढा जाए।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
3690/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली के अनुभाग में एमएसआरआर में वार्षिक रखरखाव और टीटीआरएच में अग्निशमन प्रणाली के वार्षिक रखरखाव अनुबंध (दो वर्ष) के साथ अग्निशमन प्रणाली में सुधार और इसे चालू करना। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 1,27,06,095.18/- (एक करोड़ सत्ताईस लाख छह हजार पंचानवे रुपये और छियालीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,13,500/- (दो लाख तेरह हजार पांच सौ रुपये मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 20.12.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–400–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: **128–W/280/इ–निविदा सूचना/38/2024–25/W-3 दिनांक : 29.11.2024** **3694/24**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश पुत्र** जय सिंह, **निवासी:** झुग्गी नं0 49/161, आयुर्वेदिक अस्पताल, हैदरपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 239/19, U/s 325 IPC, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 239/19, U/s 325 IPC, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका कंसल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07,
कमरा नं0–208, द्वितीय तल,
उत्तर–पश्चिम जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
**DP/15590/NW/2024**
**(Court Matter)**

## उत्तर मध्य रेलवे
रजिस्ट्री सं.: डी.एल.-33004/99 REGD. No.: D.L.-33004/99

### भारत का राजपत्र
### The Gazette of India

xxxGIDHxxx
सी.जी.-यू.पी.-अ.-26112024-258914
CG-UP-E-26112024-258914
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II — Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4658 नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 22, 2024/अग्रहायण 1, 1946
No. 4658 NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 22, 2024/AGRHAYAN 1, 1946

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 19 नवम्बर, 2024

**का.आ. 5047(अ).–** केन्द्रीय सरकार, रेल (संशोधन) अधिनियम, 2008 (2008 का 11वां) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 (क) की उपधारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप- खण्ड (ii), दिनांक 11 जुलाई, 2024 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (उत्तर मध्य रेलवे निर्माण विभाग) की अधिसूचना संख्या का. आ. 2711(अ) दिनांक 10 जून, 2024 (जिसे इसके पश्चात उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनूसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को, उत्तर प्रदेश राज्य के अलीगढ़ जिले के गभाना एवं कोल तहसील में विशेष रेल परियोजना, अर्थात् मौजूदा नई दिल्ली-हावडा (कानपुर-लखनऊ सहित), मार्ग पर गतिसीमा को 160 किमी प्रति घण्टा/200 किमी प्रति घण्टा करने के लिए सब-सेक्शनिंग व पैरललिगं पोस्ट (SSP) के डिजाईन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग हेतु अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की गई थी;

और उक्त अधिसूचना का सार अधिनियम की धारा 20 अ की उपधारा (4) के अधीन दैनिक समाचार पत्रों, अर्थात् 'अमर उजाला' और 'टाइम्स ऑफ इण्डिया' में तारीख 31 जुलाई, 2024 को प्रकाशित किया गया था; और, इस परियोजना में प्राप्त सभी अक्षेपों का निस्तारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा कर दिया गया है और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इसमें उपाबद्ध अनूसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी।

यह और केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इसमें उपाबद्ध अनूसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विलंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यांकित रूप से निहित हो जाएगी।

और, यह कि केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20 (च) की उपधारा (04) के अनुसरण में भूमि उपर्युक्त वर्णित भूमि में सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिग रूप से या किसी अभिकर्ता या विधि व्यवसायी के माध्यम से सक्षम प्राधिकारी अर्थात विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) अलीगढ़ के समक्ष अपना दावा इस अधिसूचना के प्रकाशन के आगामी 20 दिवस में सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**अनुसूची**

**उत्तर प्रदेश राज्य के अलीगढ़ जिले के गभाना एवं कोल तहसील के अंतर्गत 04 गाँव का सक्षम प्राधिकारी अर्थात् विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) अलीगढ़ के अधीन विशेष रेल परियोजना अर्थात् मौजूदा नई दिल्ली-हावडा (कानपुर-लखनऊ सहित), मार्ग पर गतिसीमा को 160 किमी प्रति घण्टा/200 किमी0 प्रति घण्टा करने हेतु अर्जित की जाने वाली भूमि का संरचना या उसके रहित संक्षिप्त विवरण।**

| जिला- अलीगढ़ | | | | | राज्य- उत्तर प्रदेश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | तहसील | ग्राम | खसरा सं. | अर्जन के लिए प्रस्तावित क्षे. (हे. में) | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भू-स्वामी/हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| (1) | (2) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1 | गभाना | सोमना | 2 | 0.0956 | सरकारी | सरकारी | गंगानहर जेरे इंतजाम सिंचाई विभाग |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | रामगोपाल पुत्र इन्द्रपाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | जयपाल सिंह पुत्र बालकिशन |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | ओमप्रकाश, नन्द किशोर, सुन्दर लाल, संजय पुत्र रमेशचन्द्र व श्रीमती गीता पत्नी स्व0 लाखन व कु0 भूमिका (अव्यस्क पुत्री), राज (अव्यस्क) पुत्र लाखन सं0 श्रीमती गीता (माता) व रामगोपाल पुत्र इन्द्रपाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | अर्जुन, ओमप्रकाश, भगवती प्रसाद पुत्र घनश्याम |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | धर्मवीर, ललित कुमार पुत्र कालीचरन |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | छत्रपाल सिंह, दिनेश कुमार, सतीश पुत्र कालीचरन व जयपाल सिंह पुत्र बालकिशन |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | भूदेव पुत्र बिसना |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | कंगाली पुत्र ठकुरी |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | अरूण पुत्र दयाराम व श्रीमती महारानी पत्नी दयाराम |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | यशपाल सिंह पुत्र प्रेमबाबू |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | यश पाल सिंह पुत्र प्रेमबाबू व श्रीमती सूरजमुखी देवी पत्नी वाशुदेव |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | रामगोपाल पुत्र भोपाली |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | राम सिंह पुत्र लेखराज |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | जयपाल सिंह, हरप्रसाद पुत्र बल्ला |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | चन्दर, मुन्ना, रमेश, रौदास पुत्र स्व0 मदना व श्रीमती कान्ती देवी पत्नी स्व0 मदना |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | जयपाल सिंह पुत्र बाल किशन |
| 2 | गभाना | सोमना | 3 | 0.2107 | निजी | कृषि भूमि | ओमप्रकाश पुत्र अकबर व नरेश कुमार, सुभाषचन्द्र पुत्र कंछीलाल व श्रीमती शीला देवी पत्नी कंछीलाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | ओमप्रकाश पुत्र अकबर व श्रीमती शीला देवी पत्नी कंछीलाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | श्रीमती शीला देवी पत्नी कंचीलाल व सौरन सिंह पुत्र रामलाल व विशाल माहेश्वरी पुत्र मनोज कुमार माहेश्वरी व हर्ष भट्टर पुत्र प्रमोद कुमार व गौरव गोदानी पुत्र गिर्राज कुमार माहेश्वरी व राजेंद्र प्रसाद पुत्र हरपाल गुप्ता |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | ओमप्रकाश पुत्र अकबर व नीरज सिंह पुत्र तेजपाल सिंह |
| 3 | गभाना | सोमना | 6 | 0.0567 | निजी | कृषि भूमि | नरसिंह पाल सिंह, नरेन्द्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार सिंह पुत्र अमरपाल सिंह व सुरंजनपाल सिंह पुत्र सोनपाल सिंह |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | तेजवीर सिंह, नरसिंहपाल सिंह, नरेन्द्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार पुत्र स्व अमरपाल सिंह व श्रीमती प्रेमवती पत्नी स्व0 अमरपाल सिंह व प्रेमपाल सिंह, भंवरपाल सिंह, विजयपाल सिंह, सुरजीपाल सिंह, हरपाल सिंह पुत्र सोनपाल सिंह |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | कुशलपाल सिंह, बीर सिंह पुत्र बुद्धपाल सिंह व श्रीमती पूनम सिंह व पत्नी अनूप कुमार सिंह शिशपाल सिंह, संग्राम सिंह पुत्र तेज सिंह |
| | | | योग | 0.3630 | | | |
| 1 | गभाना | कलुआ | 847 | 0.0936 | संस्थागत | सरकारी | आदर्श भारती विद्यालय |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | श्रीमती उर्मिला पत्नी रमेशचन्द्र व पप्पू, बन्टी, रवी कुमार पुत्र रमेशचन्द्र व राखी पुत्री रमेशचन्द्र व किशनपाल, हरप्रसाद पुत्र मिहीलाल व कुन्दन, रामदास पुत्र होरीलाल व श्रीमती रामवती देवी पत्नी होरीलाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | नेत्रपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, लखीराम, वीरपाल सिंह, सुरेश चन्द्र पुत्र रामप्रसाद व योगेश कुमार पुत्र कुन्दन सिंह |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | बनी सिंह, रामसहाय, वीरपाल पुत्र नेकसा |
| 2 | गभाना | कलुआ | 849 | 0.0198 | निजी | कृषि भूमि | अशोक सिंह, ओमवीर सिंह, भूरा सिंह, सतीश सिंह, हरीश सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह व श्रीमती कमलेश देवी पत्नी रामकिशोर व पुष्पेन्द्र, शिवकुमार, शिशुपाल, सुशील पुत्र चोब सिंह व राम प्रसाद पुत्र फूल सिंह व विशम्बर, सुरेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह |
| 3 | गभाना | कलुआ | 850 | 0.0920 | निजी | कृषि भूमि | श्रीमती किशनप्यारी देवी पत्नी विशम्वर दयाल |
| 4 | गभाना | कलुआ | 851 | 0.0514 | निजी | कृषि भूमि | बेदराम पुत्र पीतम्बर |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | अशोक सिंह, ओमवीर सिंह, भूरा सिंह, सतीश सिंह, हरीश सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह व श्रीमती कमलेश देवी पत्नी रामकिशोर व पुष्पेन्द्र, शिवकुमार, शिशुपाल, सुशील पुत्र चोब सिंह व राम प्रसाद पुत्र फूल सिंह व विशम्बर, सुरेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह |
| | | | योग | 0.2568 | | | |
| 1 | कोल | घासीपुर | 114 | 0.1270 | निजी | कृषि भूमि | पोप सिंह पुत्र बनवारी लाल |
| | | | योग | 0.1270 | | | |
| 1 | कोल | हाजीपुर फतेहखां | 145 | 0.0324 | निजी | कृषि भूमि | मुन्नालाल पुत्र मिश्रीलाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | नंदकिशोर पुत्र मोहनलाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | कैलाश, प्रेमपाल पुत्र बैनीराम व श्रीमती जशोदा पत्नी पप्पू |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | आसू कुमार, चरन सिंह, मान सिंह, विनोद कुमार पुत्र जयन्ती |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | कालीचरन, बीरबल पुत्र किशुना व प्रेमपाल सिंह, महीपाल सिंह, श्रीपाल सिंह पुत्र स्व 0 राजेन्द्र सिंह व श्रीमती राजवती देवी पत्नी स्व0 राजेन्द्र सिंह |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | राजवीर सिंह पुत्र गनेशीलाल व सुरेशचन्द्र पुत्र यादराम व करतार, विनीत कुमार (अव्यस्क) पुत्र डालचन्द सं0 कपूरी देवी (माता) व कु0 मीरा पुत्री डालचन्द व श्रीमती कपूरी देवी पत्नी डालचन्द व वीरेन्द्र कुमार, अमित कुमार, गजेन्द्र प्रताप, अवनेश कुमार, अंकित कुमार पुत्र सुनपत सिंह व श्रीमती माया देवी पत्नी सुनपत सिंह |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | किशनपाल सिंह, जितेन्द्रपाल सिंह, नरेन्द्रपाल सिंह पुत्र कमल सिंह |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | सुरेश, नेम सिंह पुत्र भूरे सिंह व बुद्धसैन पुत्र सामन्तीलाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | मुरारी लाल पुत्र हाबूडी व राजकुमार, किशन, जीतेन्द्र, रंजीत पुत्र स्व0 भिकारीलाल व श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी स्व0 भिकारीलाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | बालकिशन, वीरपाल पुत्र छत्रपाल |
| | | | | | निजी | कृषि भूमि | चन्द्रपाल, मंगल पुत्र मुकन्दी |
| 2 | कोल | हाजीपुर फतेहखां | 151 | 0.0204 | निजी | कृषि भूमि | धर्मवीर, प्रमोद कुमार, राजकुमार, विनोद कुमार पुत्र आनन्द पाल सिंह |
| | | | योग | 0.0528 | | | |
| | | | कुल योग | 0.7996 | | | |

[ई. फा. सं. एन.सी.आर.- एच. क्यू. शून्य. सी. ई. एल. ई. (मिस्क)/133/2023-ओ./ओ. डिप्टी. सी. ई. ई./कांस्ट/सी.एन.बी. (कम्प्यूटर सं. 98960)]
विपिन कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)
2044/24(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# बस मार्शल्स के जज्बे को सलाम: सीएम आतिशी

## अरविंद केजरीवाल और मैंने एलजी साहब को कई पत्र लिखकर बस मार्शलों की तनख्वाह रोकने और उन्हें नौकरी से हटाने के फैसले का विरोध किया

**सदन में चर्चा**

**एलजी साहब के बार-बार मना करने के बाद भी बस मार्शलों ने हिम्मत नहीं हारी: सीएम आतिशी**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के बस मार्शल्स को नियमित करने को लेकर सीएम आतिशी ने शुक्रवार को सदन में अपनी बात रखी। सीएम आतिशी ने कहा कि बस मार्शल को गलत तरीके के हटाया गया है। हम इन्हें हटाए जाने का विरोध कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि इन 10 हजार बस मार्शल को तुरंत नौकरी पर लगा लें। आतिशी ने चुटकी ली कि विजेंद्र गुप्ता एलजी साहेब से इन बस मार्शल को फिर से नौकरी दिलवा लें तो मैं अपनी पार्टी को मना लेंगी कि वह रोहिणी में विजेंद्र गुप्ता के खिलाफ प्रत्याशी भी नहीं खड़ा करेंगी। कहा कि उनके लिए चुनाव में प्रचार भी कर देंगी।

**बस मार्शल्स के जज्बे को सलाम: सीएम आतिशी**

आतिशी ने कहा, "एलजी साहब के बार-बार मना करने के बाद भी बस मार्शलों ने हिम्मत नहीं हारी और लड़ाई लड़ते रहे। इस दौरान मंत्री सौरभ भारद्वाज जी और अन्य विधायकों ने इनका साथ दिया और इनकी बहाली के लिए अपनी गिरफ्तारी तक दी। इसके लिए बस मार्शलों के जज्बे को सलाम करती हूं।"

सीएम आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और मैंने एलजी साहब को कई पत्र लिखकर बस मार्शलों की तनख्वाह रोकने और उन्हें नौकरी से हटाने के फैसले का विरोध किया लेकिन उपराज्यपाल के कानों पर जूं नहीं रेंगी और उन्होंने 10 हजार से ज्यादा बस मार्शलों को नौकरी से निकाल दिया।

**दिल्ली में बढ़ रहे अपराध पर चर्चा की उठी मांग**

विधानसभा में दिल्ली पुलिस में रिक्त पड़े पदों के मुद्दे पर भी चर्चा शुरू हुई। सत्ता पक्ष ने चर्चा शुरू करते हुए कहा कि दिल्ली में दहशत का माहौल है। लोगों की हत्याएं हो रही हैं। फिरौती मांगी जा रही है। मगर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। अखबार अपराध की घटनाओं से भरे पड़े हैं। कल फिर दिल्ली में धमाका हुआ है, इसके बारे में लोग जानना चाहते हैं कि इसके पीछे किसका हाथ है? दिल्ली पुलिस में कई पद रिक्त पड़े हैं। दिल्ली पुलिस में 13,507 पद रिक्त हैं। इन्हें भरे जाने की सदन में मांग उठी है। अरविंद केजरीवाल जी और मैंने एलजी साहब को कई पत्र लिखकर बस मार्शलों की तनख्वाह रोकने और उन्हें नौकरी से हटाने के फैसले का विरोध किया लेकिन उपराज्यपाल के कानों पर जूं नहीं रेंगी और उन्होंने 10 हजार से ज्यादा बस मार्शलों को नौकरी से निकाल दिया। सत्ता पक्ष के विधायकों के बाद विपक्ष के विधायकों ने भी हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष ने विजेंद्र गुप्ता और विपक्ष के अन्य सदस्यों को मार्शल आउट किया। उनके द्वारा बोली गई सभी बातों को सदन से कार्रवाई से निकाला गया।

### विधानसभा में कैग रिपोर्ट हो पेश: एलजी

**नई दिल्ली:** विधानसभा सत्र की शुरूआत के साथ ही एलजी वीके सक्सेना ने सीएम आतिशी को पत्र लिखकर एक बार फिर कैग की रिपोर्ट सदन पटल पर रखने को कहा है। यह रिपोर्टें वर्षों से लंबित है। इससे पूर्व भी एलजी ने तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल को इसके लिए पत्र लिखा था। एलजी ने पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि इन रिपोर्टों को चालू सत्र में पेश किया जाए। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आतिशी को लिखे पत्र में एलजी ने जिक्र किया है कि कैग की रिपोर्ट लगातार पेश करने के लिए लिखता रहा, लेकिन एक सरकार जो पारदर्शिता और जवाबदेही के मुद्दे पर सत्ता में आई थी।

सरकार पर अलग-अलग विभागों की 12 रिपोर्ट दबाने का आरोप

जानबूझकर खर्च की सार्वजनिक जांच से बच रही है।

## सिख दंगा: सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला टला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। राउज** एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद व आरोपित सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या के मामले में 16 दिसंबर को अपना फैसला सुना सकती है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए शुक्रवार को फैसला टाल दिया कि फैसला तैयार नहीं है। यह मामला सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की कथित हत्या से जुड़ा है। अदालत ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत 16 दिसंबर को सुना सकती है अपना फैसला

साल 1984 में सिख विरोधी दंगा से जुड़े एक मामले में राउज एवेन्यू की विशेष अदालत में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला टाल दिया। अदालत अब 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगी। दो लोगों की हत्या के मामले में सज्जन कुमार (ग्रंल्ल ङ४ं१) के खिलाफ आरोप तय करने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। सिख विरोध दंगा के दौरान सुल्तानपुरी में सुरजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धर्म, नस्ल आदि के आधार पर कई समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, किसी अपराध के लिए उकसाना, हत्या और दंगा कराने की कई धाराओं में मामला दर्ज हुआ था।

## दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर विधानसभा में गरजे अरविंद केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शक्रवार को केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर बरसे। दिल्ली विधानसभा में बोलते हुए केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार से दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है।उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमने स्कूल, अस्पताल, सड़कें और बिजली ठीक करने की जिम्मेदारी पूरी की है लेकिन केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली की कानून व्यवस्था संभाली नहीं जा रही है। दिल्ली में हत्याएं और बम ब्लास्ट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी-अभी मैं देख रहा था कि एक वकील कह रहे थे कि सड़क पर हाथ में मोबाइल फोन ले जाना मुश्किल है। आप मोबाइल फोन लो जाओगे, कोई ना कोई आपका मोबाइल छीन लेगा। दिल्ली में दुष्कर्म हो रहे हैं, मर्डर कर देते हैं। मैं यह एक अखबार लेकर आया हूं। दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर इसमें जानकारी दी गई है।

**दिल्ली में दर्जन भर गैंग सक्रिय हैं: केजरीवाल**

उन्होंने कहा कि आपके पड़ोस में गैंगवार शुरू हो गए हैं। ये लॉरेंस बिश्नोई कौन है? कैसे वह जेल में बैठ कर गैंग चला रहा है। इसके बारे में अमित शाह को बताना पड़ेगा। बिश्नोई गैंग, भाऊ ग्रैंड, गोगी गैंग... ऐसे दर्जन भर गैंग दिल्ली के अंदर सक्रिय हैं। कोई बता रहा था कि इन्होंने अपने एरिया बांट रखे हैं।

**केंद्र को घेरा**

**दिल्ली में आप मोबाइल फोन लो जाओगे, कोई ना कोई छीन लेगा: अरविंद केजरीवाल**

**लॉरेंस बिश्नोई गुजरात में बैठकर गैंग कैसे चला रहा है: केजरीवाल**

दिल्ली में कानून व्यवस्था का यह हाल हो गया है कि आज हर कोई डरा हुआ है। लोगों को वसूली के फोन आ रहे हैं। महिलाओं का रेप कर हत्या की जा रही है। लॉरेंस बिश्नोई की गैंग ने आतंक मचा रखा है। एक बात समझ नहीं आ रही कि लॉरेंस बिश्नोई इखढ शासित गुजरात की साबरमती जेल में बंद है तो वह जेल में रहकर अपनी गैंग कैसे चला रहा है? जब दिल्ली में मातायें गैंगवार में अपने बच्चों को खो रही थी। तब अमित शाह चुनावी रैलियां कर रहे थे। आज दुनिया में दिल्ली को 'गैंगस्टर कैपिटल' के नाम से जाना जाता है। अमित शाह जी जवाब दें कि क्यों दिल्ली में अपराधी इतना बेखौफ हो गए हैं? - अरविंद केजरीवाल

**दिल्ली में 20 हजार परिवार में 1832 अपराध के शिकार: सिसोदिया**

वहीं मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में हर 20,000 परिवार में से 1832 परिवार अपराध के शिकार हो रहे हैं। मतलब लगभग 10% दिल्ली के परिवार अपराध के शिकार हो रहे हैं और यह लोग जी-20 में कुछ नहीं हुआ, जी-20 में कुछ नहीं हुआ है, कर रहे हैं। लोग डर रहे हैं। धमकियां गोली बारी हो रही है।

**सदन में स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का मुद्दा उठा**

बीजेपी नेता विजेंद्र गुप्ता द्वारा विधानसभा सदन में आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट का मुद्दा उठाने पर सदन में हंगामा हो गया।

## प्रश्नकाल और नियम 280 को लेकर भाजपा ने किया वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के आखिरी सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने प्रश्नकाल और नियम 280 को लेकर सदन से वॉकआउट कर दिया। स्पीकर रामनिवास गोयल द्वारा नियम 280 के तहत उठाए जाने वाले मुद्दों को सूचीबद्ध सदस्यों द्वारा पढ़े जाने के रूप में घोषित किए जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने इस बात पर भी विरोध जताया कि तीन दिवसीय सत्र में प्रश्नकाल की व्यवस्था नहीं की गई है। हालांकि आज विधानसभा सत्र की शुरूआत पिछले साल बस मार्शलों को उनकी नौकरी से हटाए जाने के मुद्दे पर चर्चा से हुई। सदन से वॉकआउट करने के बाद नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में आम आदमी पार्टी की सरकार पर विपक्षी विधायकों की आवाज को दबाने का आरोप लगाया

**आवाज दबाया**

**आम आदमी पार्टी की सरकार पर विपक्षी विधायकों की आवाज को दबाने का आरोप लगाया**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को बुराड़ी विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की माताओं-बहनों को बहुत जल्द हजार-हजार रुपये मिलने चालू हो जाएंगे।

## आप विधायक को 17 मार्च को सुनाई जाएगी सजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कहा कि वह 2020 में दक्षिणी दिल्ली में एक डॉक्टर को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी आप विधायक प्रकाश जरवाल के खिलाफ 17 मार्च, 2025 को सजा का आदेश सुनाएगी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले को तब टाल दिया जब उन्हें बताया गया कि जरवाल ने अपनी सजा को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। न्यायाधीश शुक्रवार को सजा की मात्रा पर दलीलें सुनने वाली थीं। न्यायाधीश को आगे बताया गया कि हाईकोर्ट 6 मार्च, 2025 को उनकी अपील पर सुनवाई करेगा। 52 वर्षीय डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने 18 अप्रैल, 2020 को दुर्गा विहार में आत्महत्या कर ली थी। अदालत ने 28 फरवरी को देवली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जारवाल को दोषी ठहराया और कहा कि अभियोजन पक्ष ने उचित संदेह से परे उनके खिलाफ मामला साबित कर दिया है। न्यायाधीश ने उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के अलावा आपराधिक साजिश, जबरन वसूली और आपराधिक धमकी का दोषी ठहराया।

## स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में कम तीव्रता वाले विस्फोट होने की घटना के एक दिन बाद ही यहां के एक स्कूल को धमकी भरा ईमेल मिला है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल के किलोमीटर के दायरे में स्थित एक निजी स्कूल को शुक्रवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। उन्होंने बताया कि बाद में स्कूल परिसर में गहन तलाशी के बाद धमकी को अफवाह घोषित कर दिया गया। एक अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस को सुबह 10.57 बजे वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल (वीजीएस) में बम की धमकी वाले ईमेल के बारे में कॉल मिली। स्कूल उस जगह से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां गुरुवार को कम तीव्रता वाला विस्फोट हुआ था। स्कूल में करीब दो हजार बच्चे आए हुए थे। यहां करीब 2700 बच्चे पढ़ते हैं। 700 बच्चे ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं, जो स्कूल नहीं पहुंचे थे। दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड के साथ डीएफएस कर्मियों ने स्कूल के पूरे परिसर की जांच की और तलाशी ली।

**जांच**

**अधिकारी ने बताया कि पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड के साथ डीएफएस कर्मियों ने पूरे परिसर की जांच की**

## नए सदस्यों को आरपीआई से जोड़ने का लक्ष्य: रामदास



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि पार्टी ने आज सदस्यों को डिजिटल रूप से जोड़ने के लिए डिजिटल सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया है। आठवले ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को आम जनता से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को डिजिटल रूप से पार्टी से जोड़ने के लिए संकल्पित होना चाहिए। बैठक में आरपीआई को गांव गांव तक मजबूत कर आम जनमानस को केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) ने राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता करते हुए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. रामदास आठवले ने कहा कि सभी प्रदेशों के अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी पार्टी के वृहद सदस्यता अभियान में सक्रियता से भाग लेकर 2 करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य हासिल करे। आरपीआई (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ) बाबासाहेब के आदर्शों व विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है । रामदास आठवले ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता वृहत सदस्यता अभियान में सक्रियता से अपनी भागीदारी दे तथा ग्राम, ब्लॉक स्तर पर भी कमेटियां गठित कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। मा. रामदास आठवले ने कहा कि सदस्यता अभियान चलाकर देशभर में 2 करोड़ नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का हमारा लक्ष्य है।

## कलर विजन से पीड़ित आवेदकों को कांस्टेबल के रूप में नहीं किया जा सकता नियुक्त: दिल्ली हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने हाल ही में कहा है कि कलर विजन से पीड़ित आवेदकों को दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के इस निष्कर्ष से कोई इनकार नहीं किया जा सकता कि दोषपूर्ण रंग दृष्टि एक दोष है।

**कॉन्स्टेबल के रूप में नियुक्ति के लिए बनाता है अयोग्य-हाईकोर्ट**

ऐसे में याचिकाकर्ता स्पष्ट रूप से एक दोष से पीड़ित हैं। जो उन्हें दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल के रूप में नियुक्ति के लिए अयोग्य बनाता है। इस मामले में दिल्ली की उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि दिल्ली पुलिस सहित सुरक्षा बलों में उम्मीदवारों की मेडिकल फिटनेस के मानक नागरिक पदों के लिए आवेदन करने वालों की तुलना में अधिक सख्त और ऊंचे होने चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती देते हुए एक रिट याचिका के साथ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जिसके द्वारा उसने दिल्ली पुलिस में नियुक्ति की मांग करने वाले एक आवेदन पर विचार करने से इनकार कर दिया था। याचिकाकर्ताओं के वकील के माध्यम से दलील दी गई कि कलर विजन (दोषपूर्ण रंग दृष्टि) 'रंग अंधापन' नहीं है। इसलिए उन्हें दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए।

## किसानों की फिर से दिल्ली कूच की तैयारी, दूसरे दिन भी धरना जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/ग्रेटर नोएडा**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर तीन दिन महापड़ाव के बाद संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसान संगठनों ने बृहस्पतिवार को यमुना प्राधिकरण के खिलाफ हुंकार भरी। उनकी यह हुंकार दूसरे दिन भी जारी रही। ग्रेटर नोएडा से पैदल, ट्रैक्टर ट्रॉली, बाइक और चार पहिया वाहनों में सवार होकर प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हजारों किसान यमुना प्राधिकरण (यीडा) के कार्यालय पहुंचे। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए प्राधिकरण कार्यालय पर सुबह से ही पुलिस बल ने मोर्चा संभाल रखा था। गेट पर लगे बैरिकेड को तोड़ते हुए किसानों ने जैसे ही प्राधिकरण कार्यालय में प्रवेश करने का प्रयास किया, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस व किसानों के बीच नोकझोंक भी हुई।

**दो दिसंबर को किसान करेंगे दिल्ली कूच**

इसके बाद किसान पार्किंग स्थल में धरना देकर बैठ गए। किसानों ने यीडा कार्यालय की पार्किंग में टेंट लगाकर महापड़ाव शुरू कर दिया है। यह रविवार तक चलेगा। दो दिसंबर को किसान दिल्ली कूच करेंगे। बृहस्पतिवार करीब तीन बजे किसानों ने यमुना प्राधिकरण कार्यालय की ओर कूच किया।

सड़कों पर किसानों के पैदल मार्च और वाहनों के कारण परीचौक पर भी जाम की स्थिति बन गई। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होते हुए किसान यीडा कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस ने पहले से ही सड़क पर बैरिकेड लगा रखे थे। ट्रैक्टर ट्राली से बैरिकेड को तोड़ते हुए किसान प्राधिकरण कार्यालय के परिसर में दाखिल हो गए।

**प्रदर्शन**

**यीडा के खिलाफ किसानों ने भरी हुंकार किसान संगठन के**

**कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच हुई नोकझोंक**

किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पहले ही लोहे के चैनल को बंद कर दिया गया था। सर्विस रोड व मुख्य सड़क की एक साइड पर भी वाहनों के कारण आवाजाही ठप हो गई। आगे चल रही महिलाओं ने कार्यालय में प्रवेश की कोशिश की, लेकिन पुलिस व सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इसके बाद किसानों ने धरना शुरू कर दिया।

## देह व्यापार में एक गिरफ्तार, पांच को कराया मुक्त

**नई दिल्ली: दक्षिण** पश्चिमी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने देह व्यापार रैकेट का पदार्फाश करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। दक्षिण पश्चिमी जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि उक्त मामले में मुनिरका गांव से पांच लड़कियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने आरोपित के पास फर्जी ग्राहक भेजकर आरोपित को रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपित के पास से फर्जी ग्राहक द्वारा दिए गए दो हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं। आरोपित महिला की पहचान दिया बाला के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक इलाके में देह व्यापार रैकेट चलाए जाने की गुप्त सूचना मिली थी।

# हरियाणा 2030 तक बनेगा प्रदूषण मुक्त प्रदेश: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** राज्य में जल्द ही वर्ल्ड बैंक की सहायता से ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेंटर की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक अहम बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा विदेश सहयोग मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा के संकल्प पत्र में हरियाणा को वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक प्रमुख संकल्प है, जिससे युवाओं को एआई और आधुनिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एआई सेंटर की यह पहल हरियाणा प्रदेश को एआई अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाएगी। इस केंद्र की स्थापना से राज्य की



तकनीकी क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान मिलने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।
इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से हरियाणा में नदियों को आपस में जोड़ने के लिए भी एक व्यापक योजना तैयार करने का अनुरोध किया। वर्ल्ड बैंक ने भी इस दिशा में सहयोग के लिए गहरी रुचि व्यक्त की।
मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों को जोड़ने से राज्यभर में सिंचाई सुविधाओं में काफी सुधार होने और अमृत सरोवर योजना को लागू करने में मदद मिलेगी, जिसका उद्देश्य जल निकायों को पुनर्जीवित करना और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल भंडारण क्षमता को बढ़ाना है। इस योजना से बेहतर जल प्रबंधन सुनिश्चित करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता में सुधार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य से एक दल शीघ्र ही गुजरात में नदियों को आपस में जोड़ने की योजना का अध्ययन करने के लिए गुजरात का दौरा करेगा।

**वर्ल्ड बैंक के सहयोग से हरियाणा 2030 तक बनेगा प्रदूषण मुक्त प्रदेश**
बैठक में हरियाणा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए हरियाणा क्लीन ऐयर प्रोजेक्ट के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। इस पहल का उद्देश्य राज्य में सतत विकास को बढ़ावा देना और वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस योजना के तहत वर्ष 2030 तक हरियाणा को प्रदूषण मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग 3647 करोड़ रुपये के कुल परियोजना निवेश के साथ, वर्ल्ड बैंक ने परियोजना के कार्यान्वयन करने के लिए 2498 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। हरियाणा सरकार द्वारा 1066 करोड़ रुपये का योगदान दिया जाएगा और अनुदान के रूप में 83 करोड़ रुपये आवंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है। यह धनराशि वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों, सतत शहरी विकास और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने जैसी पहलों पर खर्च की जाएगी। हरियाणा क्लीन ऐयर प्रोजेक्ट को आगामी 6 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। इसके तहत 11 विभागों के सहयोग से हवा प्रबंधन के लिए क्षमता निर्माण, विभिन्न सेक्टरों में प्रदूषण से निपटान के उपाय सहित अन्य गतिविधियों को अपनाया जाएगा।
श्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के विकास और स्थिरता के लिए इन परियोजनाओं के महत्व पर जोर देते हुए विश्व बैंक के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए सभी प्रकार की अनुमतियां प्रदान करने में हर संभव सहयोग किया जाएगा।
उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से अनुरोध करते हुए कहा कि यह प्रयास किए जाएं कि परियोजनाओं के तहत तय किए गए लक्ष्यों के समय से पहले प्राप्त किया जा सके, ताकि हरियाणा जल्द से जल्द प्रदूषण मुक्त राज्य बन सके। उन्होंने कहा कि ये पहल न केवल हमारे नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाएंगी बल्कि हरियाणा को प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता में अग्रणी बनने की राह पर अग्रसर करेंगी।

**हरियाणा में आर्थिक विकास की अपार संभावनाएं- विश्व बैंक के कंट्री निदेशक**
भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक श्री अगस्टे टी. कौमे ने कहा कि हरियाणा में आर्थिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के नजदीक होने के कारण हरियाणा विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित करता है, जिससे यह निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। उन्होंने हरियाणा क्लीन ऐयर प्रोजेक्ट के लिए हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया और वर्ल्ड बैंक की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## बस चालकों, शिक्षकों व छात्रों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। बाल भवन** इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर शुक्रवार को गन्नौर जी टी रोड यातायात पुलिस चौकी प्रभारी शमशेर सिंह ने स्कूल बस के चालकों, शिक्षकों व छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। स्कूल पहुंचने पर प्रभारी को स्कूल के निदेशक बी.बी. गुप्ता व प्रधानाचार्या जय भारत गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। चौकी प्रभारी शमशेर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बस के ड्राइवरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि स्कूल बस के अंदर कभी भी क्षमता से ज्यादा विद्यार्थी नही होने चाहिए। बस के ड्राइवर और कंडक्टर हमेशा वर्दी में होने चाहिए। अगर चालकों ने यातायात नियमों के मुताबिक बस नहीं चलाई तो स्कूली बसों के चालान व उसे इंपाउंड किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि स्कूली बस में फर्स्ट एड बॉक्स, बच्चों की सुरक्षा के लिए लगी जाली या ग्रिल व चालक के अनुभवी होना बेहद जरूरी है। एक सप्ताह चले सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक किया और नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान काटे।

## न्यूज फ्लैश

### दो भाइयों पर लाठी व ईंट से हमला

**गन्नौर। समालखा के गांव** राक्सेड़ा स्थित खेत मे ट्यूबवैल पर बैठे भाइयों के साथ बाइक सवार युवकों ने गाली-गलौच कर मारपीट कर दी। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में घसौली निवासी सागर उर्फ लक्ष्य ने बताया कि वह 28 नवंबर की शाम को गांव राक्सेडा स्थित खेत मे अपने भाई रोहित व निखिल के साथ ट्यूबल पर बैठे थे। इस दौरान पीरगढ़ी निवासी काला अपने तीन दोस्तो के साथ बाइक पर आया और उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी है। जब वह जाने लगे तो चारों लड़कों ने उनका रास्ता रोक डंडों व ईंट से उन पर हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बदमाशों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर किया अपहरण का प्रयास, केस दर्ज

**गन्नौर: रेलवे रोड** स्थित अनाज मंडी के पास कार सवार बदमाशों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर उसका अपहरण करने की कोशिश की। दुकानदार किसी तरह उनके चंगुल से निकल गया। पीड़ित दुकानदार शौकीन ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में शास्त्री नगर निवासी शौकीन ने बताया की रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी के पास उसकी दुकान है। वह 27 नवबंर की शाम को दुकान पर था। इस दौरान 2-3 गाडियां दुकान के पास आ कर रुकी। गाड़ी से 10-12 लड़के लाठी डंडे लेकर उतरे और उसके व नौकरों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बदमाश उसे उठा कर अपनी गाड़ी में ले गए और दुकान के गल्ले से करीब 20 हजार रुपये की नकदी भी उठा ले गए। बदमाशो ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और दुकान में लगा कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गए। इस दौरान वह किसी तरह बदमाशों चंगुल से निकल कर शोर मचाया तो बदमाश जाते हुए उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। जल्द ही बदमाशों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वेस्ट मेटरियल को कलाकृति में बदलकर आत्मनिर्भर बनी नंदिनी

**चंडीगढ़: युवा होनहार** कलाकार नंदिनी ने वेस्ट मेटरियल को कलाकृति में बदलकर आत्मनिर्भर होने का उदाहरण पेश किया हैं। इस कलाकार की वॉल पेन्टिग, ऑयल पेंन्टिग व वेस्ट मेटरियल से बने डेकोरेटिव मॉडल पर्यटकों को अपनी तरफ सहजता से आकर्षित करते हैं। इस कलाकार को एमएसएमई विभाग ने कला का एक मंच दिया हैं। अहम पहलू है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा के स्मारक के प्रांगण में पहली बार प्रदर्शनी लगाई गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा युवा वर्ग को कुशल बनाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को अमलीजामा पहनाया गया हैं। इस योजना के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक रूप से मदद मुहैया करवाने का संकल्प एमएसएमई विभाग ने लिया हैं। इसी संकल्प को धरातल पर लाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी दिन-रात कार्य कर रहें हैं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रति संकल्प लेकर कार्य कर रहें हैं। इसी संकल्प के तहत ही अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में पहली बार तीन दिवसीय शिल्प मेला प्रदर्शिनी का आयोजन भारत रत्न गुलजारी लाल नन्दा स्मारक स्थल के प्रागंण में किया गया हैं। इसी शिल्प मेले में अम्बाला शहर जंडली की युवा कलाकार नंदिनी ने अपनी कला को सजाने का काम किया हैं। इस युवा कलाकार ने अपने निक नेम निक्की के साथ अपनी माता राज का नाम जोडकर निक्की राज क्रिऐशन का एक संस्थान तैयार किया हैं। हालांकि इस संस्था में तीन युवा कलाकार साथ जुड़े है। कलाकार नंदिनी ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि पिछले दो सालों से घर के वेस्ट मेटरियल को डेकोरेटिव मॉडल का रूप दे रही है। इस वेस्ट मेटरियल में कांच की बोतल, छोटे-छोटे डिब्बे व अन्य वेस्ट पदार्थो को कला का रूप देने का काम कर रही हैं। इन कलाकृतियों के साथ-साथ वॉल पेंन्टिग, ऑयल पेंन्टिग को कैनवस में उकरने का काम कर रही हैं। इस महोत्सव में मार्डन आर्ट को शामिल करते हुए भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर तैयार की है। इस तस्वीर को पर्यटक बहुत पसंद कर रहे हैं। इस कला के मंच को एक मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक अहम भूमिका अदा कर रही है।

## मुख्य मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: कुरुक्षेत्र में** चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि मुख्य मंच पर द्रौपदी के रुप में नजर आएंगी। यह फिल्म अभिनेत्री पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मे आएंगी। इस फिल्म अभिनेत्री ने स्वयं महोत्सव में आने का वीडियो क्लिप भी जारी किया है। अहम पहलू यह है कि फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि और उनकी टीम के सदस्य 11 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य मंच पर सायं के समय महाभारत पर आधारित नाटक द्रौपदी की प्रस्तुति देंगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में रोजाना सायं 6:30 बजे होने वाले मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शैडयूल जारी कर दिया गया है। इस वर्ष देश के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों और यात्रियों को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों के साथ जोड़ने और महाभारत के अहम यादगार लम्हों से रुबरु करवाने के विषय को लेकर सरकार की अनुमति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शेड्यूल तैयार किया गया है और फिल्म जगत के जाने-माने अभिनेता और अभिनेत्रियों को आमंत्रित किया गया है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम इस महोत्सव के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## मुख्य सचिव ने बैंकर्स से किया निष्क्रिय जन धन खातों को सक्रिय करने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने बैंकर्स से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.) के तहत निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही, लोगों को अपने बैंक खातों के लिए नॉमिनी बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाए। आज यहां राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एस.एल.बी.सी.) की 170वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डॉ. जोशी ने ऐसे लाभार्थियों को फिर से जोड़ने पर बल दिया, जिनके खाते लंबे समय से निष्क्रिय हैं। उन्होंने कहा कि इन निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने से खाताधारक पी.एम.जे.डी.वाई. के पूरे लाभ ले सकेंगे और इससे वित्तीय समावेशन के समग्र उद्देश्यों को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. जोशी ने बैंक खातों नॉमिनी न होने के कारण लोगों को पेश आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए बैंकर्स से आह्वान किया कि खाताधारकों की जमा पूंजी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से, उन्हें अपने खातों के लिए नॉमिनी बनाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूक किया जाए ताकि अप्रत्याशित परिस्थितियों में दावा प्रक्रिया को सुचारू बनाया जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनाकर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैंकर्स से हरियाणा के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और समावेशी विकास के उद्देश्य से की गई पहलों के प्रभाव को अधिकतम करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों का आह्वान किया।
उन्होंने बैंकर्स से पीएम सूरज किरण योजना के तहत ऋणों की स्वीकृति और वितरण में तेजी लाने का आग्रह किया। इस योजना का उद्देश्य घरों की छतों पर सौर पैनल लगाकर लोंगों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के अलावा, हरियाणा सरकार द्वारा भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

## मैरिज पैलेस के कारण परेशानी के लेकर दुकानदारों ने नपा सचिव को शिकायत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: नगरपालिका रोड** स्थित श्री राम मार्किट के दुकानदारों ने नगरपालिका के सामने मैरिज पैलेस की वजह से लगातार जाम की स्थिति से परेशान होकर नगरपालिका सचिव को शिकायत करते हुए समाधान की मांग की। सचिव को सौंपे ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि मैरिज पैलेस में जब शादी व अन्य कार्यक्रम होते है तो रोड पर जाम लग जाता है और शादी में आने वाले लोग अपने वाहनों को



उनकी दुकानों के बिल्कुल आगे खड़ा कर देते है। जिससे उनकी दुकानदारी तो प्रभावित होती ही है साथ में वे किसी को खड़ा करने के लिए मना करते है तो वे मारपीट तक उतर आते है। जिससे वे परेशान है। दुकानदारों ने कहा कि मैरिज पैलेस के लिए कोई भी पार्किंग की व्यवस्था नही है। जिससे विवाह के दिनों में दुकानदार बहुत परेशान होते है। आने जाने वाले यातायात में भी बाधा उत्पन्न होती है। दुकानों के आगे गाड़ियां खड़ी होने से व्यापार पर फर्क पड़ता है। उन्होंने बताया कि साथ ही तेज आवाज में डी.जे. बजाने से दिक्कत पैदा होती है। शादियों के कारण बाहर गंदगी भी फैली रहती है। सभी दुकानदार इस समस्या से निजात पाना चाहते हैं।

## 26 फरवरी से संचालित होंगी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं

**चंडीगढ़: हरियाणा विद्यालय** शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षाओं का अस्थाई शैडयूल जारी कर दिया गया है। ये परीक्षाएं 26 फरवरी, 2025 से संचालित होंगी। परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर शीघ्र ही अपलोड कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी समय-समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 26 फरवरी से आरम्भ होकर 28 मार्च, 2025 तक तथा सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ होकर 15 मार्च, 2025 तक चलेंगी।


## देश की खूबसूरती के दर्शन होते है कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर: मोहन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र: भाजपा के** प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर देश की खूबसूरती के दर्शन सहजता से किए जा सकते है। इस धरा को और खूबसूरत बनाने के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार लगातार बड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम कर रही है। इतना ही नहीं सरकार ने वर्ष 2016 से छोटे से गीता जयंती समारोह को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का बड़ा स्वरूप बनाने का काम किया है। इस महोत्सव से जहां देश के नागरिकों को धार्मिक मूल्यों से आत्मसात होने का अवसर मिल रहा है, वहीं आर्थिक रूप से लोग मजबूत हो रहे है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली शुक्रवार को देर सायं मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने प्रदेशवासियों को गीता महोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही कुरुक्षेत्र में होने वाले गीता जयंती के स्वरूप को वर्ष 2016 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का काम किया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र के विकास में भी चार चाँद लगाने का काम किया। इस पावन धरा ज्योतिसर पर विश्व स्तरीय संग्रहालय बनाने के लिए 206 करोड़ से ज्यादा का बजट उपलब्ध करवाने का काम किया। सरकार के इन प्रयासों से कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर लगातार श्रद्धालुओं की संख्या में ईजाफा हो रहा है और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है।
इस पावन धरा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को देश की प्राचीनतम संस्कृति, संस्कारों से रूबरू होने का एक अनोखा अवसर मिल रहा है।

## टायर फटने से ईको वैन का संतुलन बिगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** जीटी रोड पर चोखी ढाणी के सामने एक ईको वैन का टायर अचानक फट गया। टायर फटने से ईको वैन का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सर्विस रोड पर डिवाइडर से टकरा पर पलट गई। इस हादसे में ईको में सवार 8 व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें खानपुर मेडिकल रैफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बड़ी



औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मी पानीपत से कंपनी की ईको कार में बैठ कर कंपनी में आ रहे थे। गाड़ी में ईको वैन चालक समेत 8 लोग सवार थे। जब वह जीटी रोड पर चोखी ढाणी के सामने पहुंचे तो वैन का अचानक टायर फट गया। जिससे वैन का संतुलन अचानक बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने के कारण वैन सर्विस लेन पर बने डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में वैन में सवार सभी लोग घायल हो गए। वैन में पानीपत निवासी निरंजन, प्रदीप, चंद्र, रितेशन, दीपक, उपेंद्र, बिहौली निवासी आशीष व षिराज शामिल थे। सभी घायलों का उपचार अब खानपुर मेडिकल में चल रहा है। इस संबंध में गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल ने बताया कि पुलिस को मामले की जानकारी मिली थी। अभी इस मामले में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## राई इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन कार्यालय में 60 युवाओं को दिया रोजगार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। कौशल विकास** एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा राई औद्योगिक क्षेत्र में राई इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सोनीपत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा लगे रोजगार मेले में 168 विभिन्न पदों में से 60 आईटीआई पास छात्र व छात्राओं का रोजगार व अपरेंटिस के लिए चयन किया गया। आईटीआई की तरफ से राई इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा व अन्य सदस्यों का



आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन प्रधान राकेश छाबड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के विद्यार्थियों को जल्द रोजगार के मौके मिल रहे है। इसके लिए द्वारा सोनीपत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा रोजगार मेला लगाया जा रहा है। आज लगे रोजगार मेले मेले में एनएसक्यूएफ के तहत विभिन्न कोर्स कर चुके विद्यार्थियों को शामिल होने का मौका मिलेगा।

## महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक: सोनिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/**
**सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**हरियाणा** राज्य महिला आयोग द्वारा शुक्रवार को जिला सोनीपत ब्लॉक खरखौदा के गाँव चौलका व गाँव पीपली में कानूनी व साईबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त एवं आत्म निर्भर तथा सुरक्षित बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई है। हरियाणा राज्य महिला आयोग महिलाओं के हितों की रक्षा के




लिए वचनबद्ध है। इस लिए महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों व योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए। आमजन व महिलाओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक होना चाहिए और मोबाइल, ई-मेल आदि की व्यक्तिगत जानकारी अनजान आदमी से साझा नहीं करनी चाहिए। ई-मेल आदि का समय-समय पर पासवर्ड भी बदलता रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी सहायता, साइबर क्राइम आदि बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। कोई भी प्रभावित महिला अपनी पहचान छुपा कर न्याय के लिए शिकायत कर सकती है। प्रत्येक जरूरतमंद महिला को कानूनी प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता दी जाती है और महिलाओं के लिए एक ही छत के नीचे सभी सहायता दी जाती है। इसके जिला में वन स्टाप सेंटर व महिला थानों की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। साइबर क्राइम एक ऐसा क्राइम है जिसमें कुछ अपराधी आपके फोन और इंटरनेट में कुछ अलग प्रकार के सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके साइबर क्राइम को अंजाम देते है। साइबर क्राइम के अन्तर्गत अपराधी आपके फोन या लैपटॉप के सॉफ्टवेयर से अपने सॉफ्टवेयर को जोड़ देते है और उसके बाद आपके बिजनेस से जुड़ी सभी जानकारी, बैंक आदि महत्वपूर्ण व संवेदनशील जानकारी चुरा कर कोई भी ऑनलाईन फ्रॉड आदि अपराध को अंजाम देते है। साइबर क्राइम के तहत अपराधी आपकी निजी पहचान तक चुरा लेते है और इसे अपराध के तहत छोटे बच्चों को भी गलत मार्गदर्शन प्रदान करते है।
यदि किसी के साथ किसी प्रकार की साइबर अपराध घटित हो जाता है तो घबराएं नहीं तुरंत राष्ट्रीय साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करे।

# मंत्री बेदी ने विधायक जगमोहन आनंद को बेटी की शादी के लिए दी शुभकामनाएं

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा के** सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने करनाल प्रवास के दौरान विधायक जगमोहन आनंद के सैक्टर-13 स्थित निवास पर पहुंचकर बेटी की शादी के लिए परिजनों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस मौके पर मंत्री ने बेटी देवना को अपना आशीर्वाद दिया और उनके सफल गृहस्थ जीवन की मंगलमय कामना की। इस मौके पर भाजपा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता, भाजपा नेता शमशेर नैन सहित विधायक के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। कृष्ण बेदी ने कहा कि विधायक जगमोहन आनंद उनके साथ एक लंबे समय से जुड़े हुए हैं और पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी



का कार्य किया है। उन्होंने जगमोहन को विधायक चुने जाने पर करनाल की जनता का आभार प्रकट किया और कहा कि पार्टी के समर्पित सिपाही को जनसेवा करने का मौका दिया। विधायक जगमोहन आनंद ने मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मंत्री कृष्ण बेदी पार्टी के एक अनुभवी नेता हैं, हाल ही में आयोजित हरियाणा विधानसभा के अंदर इनका उद्बोधन सुनकर मन आनंदित हो उठा तथा मंत्री से कुछ सीखने को भी मिला। आगे भी इनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों के साथ-साथ हर वर्ग की तरक्की व खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। हरियाणा प्रदेश में फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। किसानों के खेतों में अंतिम टेल तक पानी पहुंचाने का काम किया जिसके फलस्वरूप कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है और किसानों की आमदनी बढ़ रही है। किसानों के खाते में फसलों की पेमेंट 24 घंटे में उनके खाते में भेजने का काम किया। इतना ही नहीं 24 घंटे बिजली देने का काम भी हरियाणा सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार किसानों की बेहतरी के लिए और अच्छा कार्य करती रहेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि किसान आंदोलन की जरूरत हरियाणा में नहीं, बल्कि पंजाब में है, जहां पर न तो किसानों की फसल को समय पर खरीदा जा रहा है और न ही समय पर पेमेंट की अदायगी की जा रही है और न ही पर्याप्त मात्रा में बिजली दी जा रही है।

**9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा दौरे पर, जनता को देंगे बड़ी सौगात: कृष्ण बेदी**

कृष्ण कुमार बेदी ने मीडिया के प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को हरियाणा दौरे पर आ रहे हैं और पानीपत की ऐतिहासिक धरा पर प्रदेश की जनता को एक बहुत बड़ी सौगात देंगे। उन्होंने याद दिलाया कि पानीपत की धरती से ही प्रधानमंत्री ने 'बेटी बचाओ-पढ़ाओ अभियान शुरू किया था और अब इसी धरा से महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की दिशा में 'बीमा सखी योजना' की शुरूआत करेंगे।

# धार्मिक संस्थाएं इंसानियत का देती हैं संदेश : मंत्री कृष्ण बेदी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा के** सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि धार्मिक संस्थाएं समाज को नई दिशा दिखाती हैं और इंसानियत का संदेश देती हैं। संस्थाएं लोगों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और सही रास्ता दिखाकर उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य कर रही हैं। इतना ही नहीं सामाजिक बुराइयों को दूर करने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। इन संस्थाओं में से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था भी एक है। मंत्री कृष्ण बेदी आज करनाल दौरे के दौरान सेक्टर 9 स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। संस्था की ओर से मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। मंत्री ने आश्रम में ध्यान लगाया और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज



ऐसे पवित्र धाम में ध्यान करने का मौका मिला है। मैं इस संस्था से पिछले 30-40 वर्षों से जुड़ा हुआ हूं। इस संस्थान में आकर अलग ही तरह की आध्यात्मिक अनुभूति होती है। इस संस्थान ने आध्यात्मिक क्रांति लाने का काम किया है। उन्होंने ब्रह्मकुमारी आश्रम के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 1 लाख 51 हजार रुपए की राशि अनुदान के रूप में देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं अंधकार में डूबे लोगों के जीवन में प्रकाश लाने का काम करती हैं। सामाजिक संस्थाएं समाज में फैली बुराइयों को खत्म करना अपना ध्येय समझती हैं। प्रजापिता ब्रह्म कुमारी आश्रम भी न केवल लोगों में जागरूकता ला रही है, बल्कि सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में अहम भूमिका निभा रही है।

ब्रह्मकुमारी आश्रम की प्रभारी बीके निर्मल दीदी ने मंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने इस संस्थान में आने के निमंत्रण को तुरंत प्रभाव से न केवल स्वीकार किया बल्कि पिछले तीन चार दिन के अंदर ही आज अपने संकल्प को पूरा कर दिया।

# बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी: प्रवीण



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा राज्य** बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीन जोशी की अध्यक्षता मे पंचायत भवन में पोक्सो अधिनियम 2012 तथा बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोग के सदस्यगण मांगे राम, गणेश कुमार, अनिल कुमार और सुमन राणा तथा तथा करनाल, कैथल, सोनीपत व पानीपत के जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग जिला न्यायवादी, बाल सुरक्षा सलाहकार दिनेश शर्मा व प्रशासनिक सलाहकार निर्मल चहल भी उपस्थित रहे। मीटिंग में पोक्सो मामलों के प्रभावी समाधान और जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने बताया कि पोक्सो एक्ट यह कानून 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है, चाहे वह लडका हो या लडकी। अधिनियम बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षा प्रदान करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों को सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और स्टेकहोल्डर्स से आग्रह किया कि वे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान करनाल, कैथल, सोनीपत व पानीपत के बाल संरक्षण अधिकारियों, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति तथा महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारियों द्वारा पॉक्सो एक्ट व बाल विवाह अधिनियम को लागू करने में विभाग द्वारा जो भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्याः उपायुक्त उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। जिला में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। नशा जैसी सामाजिक बुराई से छुटकारा पाने के लिए सभी का समन्वय आवश्यक है। इसलिए सभी विभाग नशे की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाएं व जिन युवाओं को नशे की लत लग चुकी है, उन्हें नशा छुड़वाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा-मुक्ति कार्यक्रमों व जागरूकता अभियानों में ग्राम



पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अगले दो महीने में सभी गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। उपायुक्त उत्तम सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय एनकोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि धाकड़ कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों में नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया जाए और स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के समय समय पर बैग चेक किए जाएं। अगर किसी बच्चे के पास कोई नशीला पदार्थ पाया जाता है तो इसकी सूचना उसके माता-पिता को दें व उस बच्चे को उचित काउंसिलिंग दिलवाई जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी नशा मुक्ति केंद्रों की संयुक्त जांच एसडीएम के निर्देशानुसार की जाए। उप-पुलिस अधीक्षक तथा जिला न्यायवादी को निर्देश देते हुए कहा कि एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत दर्ज किए गए केसों तथा जब्त की गई नशे की सामग्री की विस्तृत रिपोर्ट व कुल विचाराधीन मामलों की पूर्ण रिपोर्ट बनाकर बैठक में प्रस्तुत करें।

# नवविवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। शहर की एक** कालोनी से संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता लापता हो गई। महिला की शादी को एक महीना भी नहीं हुआ था। वह घर से बिना बताए निकली और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने महिला की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। करनाल के सेक्टर-4 पुलिस चौकी में पीड़ित ने अपनी पत्नी के लापता होने की शिकायत दी है, जिसमें उसने बताया है कि उसकी शादी बीते 29 अक्तूबर को हुई थी। घर में सब कुछ सही चल रहा था, किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं थी। उसकी पत्नी 27 नवंबर की सुबह 11.30 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई।पीड़ित पति व उसके परिजनों ने आसपास के एरिया में विवाहिता की तलाश की। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए, लेकिन वह कहीं भी नजर नहीं आई। जांच अधिकारी विकास ने बताया कि नवविवाहिता के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही महिला का सुराग लगा लिया जाएगा, तलाश जारी है।

# नाकाबंदी के दौरान दो युवक अवैध एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

**सीआईए टू पुलिस टीम ने** चौटाला रोड पर नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को अवैध एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान संजीव निवासी अशोक नगर तहसील कैंप व मोहन निवासी राजीव पुरम करनाल के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत सीआईए टू की एक टीम वीरवार देर शाम को चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखे हुए थी। टीम को इसी दौरान छाजपुर गांव की और से दो संदिग्ध किस्म के युवक पैदल आते हुए दिखाई दिए। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज तेज कदमों से चलने लगे। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान संजीव पुत्र रामसरूप निवासी अशोक नगर तहसील कैंप व मोहन पुत्र भोलाराम निवासी राजीव पुरम करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर संजीव की पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल देशी 315 बोर व मोहन की पेंट की जेब से एक जिंदा रौंद बरामद हुआ।

# चांद सराय और डेहा बस्ती में चलाया गया स्वच्छता अभियान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। स्वच्छ भारत** मिशन और नगर निगम द्वारा शहर के वार्ड नंबर 6 चांद सराय इलाके में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने वार्ड में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। इस अभियान के दौरान निगम कमिश्नर डॉ वैशाली शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रही। समाजसेवी, भाजपा नेताओं, स्वच्छता स्वयंसेवकों की टीम व सफाई कर्मियों के साथ इन्होंने सुबह सात बजे हाथों में झाड़ू लेकर क्षेत्र में गलियों नालियों की सफाई की। इस अभियान में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया और क्षेत्र की सफाई की। कालोनी वासियों को संदेश देते हुए सुभाष चंद्र ने कहा कि



इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज हम यहाँ स्वच्छता अभियान के लिए एकत्रित हुए हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमें अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ स्वच्छता हमारी भी जिम्मेदारी है। यह हमारे स्वास्थ्य, हमारे पर्यावरण, और हमारे समाज के विकास के लिए आवश्यक है। लेकिन स्वच्छता केवल हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर काम करना होगा। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए नियमित रूप से काम करना होगा। आज हमारी टीम ने जो संदेश दिया है वह केवल प्रतीकात्मक है बाकी दिन क्षेत्र के लोगों को स्वयं ही यहां साफ सफाई रखनी पड़ेगी।

# नेशनल पाइट क्वेस्ट में जींद और सोनीपत की टीम रही श्रेष्ठ

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

**पानीपत इंस्टीट्यूट** ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में आयोजित नेशनल पाइट क्वेस्ट में जींद और सोनीपत की टीम श्रेष्ठ रही। जींद के हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के केशव और सोनीपत के रिषिकुल विद्यापीठ स्कूल के प्रांजल ने पहला स्थान हासिल किया। दोनों को एक-एक ई एक्टिवा और 7 लाख 87 हजार 200 की स्कॉलरशिप दी गई। गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने विजेताओं को सम्मानित किया। देवेंद्र कादियान ने कहा कि सफलता के लिए कोई शार्टकट नहीं होता है। पाइट कॉलेज में पांच हजार से





अधिक बच्चों ने यहां तक पहुंचकर साबित किया है कि हरियाणा के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज का समग्र विकास किया जा सकता है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि पंद्रह साल से पाइट क्वेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा के अलावा देशभर के दूसरे राज्यों के बच्चे भाग लेते हैं। इस क्वेस्ट के माध्यम से प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को सौ प्रति स्कॉलरशिप दी जाती है। इसका मकसद ये है कि आर्थिक अभाव में कोई प्रतिभाशाली बच्चा उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। सचिव सुरेश तायल ने बताया कि स्कूलों में 11वीं और 12वीं के बच्चों के टेस्ट के बाद चयनित छात्र-छात्राओं का पाइट में एक टेस्ट होता है। उनमें से चयनित 12 छात्रों को फाइनल राउंड में भेजा जाता है। कन्वीनर अमित दुबे ने बताया कि इस बार 70 हजार से अधिक बच्चों ने परीक्षा दी। करीब छह हजार बच्चे आगे रहे। पांच हजार से अधिक बच्चे कॉलेज पहुंचे। विजेताओं को चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा ने भी सम्मानित किया।

**ये रहे विजेता**

टीम कल्पना से हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद के केशव और रिषिकुल विद्यापीठ स्कूल सोनीपत के प्रांजल प्रथम रहे। दोनों को एक-एक इलेक्ट्रिक स्कूटर, 7 लाख 87 हजार 200 की स्कॉलरशिप दी गई। टीम आर्य भट्ट द्वितीय रही। गीता निकेतन कुरुक्षेत्र के अनिकेत और राइजिंग सन स्कूल घरौंडा से प्रीति को एक-एक लैपटॉप और 3 लाख 93 हजार 600 की स्कॉलरशिप दी गई। आइंस्टीन टीम तृतीय रही। बाल विकास स्कूल पानीपत की दीया और एसडीएमन स्कूल नीलोखेड़ी से मोक्ष को एक-एक टैबलेट एवं 1 लाख 96 हजार 800 की स्कॉलरशिप दी गई। टीम न्यूटन चौथे स्थान पर रही। पायनर स्कूल सफीदों से हीना और विश्वकर्मा स्कूल रोहतक से पवन को एक-एक लेजर प्रिंटर एवं 78720 की स्कॉलरशिप दी गई।

## पीएमएफएमई योजना बेरोजगारों को स्वरोजगार में मददगार

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने में लाभकारी साबित होती जा रही है। विभिन्न योजनाओं के तहत व्यक्तिगत तौर पर पुरुष, महिला, किसान उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह व सहकारी समिति ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि स्वयं सहायता समूह को मशीन की खरीद के लिए प्रत्येक सदस्य के हिसाब से 40 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है।

# 218 ग्राम गांजा समेत दो नशा तस्कर गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा** राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट करनाल ने खास मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कुंजपुरा एरिया से दो नशा तस्करों सुरेन्द्र शर्मा पुत्र साहब सिंह वासी गांव चौचडा व मंगल गिरी वासी शिव मंदिर चौचडा को काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपियों के कब्जे से 218 ग्राम गांजा बरामद की गई। इस संबंध में थाना कुंजपुरा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया और आगामी तफतीश थाना कुंजपुरा को सौंपी गई। हरियाणा एनसीबी यूनिट करनाल प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा में नशे का



व्यापार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ साथ आम जन से अपील करते हुए बताया कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई देता है तो बेफिक्र होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर नंबर 90508-91508 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम पता पूर्णतया गुप्त रखा जाएगा।

# हर कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार समाधान शिविरों का आयोजन हर कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें आमजन समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविरों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की और समाधान शिविर में आए आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं के निवारण को लेकर फीडबैक लिया। वीसी के दौरान मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित



करें तथा आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान निकालें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परिवार पहचान पत्र को हरियाणा सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। पात्र व्यक्तियों को अब ऑनलाइन ही योजना का लाभ घर बैठे मिल रहा है। इसलिए परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं जैसे आय, जाति, रिहायशी प्रमाण पत्र, राशन कार्ड बनवाने के अलावा वृद्धावस्था पेंशन भत्ता सहित अन्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से समाधान कर तथा जो समस्याएं मुख्यालय चंडीगढ़ से संबंधित हैं, उन्हे हाइलाइट करके मुख्यमंत्री कार्यालय भेजें, ताकि उनका समाधान करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी समस्याएं जिन्हें रद्द कर दिया जाता है, उनके रद्द होने का कारण जरूर जांचें, ताकि इन समस्याओं पर भी संज्ञान लिया जा सके।

**वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह ने समाधान शिविर में लोगों से किया संवाद**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नगर निगम में आयोजित समाधान शिविर में वीसी के माध्यम से जुड़े व समस्या के निराकरण के लिए आए लोगों से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करनाल निवासी निखिल व गौरव से बात की और उनकी समस्याओं के बारे में जाना। निखिल व गौरव ने बताया कि उनकी समस्या प्रॉपर्टी आईडी को लेकर थी, जिसका समाधान आज के शिविर में हो गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया कि यह सब लगातार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की बदौलत ही आज जनता की समस्याओं का जल्द समाधान हो रहा है।

**मुख्यमंत्री स्वयं करते हैं समाधान शिविर की मॉनिटरिंग : मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव विवेक जोशी ने वीसी के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग करते हैं तथा किसी से सीधा संवाद कर सकते हैं। इसलिए, आयोजित शिविरों में टीवी स्क्रीन व माइक की व्यवस्था हो, ताकि सीएम को शिविरों में आए लोगों से बात करने में किसी प्रकार की समस्या न हो।

## संपादकीय

# भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

**रक्षा** अनुसंधान और विकास संगठन ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से उड़ाई गई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में एक महत्त्वपूर्ण अतिरिक्त है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक सार्वभौमिक वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है, एक सार्वभौमिक वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करके, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसके प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उन्हें पता लगाना और रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा में भेदने में रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में। भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में आयोजित पहला परीक्षण एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से किया गया और यह एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी, क्योंकि मिसाइल ने योजना के अनुसार प्रदर्शन किया और सभी प्राथमिक मिशन लक्ष्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पर रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और इसके उड़ान पथ के साथ लगाए गए टेलीमेट्री उपकरण सहित सेंसर की एक सरणी का उपयोग करके बारीकी से निगरानी की गई थी।

# क्या सचमुच आग से नहीं खेल रही सरकार ?

राकेश अचल

> नूपुर शर्मा के मामले में कतर और दोहा के अलावा आईओसी ने भी तीखी प्रतिक्रिया जताई थी। अजमेर शरीफ के मामले में भी यही सब हो सकता है ,क्योंकि अजमेर शरीफ दुनिया भर के मुसलमानों की आस्था का केंद्र है।
> अभी वक्त है कि केंद्र सरकार आगे बढ़कर इस मामले को अपने हाथों में ले। अभी वक्त है कि देश का सर्वोच्च न्यायालय इस विषय में स्वत :संज्ञान ले और अधीनस्थ न्यायालयों को इस तरह की याचिकाओं को स्वीकार करने और सुनने तथा निर्देश देने से रोके। हमें बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के मामले में दखल देने का हक तभी बनेगा जब हम अपने देश में अल्पसंख्यक मुसलमानों के हितों,और मान सम्मान की रक्षा करते हुए दिखाई देंगे। फिलवक्त तो हमारी सरकार,हमारी सरकारी पार्टी का आचरण अल्पसंख्यक विरोधी है

जब किसी देश की सरकार मंजे हुए खिलाड़ी चला रहे हों तो वहां कोई भी खेल खेला जा सकता है। सरकार जनादेश से ,जन भावनाओं से ,कानून से ही नहीं बल्कि ' आग ' से भी खेल रही है। ये खेल संसद के भीतर भी जारी है और संसद के भीतर भी। अब केवल देश की सबसे बड़ी अदालत ही इस आग को बुझाने के लिए अपनी और से ' दमकल ' बन सकती है ,अन्यथा देश आज नहीं तो कल जलेगा ही ,क्योंकि ' जमालो ' तो भूसे के ढेर में पलीता लगा ही चुकी है। संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को फिलहाल बहस के लिए न रखते हुए इसकी समीक्षा के लिए बनाई गयी संयुक्त संसदीय समिति [ जे पीसी]का कार्यकाल बढ़कर यदि सरकार ने एक कदम पीछे खींचा है तो वहीं दूसरी तरफ अजमेर शरीफ दरगाह के मामले में चुप्पी साधकर एक कदम आगे भी बढ़ा दिया है। अब इस मामले में 'सूप' तो 'सूप' धीरेन्द्र शास्त्री जैसी ' छलनियाँ ' भी बोलने लगीं हैं । उनका कहना है कि अजमेर में यदि शिवालय था तो वहां दोबारा प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। आपको याद रखना होगा कि सद्भावना के भूसे के ढेर में पलीता लगाने का काम आज का नहीं बल्कि बहुत पुराना है।

देश को लगता था कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद की विध्वंश और वहां भव्य राम मंदिर बनने के बाद मुस्लिम विरोधी अभियान रुक जाएगा ,लेकिन ये आशंका निर्मूल साबित हुई । उत्तर प्रदेश समेत भाजपा की तमाम डबल इंजिन की सरकारों ने अलग-अलग तरीके से इस अभियान को अंजाम देना शुरू कर दिय। कभी मस्जिदों में जाने वालों को फर्जी मुठभेड़ों में मार दिया गया तो कभी उनकी बस्तियों पर बुलडोजर चला दिए गए । कभी किसी इबादतगाह का सर्वे करने के नाम पर वहाँ आतंक फैलाने की कोशिश की गयी ,तो कभी अल्पसंख्यकों के वक्फ बोर्ड को निशाने पर ले लिए गया।

आपको नूपर शर्मा का मामला याद है न ? दो साल पहले जो काम नूपुर शर्मा ने किया था वो ही काम आजकल अयोध्या के बाद सम्भल ,बनारस और अजमेर में दूसरे लोग कर रहे हैं। अदालतें उनका



साथ दे रहीं हैं। पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा नेता रहीं नूपुर शर्मा को को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई थी। वे अलग-अलग राज्यों मेंअपने खिलाफ दर्ज मामलों को दिल्ली ट्रांसफर करने की अपील लेकर सर्वोच्च न्यायलट पहुंचीं थीं। सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा पर तल्ख टिप्पणियांकरते हुए कहा था कि उन्हें टीवी पर आकर देश से माफी मांगनी चाहि। नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी को सुप्रीम कोर्ट ने ह्यव्यथित करने वालीह्न टिप्पणी करार दिया और कहा कि इस बयान के कारण ही देश में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुईं.। बाद में नूपुर ने तमाम ना-नुकुर के बाद देश से ,दुनिया से माफी मांगी थी । आजकल वे कहाँ हैं कोई नहीं जानता।

सम्भल में मस्जिद के सर्वे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँच गया है । मुमकिन है कि कल अजमेर शरीफ में खुजा मुईनुद्दीन चिश्ती साहब की दरगाह के सर्वे का मामला भी सुप्रीम कोर्ट आ जाये। अब ये देश की सबसे बड़ी अदालत पर है कि वो इस आग को बढ़ने से रोकती है या फिर अल्पसंख्यकों के पूजाघरों के सर्वे के मामले में फैसला देने से पहले भगवान से मार्गदर्शन मांगती है। अदालत आग से खेल रही सरकार की मुश्कें बाँध नहीं पा रही। हबीब गंज से लेकर काले खान की सराय तक के नाम सरकार ने बदल दिए ,लेकिन किसी अदालत ने कुछ नहीं कहा ,क्योंकि ये सरकार के अधिकार क्षेत्र का मामला मान लिया गया ,लेकिन अजमेर का मामला हबीबगंज रेलवे स्टेशन और काले खान सराय के नाम बदलने का नहीं है।

वक्फ बिल पर जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष सिद्दिकउल्ला चौधरी ने सरकार को आगाह हुए कहा कि सरकार आग से खेलना बंद करे. उन्होंने कहा, ह्ये मुसलमानों के हक को छीनना चाहते हैं और वक्फ बोर्ड को छीनकर खाना चाहते हैं. ये प्रधानमंत्री के अंदर नहीं आता है. आग से खेलना बंद करें. हम पुरजोर तरीके से इस बिल का विरोध करते हैं. वे मुल्क का बंटवारा करना चाहते हैं. हमलोग एक होकर लड़ेंगे। जाहिर है की सरकारी पार्टी कि कार्यकर्ता सीधे ्र सर्कार पीछे से देश को गरियुद्ध की आग में धकेलना चाहती है। मणिपुर पहले से जल रहा है ,अब पूरे देश को मणिपुर बनाने की तैयारी है। ह्नदरअसल सरकार नूपुर शर्मा के मामले से भी सबक नहीं ले पायी है । नूपुर शर्मा के मामले में कतर और दोहा के अलावा आईओसी ने भी तीखी प्रतिक्रिया जताई थी। अजमेर शरीफ के मामले में भी यही सब हो सकता है ,क्योंकि अजमेर शरीफ दुनिया भर के मुसलमानों की आस्था का केंद्र है।

अभी वक्त है कि केंद्र सरकार आगे बढ़कर इस मामले को अपने हाथों में ले। अभी वक्त है कि देश का सर्वोच्च न्यायालय इस विषय में स्वत :संज्ञान ले और अधीनस्थ न्यायालयों को इस तरह की याचिकाओं को स्वीकार करने और सुनने तथा निर्देश देने से रोके। हमें बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के मामले में दखल देने का हक तभी बनेगा जब हम अपने देश में अल्पसंख्यक मुसलमानों के हितों,और मान सम्मान की रक्षा करते हुए दिखाई देंगे। फिलवक्त तो हमारी सरकार,हमारी सरकारी पार्टी का आचरण अल्पसंख्यक विरोधी है। सरकार और सरकारी पार्टी चुनावों में ' बटोगे तो कटोगे ' का नारा देकर तो अपना असली चेहरा दिखा ही चुकी है। अब देखते हैं कि सुप्रीम कोर्ट इस आग को फैलने से किस तरह रोकता है ? अजमेर की शांति भंग करने की कोशिशों को राजस्थान की पंडित भजनलाल शर्मा सरकार तो रोक नहीं सकती। भजनलाल भी लगता है की राजस्थान को उत्तरप्रदेश की तर्ज पर चलना चाहते हैं।

आपको एक बात और बता दूँ की यदि अजमेर की दरगाह सर्वधर्म की मिसाल न होती तो देश में कोई हिन्दू अपने बच्चों का नाम मुंशी अजमेरी या अजमेरी लाल न रखता। जो लोग अजमेर को मुस्लिम नाम या संज्ञा समझते हैं उन्हें मै बता दूँ कि यह नगर सातवीं शताब्दी में अजयराज सिंह नामक एक चौहान राजा द्वारा बसाया गया था। इस नगर का मूल नाम 'अजयमेरु' था। सन् 1365 में मेवाड़ के शासक, 1556 में अकबर और 1770 से 1880 तक मेवाड़ तथा मारवाड़ के अनेक शासकों द्वारा शासित होकर अंत में 1881 में यह अंग्रेजों के आधिपत्य में चला गया। अजमेर में अकेले ख्वाजा साहब की ही दरगाह नहीं है जैन मंदिर भी है,और हिन्दू मंदिर भी ,दुनिया वाले अजमेर को भारत का मक्का, अंडो की टोकरी, राजस्थान का हृदय भी मानते है। सरकार और सरकारी पार्टी इसे माने या न माने क्या फर्क पड़ता है ? भाजपा को अपने पितृ पुरुष स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी से कुछ सीखना चाहिए। आज कि प्रधानमंत्री को अल्पसंख्यकों कि मन में भरोसा जगाने कि लिए अटल जी की तरह अजमेर जाकर ताजा मसले को हल करना चाहिए।

## कविता

### सर्वशिक्षा अभियान*

सबको शिक्षा सबको ज्ञान
यही है हमारा अभियान
प्रतिदिन पढ़ने जाना है
लड़का हो या लड़की हो
अमीर हो गरीब हो
सभी को है शिक्षा का हक
सबको स्कूल आना है
यही ध्येय हमारा है
शिक्षा की लहर पूरे देश में फैली
बाबू पढ़ लो बहना पढ़ लो
शिक्षा है अनमोल रतन
पढ लिखकर तुम करो जतन
विज्ञान कला साहित्य को जानो
संस्कार को तुम मानो
जाओ स्कूल बढ़ेगा ज्ञान
समाज में बढ़ेगा मान
सब पढ़ें सब बढ़ें
यही है सर्वशिक्षा अभियान।

मनोज कौशल

# चाय पर राजनीति

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**यह** एक छोटे से गाँव का दृश्य था, जहाँ हर बात पर गहमा-गहमी मचती थी, लेकिन सबसे ज्यादा शोर उस चाय की दुकान पर होता था, जहाँ हर किसी की राय बनती और हर विवाद का समाधान मिलता था। चाय न हो, तो यहां का माहौल अधूरा रहता। और यदि चाय हो, तो भले ही हलचल हो, मगर समस्या सुलझती नहीं। गाँव के चौक पर स्थित एक छोटी सी चाय की दुकान थी, जिसका मालिक रामनाथ, न केवल चाय बनाने में माहिर था, बल्कि राजनीति के गहरे घाघ भी थे। हर दिन सुबह-सुबह वह अपने दुकानदार मित्रों को "चाय पर राजनीति" का पाठ पढ़ाते। हर एक चर्चा का अंतिम निष्कर्ष यही होता कि अगर नेताओं को चाय पर बुला लिया जाए तो हर समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने कभी भी किसी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया, सिर्फ उसे घुमा-फिराकर हल कर दिया। आज भी कुछ ऐसा ही हो रहा था। चाय की दुकानदारों की टोली (जिसमें विशेष रूप से पन्नालाल और सत्तू थे) और गाँव के कुछ "महान" नागरिक रामनाथ के चाय के प्यालों के आस-पास घेरा डाले बैठे थे, और बड़े आराम से एक राष्ट्रीय संकट पर चर्चा कर रहे थे। "क्या तुम जानते हो, सत्तू भाई?" पन्नालाल ने जैसे ही सवाल पूछा, उसकी आँखों में एक उत्साही भाव था, "अगर हमारे गाँव के नेता चुनावी बहस में हारे, तो क्या होगा?" सत्तू ने अपनी चाय की प्याली को एक कश लिया और कहा, "पन्नालाल भाई, चुनाव तो वैसे भी हमारे गाँव में एक खेल बन गया है। एक महीने पहले जो 'नेता' थे, वे अब चायवाले बन गए हैं, और जो चायवाले थे, वे अब नेता बन गए हैं।" रामनाथ ने मुस्कुराते हुए कहा, "अरे! यह तो हमारा ही गाँव है। यहाँ नेता बनने का यही तरीका है। बस चुनाव से पहले थोड़ा सा शेर बनने का ढोंग करो, और बाद में बकरा बनकर गाँववालों से मिन्नतें करो।" सत्तू ने इसे गंभीरता से लिया और कहा, "बिलकुल, रामनाथ भाई! आप तो जानते ही हैं, अब गाँव में हर कोई अपनी बात रखता है, लेकिन जब चुनाव नजदीक आते हैं, तब सब लोग अपने-अपने बर्तन में पानी भरने लगते हैं।" पन्नालाल ने चाय की चुस्की लेते हुए चुटकी ली, "यही तो असली राजनीति है, सत्तू भाई। यहाँ के नेताओं का काम है, सबको धोखा देना, और फिर चाय की प्याली लेकर सबका दिल बहलाना।"

उसी वक्त गाँव के एक पुराने नेता, जिनका नाम लख्खू था, आकर रामनाथ के पास बैठ गए। वह अपनी आँखों में गहरी चिंता के साथ बोले, "तुम दोनों क्या समझते हो? गाँव में नेता होना बहुत कठिन काम है। हर समय जनता के बीच रहते हुए भी अपनी शान बनाए रखना, यह कोई आसान काम नहीं है।" रामनाथ ने हंसी रोकते हुए कहा, "लख्खू भाई, आप ठीक कह रहे हैं, लेकिन हमारा गाँव हमेशा से ही राजनीति का गढ़ रहा है। यहाँ हर कोई अपनी बत्ती की मच्छरदानी के भीतर खुश रहता है।

## विचार

# भगवान श्रीराम के पदचिन्हों पर चल रहे हैं योगी आदित्यनाथ

**डॉ.मुकेश कबीर**

**महाराष्ट्र** चुनाव को बीजेपी ने विशाल बहुमत से जीता,इस जीत का सबसे ज्यादा श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी दिया जा रहा है,यदि यही सच है तो योगी भगवान श्री राम के बाद दूसरे उत्तर भारतीय हैं जिन्होंने दक्षिण को जीता है वरना कोई भी उत्तर भारतीय शासक महाराष्ट्र की दीवार तोड़ नहीं पाया। आखिर योगी यह इतिहास रचने में क्यों और कैसे सफल हुए इसकी चर्चा करते हैं। असल में योगी आदित्यनाथ ने सिर्फ महाराष्ट्र नहीं जिताया बल्कि इसके पहले हरियाणा में भी हारी हुई बाजी को योगी ने ही पलटा था और उसके भी पहले वे उत्तर प्रदेश के एकमात्र मुख्यमंत्री बने जिन्होंने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की हो। यूपी की डबल जीत आजाद भारत का एक इतिहास है। आखिर योगी आदित्यनाथ में ऐसा क्या है कि जहां जाते हैं वहां से जीतकर ही लौटते हैं,इसका सही जवाब यह है कि योगीजी भगवान श्रीराम के पदचिन्हों पर चल रहे हैं। उनमें वो सारे गुण हैं जो श्री राम के अनुसार एक व्यक्ति में होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ के आदर्श राम हैं इसलिए योगी अजेय हैं। महाभारत में शकुनि एक बार कहते हैं कि" योद्धा और महायोद्धा को युद्ध से जीता जा सकता है लेकिन जो सर्व शक्तिमान होता है उसको सिर्फ धर्म से ही जीता जा सकता है।"

श्रीराम के जीवन में धर्म ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है यही कारण है कि वो त्रिलोक विजेता रावण को हरा सके। रावण को युद्ध में कोई नहीं हरा सकता था लेकिन सत्य और धर्म के आगे रावण विवश हो गया। रावण कितना विवश हो गया होगा इसका अंदाज इस बात से लगा सकते हैं कि लंका की जनता भी श्री राम की महानता का गुणगान करती थी। राजतंत्र में भी जनता जिसका गुणगान करे वही विजेता बनता है फिर आज तो प्रजातंत्र है,यहां तो जनता ही सब कुछ है । आज जो जनता का भरोसा जीत लेता है वही चुनाव जीत लेता है । योगी की सबसे बड़ी ताकत यही है कि वे जनता का भरोसा जीत चुके हैं और जनता का भरोसा उन्होंने ताकत ,पैसे या पुलिस की दम पर नहीं जीता है बल्कि नैतिकता और ईमानदारी के दम पर जीता है ,यही कारण है कि योगी जी के मुंह से निकला एक एक वाक्य जनता के लिए ब्रह्म वाक्य हो जाता है और वह इस पर आंख मूंदकर भरोसा कर लेती है । योगीजी ने अपनी ईमानदारी साबित की है, देशभक्ति साबित की है और अपनी रामभक्ति साबित की है,जबकि अन्य नेता कहीं न कहीं इस मामले में योगी जी से पीछे हैं यहां तक कि उनकी खुद की पार्टी के बड़े बड़े नेता भी योगी जी जितने भरोसेमंद नहीं लगते फिर विपक्ष की तो बात ही क्या करना। तो आते हैं महाराष्ट्र ,यहां महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने बीजेपी के बड़े बड़े नेताओं पर बड़े बड़े आरोप लगाए लेकिन अकेले योगी ऐसे नेता थे जिनके ऊपर कोई आरोप ही नहीं लग सकता था। यही कारण है कि संजय राउत जैसे बड़बोले नेता भी योगीजी के बारे में सिर्फ इतना ही कह सके कि "अपने बाबाजी हैं।" संजय राउत तो मोदीजी पर भी बड़े बड़े आरोप लगाते रहे हैं लेकिन योगी का सामना करने की हिम्मत उनकी भी नहीं हुई । वे भी योगी पर ऐसा कोई आरोप लगा नहीं सकते जिस पर जनता यकीन करे क्योंकि भ्रष्ट वे हैं नहीं, सिर्फ चुनावी हिंदू वे हैं नहीं, कैरेक्टर में कोई लोचा है नहीं और उनके लॉ एंड ऑर्डर में कोई लूस पोल है नहीं,कोई क्रिमिनल केस उन पर है नहीं,झूठ वो आज तक बोले नहीं,छुपाकर कोई काम करते नहीं । जो करते हैं डंके की चोट पर करते हैं,एक बात के धनी हैं। यही सारे गुण श्री राम में थे जिनका वर्णन हनुमान जी ने सीता जी से तब किया था जब अशोक वाटिका में सीता जी हनुमान से श्रीराम के गुण अवगुण पूछती हैं। तब हनुमान जी श्रीराम के गुण इस प्रकार बताते हैं कि श्रीराम ईमानदार,चरित्रवान,सत्यनिष्ठ,एक ही तरह की बात कहने वाले,एक मार्ग पर चलने वाले, युद्ध में शेर की भांति बर्ताव करने वाले,युद्धनीति में निपुण और धर्म शास्त्रों के ज्ञाता,कला पारखी,सन्यासी जीवन जीने वाले और शत्रुओं का विनाश करने वाले हैं। यह गुण श्री राम में थे,अब हम यदि गंभीरता से सोचें तो लगभग यही सब गुण हमें योगी आदित्यनाथ में दिखाई नहीं देते क्या ?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# डिजिटल युग में सहकारिता की नई परिभाषा

**भारत** में सहकारिता का विचार केवल एक आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि सामूहिक विकास और भारतीय दर्शन का अभिन्न अंग है। यह सामूहिक प्रयासों से सामाजिक और आर्थिक उत्थान की परंपरा का प्रतीक है, जो महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे नेताओं की सोच से प्रेरित है। वर्तमान समय में सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस और पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना जैसे कदम सहकारिता को डिजिटल युग में सशक्त बनाने की दिशा में महत्वाकांक्षी प्रयास हैं। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का उद्देश्य देशभर की सहकारी समितियों का एक केंद्रीय डेटाबेस तैयार करना है, ताकि उनके कामकाज की निगरानी हो सके और योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुँचाया जा सके। इस पहल में अब तक लगभग 2.25 लाख समितियों को पंजीकृत किया गया है, लेकिन यह संख्या देश में मौजूद 8 लाख से अधिक समितियों की तुलना में बहुत कम है।

यह पहल न केवल सहकारी समितियों की पारदर्शिता बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि उन्हें डिजिटल तकनीक के माध्यम से और अधिक प्रभावशाली बनाने का भी माध्यम है। हालाँकि, सहकारिता के इस डिजिटलरण में कई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण, विशेष रूप से पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना, अभी भी बुनियादी ढाँचे और तकनीकी कौशल के अभाव में बाधित है। उदाहरण के लिए, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में लगभग 70% समितियाँ अभी भी डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए संघर्ष कर रही हैं। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में सहकारी समितियों के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक किसान जुड़े हुए हैं, लेकिन इनमें से केवल 30% ही इन योजनाओं का वास्तविक लाभ उठा पाते हैं। यह असमानता योजनाओं के क्रियान्वयन में मौजूदा खामियों को उजागर करती है। सहकारी समितियों के डिजिटलीकरण का उद्देश्य भ्रष्टाचार और बिचौलियों की समस्या को समाप्त करना है। लेकिन क्या यह संभव है जब कई समितियाँ अभी भी राजनीतिक हस्तक्षेप, प्रशासनिक अराजकता और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के नियंत्रण में हैं?

# पंजाब मे गणित विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता

**विजय गर्ग**

**भारत में** रामानुजन और आर्य भट्ट जैसे महान गणितक पैदा हुए हैं। भारत में विभिन्न गणितीय शोध की पहचान रामानुजन और आर्य भट्ट ने दिलवायी है। कुछ छात्र इस विषय में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। वे एक उबाऊ और कठिन, जटिल विषय मानते है। केवल छात्र ही नही शिक्षकों भी विषय को पहले मुश्किल मानते है। गणित विषयों प्रेरित करने के लिए गणित विषयों के बारे में छात्रों को ज्ञान दे , उसके तत्वों के बारे में , गणित के पाठ्यक्रमों, गणित क्षेत्र में नौकरियों और रोजगार के अवसर बहुत महत्वपूर्ण है। गणित विषयों और छात्रों के लिए इसके महत्व के लिए गणित महीने मे गणित सप्ताह, गणित जश्न मनाने की जरूरत है। संबंधित गणित विषयों बुद्धिजीवी, विशेषज्ञों, प्रासंगिक गणित सामग्री, गणित, साहित्य और गणित विश्वविद्यालय के अलग निर्माण से गणितीय तत्वों एक ही जगह में उपलब्ध करावाया जाए ।गणित के तरीके आसान और दिलचस्प बनाने के लिए के लिए खोज की जाए। गणित के अनुसंधान काफी हद तक जरूरी है। कुछ एक बदलाव करने की जरूरत है। गणित की आज बहुत अधिक मांग है। इसके बिना, हर जीवन, हर राज्य और हर देश अधूरा है। पुस्तकों को विशेषज्ञों से मिलकर बीजगणित ,त्रिकोणमिति को आसान बनाना चाहिए ।बच्चों को वास्तविक मे गणित पढ़ने का उद्देश्य पता नहीं है। । विश्वविद्यालय को समय-समय पर छात्रों को मार्गदर्शन करने के स्कूलों और कॉलेजों मे अपने विशेषज्ञों को भेजना चाहिए ।

10 वीं कक्षा तक गणित सरल और मूल भाषा मे है। लेकिन 11ँ मे विषय पाठ्यक्रम के रूप में, नए क्षेत्र और विदेशी भाषा में छात्रों अक्सर होल्ड खो रहे है। लेकिन हर संभव तरीके से बुद्धिजीवियों की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। समय हमेशा बदलता है।

## न्यूज फ्लैश

### पंचायत भवन में स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: सर्व हरियाणा ग्रामीण** बैंक के 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय अम्बाला शहर में रेड क्रॉस, हीलिंग टच हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुल 30 लोगों ने अच्छे उद्देश्य के लिए अपना रक्त दान किया। इस शिविर में नीलेश, क्षेत्रीय प्रबंधक, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, जितेंद्र शर्मा, सीनियर प्रबंधक, हरीश कुमार, मुख्य प्रबंधक, आरके गोयल, सीनियर प्रबंधक, एमओ भोंसले, एसआर. प्रबंधक सहित विभिन्न शाखाओं और क्षेत्रीय कार्यालय से अन्य एसएचजीबी कर्मचारी और एसएचजीबी एसएच से सेवानिवृत्त कर्मचारी, केएल शर्मा, एसएच. अजविन्दर चौहान, बीएस भाटिया, डीजीएम श्वेतांबरी पाटेकर, डॉ. सागर, डॉ. जसलीन, डॉ. वरुण गुप्ता एवं डॉ. सुनैना और हीलिंग टच हॉस्पिटल की टीम के साथी उपस्थित रहे।

### नगर परिषद द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी: अंबाला** छावनी के विभिन्न बाजारों में नगर परिषद की टीम ने स्ट्रीट वेंडर्स को जागरूक किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत कारोबार के लिए मिलने वाले ऋण एवं अन्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जो स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, के तहत 2 दिसंबर तक अंबाला छावनी नगरपरिषद में पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए सचिव राजेश कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य छोटे विक्रेताओं को आसान शर्तों पर आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपने कारोबार को बढ़ा सकें। एनयूएलएम योजना के अंतर्गत कार्यरत रवि ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जून 2020 में शुरू की गई थी। यह योजना कोरोना महामारी के कारण प्रभावित हुए फुटपाथ विक्रेताओं और छोटे कारोबारियों को आर्थिक राहत देने के लिए बनाई गई थी। योजना के तहत पात्र विक्रेता लाभ प्राप्त कर सकते हैं। 10,000 का प्रारंभिक कार्यशील पूंजी ऋण, बिना किसी गारंटी के दिया जा सके। समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज सब्सिडी हर तिमाही लाभार्थी के खाते में सब्सिडी जमा की जाती है। सरकार ने नागरिकों और स्ट्रीट वेंडर्स से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने जीवन में स्थिरता लाएं। इसके अलावा, बैंक और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और पात्र लाभार्थियों तक समय पर सहायता पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि छोटे व्यवसायियों के आत्मसम्मान को बढ़ाने का एक जरिया है।"

### झाडियों में शॉल में लिपटा मिला नवजात शिशु

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा** में रेलवे फाटक के पास झाडियों में एक लावारिस नवजात मिला है। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर वहां से गुजर रहे देवर-भाभी ने उसे उठाया। बच्चा पैदा होते ही शॉल में लपेट कर झाडियों में लावारिस फेंका हुआ था। बच्चे को वहां से सरकारी अस्पताल ले जाया गया। साथ ही मामले की शिकायत पानीपत रेलवे पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पानीपत जीआरपी पुलिस को दी शिकायत में सुमेर सिंह ने बताया कि वह मेन बाजार, कश्यप चौक घरौंडा का रहने वाला है। वह हलवाई का काम करता है। 28 नवंबर की शाम करीब साढ़े 5 बजे वह अपनी भाभी पिंकी के साथ बाइक पर गांव गुढा से भूतों वाली फाटक के साथ कच्चे रास्ते से नौखा कॉलोनी जा रहा था। जैसे ही वे कॉलोनी के दूसरी ओर कच्चे रास्ते पर पहुंचे तो वहां उसने अपनी भाभी को उतार दिया। इसी दौरान दोनों को एक बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। वे रेलवे लाइनों के पास पहुंचे तो देखा कि एक नवजात शिशु मल्टी कलर की शॉल में लिपटा हुआ ओरनाल के साथ झाडियों में पड़ा हुआ था। दोनों ने तुरंत उसे उठाया और वहां से घरौंडा सरकारी अस्पताल ले गए। जहां से सूचना पुलिस को भी दी गई। सुमेर ने पुलिस को बताया कि बच्चे के माता-पिता ने बच्चे का परित्याग करने के लिए रेलवे लाइन के पास झाडियों में लावारिस हालत में फेंक दिया। इस बारे में पानीपत जाआरपी के जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल सुरजीत सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल बच्चा बिल्कुल स्वस्थ है। उसका वजन 2 किलो 190 ग्राम है। उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के खरौंच तक का भी निशान नहीं था। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हरियाणा योग आयोग लगाएगा पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर एवं प्रदर्शनी

## प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा विभिन्न रोगों का उपचार भी किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : प्रदेश के लोकप्रिय** एवं यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रेरणा, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के उद्यम, महानिदेशक आयुष हरियाणा, अंचल सिंह के निर्देशन एवं हरियाणा योग आयोग, पंचकूला के ऊजार्वान एवं संकल्पित चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा योग आयोग अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित मेडिटेशन हॉल में 7 से 11 दिसंबर तक पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर एवं 5 से 11 दिसंबर तक सात दिवसीय प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक उपचार स्टॉल लगाएगा ककार्यक्रम के सुचारू संचालन



के लिए जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है क उनके सहयोग के लिए आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा व जिला योग समन्वयक डॉ जागीर सिंह की समिति बनाई गई है क भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय अधिकारी गुलशन कुमार ग्रोवर को इस कार्यक्रम की प्रेस व सोशल मीडिया कवरेज का दायित्व दिया गया है कबैठकों की कार्रवाई लिखने की जिम्मेवारी आयुष योग विशेषज्ञ मनजीत को सौंपी गई है कडॉ हरिश्चंद्र की अध्यक्षता में कल शाम देर तक चली स्थानीय योग एवं समाजसेवी संस्थाओं की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और सभी योग संस्थाओं से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुझाव मांगे गए कबैठक में तय हुआ कि प्रातः 6:30 से 8:00 बजे तक मेडिटेशन हॉल में प्रतिदिन एक-एक योग संस्था द्वारा अष्टांग योग व ध्यान साधना का सत्र लिया जाएगा कइसी हाल में प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक विभिन्न योग संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन विद्यालयों के विद्यार्थियों को योग व ध्यान करवाया जाएगा क10 दिसंबर को मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा 2 से 5 बजे तक दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया जाएगा कप्रत्येक सत्र में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कलात्मक योगासन खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा।

## गीता में विश्व संरचना और मानव जगत के कल्याण का है सार तत्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :गीता का पाठ** करने से मानसिक शांति मिलती है और जीवन की अनेक परेशानियां दूर होती हैं। गीता पढ़ने से नकारात्मक ऊजाएं दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।गीता पढ़ने से आत्मबल बढ़ता है और व्यक्ति साहसी और निडर बनता है। गीता में विश्व संरचना और मानव जगत के कल्याण का सार तत्व है। गीता में परमात्मा, आत्मा, और सृष्टि विधान के ज्ञान को स्पष्ट किया गया है। यह विचार अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवद गीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य मे मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के छठवे दिवस मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों के मध्य गीता के स्वाध्याय का महत्व विषय पर आयोजित गीता बाल संवाद मे मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। विद्यार्थियों को गीता के स्वाध्याय का महत्व बताते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा गीता में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र और। गीता में जीवन के क्षेत्र का एक व्यवस्थित अवलोकन मिलता है।

## कार्यशाला का आयोजन किया

**समालखा। दिल्ली** पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में इंडियन ऑयल एजेंसी द्वारा एल पी जी सुरक्षा अभियान के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया 'इस कार्यशाला में प्रवीन जुनेजा ने रसोई में एल.पी जी.के रख रखाव एवं सुरक्षा संबंधी बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया ' उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि लीकेज व आपातकालीन स्थिति होने पर हम 1906 नंबर पर कॉल कर जानकारी दे सकते हैं ताकि समय रहते सुरक्षा के बंदोबस्त किये जा सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने एल पी जी सुरक्षा संबंधी जानकारी देने हेतु इंडियन ऑयल एजेंसी स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया।

# गुरु चरणों में प्यार हमेशा बना रहे......

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः गुरु चरणों** में प्यार हमेशा बना रहे......यह भजन जब श्री कृष्णा कृपा परिवार द्वारा कृष्णा नगर गामड़ी में राजीव बंसल के निवास स्थान पर आयोजित संकीर्तन व प्रभातफेरी में जब राजेंद्र चोपड़ा ने गाया तो उपस्थित श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हो गए। लगभग 2 घंटे तक सुनील वत्स व अन्य भजन गायकों द्वारा गाए गए भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। राधा व कृष्ण भाव के भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस कार्यक्रम में श्री कृष्ण कृपा परिवार से जुड़े अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। राधा और कृष्ण भाव के भजनों के साथ-साथ गुरु महिमा



के भजन भी गाए गए।

गीता जयंती के अवसर पर गीता ज्ञान संस्थानम में 4 से 8 दिसंबर तक आयोजित 5 दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के उपलक्ष्य में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से गत 20 नवंबर से नगर के गली मोहल्लों में संकीर्तन व प्रभातफेरियां आयोजित किए जाने का सिलसिला जारी है, जो कि 3 दिसंबर तक चलेगा। नगर के जन-जन को गीता जयंती उत्सव में भाग लेने के लिए श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

**1 दिसंबर को आयोजित होगी ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा**

श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा प्रत्येक मास के पहले रविवार आयोजित की जाती हैं। इस बार 1 दिसंबर रविवार को यह परिक्रमा साढ़े 4 बजे आयोजित होगी। गीता जयंती महोत्सव के कारण इस बार की परिक्रमा का विशेष महत्व है। सर्वेश्वर महादेव मंदिर के पास से ठाकुर जी की पालकी के साथ राधा व कृष्ण भाव के भजनों से संकीर्तन परिक्रमा के पश्चात ठाकुर जी की आरती की जाएंगी। वत्स ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वें ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

## किसान 6 को पैदल कूच करेंगे दिल्ली



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला शहर** के अनाज मंडी स्थित किसान भवन में किसान जत्थेबंदियों ने 6 दिसंबर को दिल्ली कूच के संबंध में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि सरकार ट्रैक्टर ट्रॉली ले जाने से मना कर रही है लेकिन हमनें भी निर्णय लिया है कि हम पैदल ही दिल्ली जाएंगे तथा रास्ते में हमारे साथ और जत्थेबंदिया भी जुड़ती जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज सभी जानते हैं कि किसान और किसानी को बचाने के लिए दिल्ली जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हमें तो ट्रैक्टर ट्रॉलियों से दिल्ली जाने से रोक रही है, जबकि सांसद और विधायक भी तो अपनी अपनी कारों में आते हैं। ऐसे में किसानों के पास तो सिर्फ ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रैक्टर लाने से क्यों रोका जा रहा है। उन्होने कहा कि हम इस देश में एमएसपी लागू करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 6 दिसंबर दिल्ली के लिए पैदल ही रवाना होंगे। इस अवसर पर मंजीत सिंह मच्छौंडा, सुखदेव सिंह जलबेहड़ा, बलजीत सिंह दुराना, बलकार सिंह मच्छौंडा, सुरिंद्र सिंह महमूदपुर, कुलदीप सिंह मोहड़ी सहित अन्य किसान नेता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि फरवरी महीने से किसान शंभू, खन्नैरी बॅर्डर पर धरना देकर बैठे हुए हैं।

# शत प्रतिशत समस्याओं के समाधान हेतु दिशा निर्देश जारी, लोगों को राहत

**समालखा**

**हरियाणा सरकार के** आदेश अनुसार आम जनता की समस्याओं का निवारण करने के लिए पूरे हरियाणा में जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को समालखा उपमंडल परिसर में एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में जनता की शिकायतों के समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समालखा उपमंडल के अलग-अलग गांव से कुल पांच लोग शिकायतें लेकर शिविर में



पहुंचे। जिसमें शिकायतकताओं द्वारा पंचायती गलियों से नाजायज कब्जा हटवाने, इंतकाल संबंधी व फैमिली आईडी को लेकर पांच शिकायतें दर्ज कराई गई। उप मंडल अधिकारी द्वारा सभी समस्याओं को त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## छावनी में पांच दिवसीय रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैम्प का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी: उपायुक्त** एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अंबाला पार्थ गुप्ता के निर्देशन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अंबाला द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बकरा मार्केट अंबाला छावनी में पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप के समापन कार्यक्रम में विजयलक्ष्मी सचिव जिला रेड्डी क्रॉस सोसाइटी के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि हमें इन कैंपों के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज सेवा मानव कल्याण की भावना को जागृत करना है। शिविर में हम विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता एवं होम नर्सिंग और प्रत्यक्ष स्कूल में जूनियर रेड क्रॉस यूनिट की स्थापना करना है उन्होंने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस शिविर में विद्यार्थियों को फर्स्ट ट्रेनर एन के शर्मा ने प्राथमिक सहायता के बारे, सिविल डिफेंस से कंपनी कमांडर संजीव सैनी ने भूकंप बाढ़ प्राकृतिक आपदा के दौरान किस प्रकार घरेलू सामानों का प्रयोग कर हम अपनी व दूसरों की जान बचाने सकते हैं।

# समाधान शिविर में हो रहा लोगों की सम्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः उपायुक्त पार्थ** गुप्ता ने कहा कि जिला स्तर, उपमंडल स्तर व नगरनिगम के तहत आयोजित हो रहे समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में बेहद कारगार सिद्ध हो रहे है तथा लोग यहां आकर अपनी समस्याओं का आसानी से निवारण भी करवा रहे है। जिला स्तर पर आयोजित शिविर की उपायुक्त ने अध्यक्षता करते हुए यहां पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका तीव्रता से समाधान करने के दृष्टिगत संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी




ने वीसी के माध्यम से प्रदेशभर में आयोजित हो रहे समाधान शिविर की रूपरेखा बारे जानकारी ली। उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचे प्रार्थियों से सीधी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं का निवारण किस तरह किया जा रहा है उस बारे भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविर में किस प्रकार की किस विभाग से संबधित समस्याएं आ रहा है कितनों का निवारण हो गया है तथा शिविर में सभी अधिकारी पहुंचते है उसकी जानकारी ली। शिविर में जो भी छोटी-मोटी यानि जिला स्तर से संबधित कोई समस्या है संबधित विभाग उस शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करे और यदि कोई समस्या का निवारण चंडीगढ़ मुख्यालय से किया जाना है उसकी रिपोर्ट मुख्य सचिव हरियाणा के कार्यालय में भिजवाएं। समाधान शिविर में आ रही सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करते हुए प्रार्थी को न्याय दिलवाना है। मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से सभी उपायुक्तों से समाधान शिविरों में आ रही समस्याओं का निवारण करने के तहत जो कार्य किए जा रहे है उसकी समीक्षा करते हुए प्रार्थियों से भी बातचीत की। स्वयं मुख्यमंत्री समाधान शिविर में आ रही शिकायतों की मोनिटरिंग कर रहे हैं।

# अम्बाला में सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अम्बाला पुलिस** से सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के सम्मान में पुलिस आफिसर इन्स्टीटयूट अम्बाला शहर में विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला श्री विजय कुमार के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। सेवानिवृत पुलिस अधिकारी निरीक्षक मक्खन सिहँ न0 579/अम्बाला, निरीक्षक शीशपाल न0 880/अम्बाला, निरीक्षक रामेश्वर दास नं0 1254/अम्बाला व उप-निरीक्षक कुलबीर सिहँ नं0



524/अम्बाला को उपहार भेंट कर पुष्पहार पहनाएँ और उनके भविषय की मंगल कामना करते हुए उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सेवा भाव के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों व उनके परिजनों ने माननीय पुलिस अधीक्षक अम्बाला के कुशल मार्गदर्शन में किए गए इस विशेष सम्मान समारोह के लिए उनका व अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए जीवन का सबसे अविस्मरणीय एवम यादगार दिन रहेगा। हम सभी आदरणीय महोदय पुलिस अधीक्षक अम्बाला का हार्दिक अभिनन्दन करते है। माननीय उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला ने सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिला अम्बाला में पुलिस विभाग में सच्चीनिष्ठा, आमजन की सेवा सुरक्षा व सहयोग की भावना को निभाते हुए किए गए कार्यो की मैं सराहना करती हूँ। उन्होने कहा कि पुलिस विभाग में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी के लिए यदि कोई सबसे अनिवार्य कार्य है तो वह है धैर्य, सहनशक्ति, हौसला, लगन, सच्चीनिष्ठा व ईमानदारी।

# जिला स्तरीय कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

## विजेता बच्चों को शिक्षा अधिकारियों ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

**शिक्षा निदेशालय द्वारा** निर्देशित जिला स्तरीय कला प्रतियोगिता का आयोजन आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज ने की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बीईओ पानीपत विजेंद्र हुड्डा एवं कार्यक्रम जिला कोऑर्डिनेटर मीनू चौधरी व प्रदीप मालिक की देखरेख में प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज ने बताया कि कला प्रत्येक




विद्यार्थी में विद्यमान होती है परंतु उस कला को निखारने के लिए मार्गदर्शन अध्यापक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यार्थियों के कलात्मक विचार एवं प्रतिभा को निखारने की दिशा में इस प्रकार की पहल सहायक होती है। जिला नोडल अधिकारी विजेंद्र हुड्डा ने बताया कि जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थी को 5000, 3000, 2500 एवं 1100 पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थी 2 दिसंबर को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में यमुनानगर में भाग लेंगे। जिला कोऑर्डिनेटर मीनू चौधरी और प्रदीप मालिक ने बताया कि कक्षा 1 से 5 में क्ले मॉडलिंग और कक्षा 6 से 8 में मास्क मेकिंग, भित्ति चित्र एवं खिलौने बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पानीपत जिला के समस्त विद्यालयों से करीब 210 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य सुमन मोर, सरला मलिक, सुरेंद्र सिंह अनिल सुलेख, संतोष खटक उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में सुरेखा रानी, कमलेश देवी, सीमा घनघस, मिताली ने भूमिका अदा की। ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम। जिला कोऑर्डिनेटर प्रदीप मालिक ने बताया कि कक्षा एक से पांच में मूर्ति कला प्रतियोगिता में अफरीन राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला मॉडल टाऊन प्रथम, परी राजकीय प्राथमिक पाठशाला कृष्णपुरा द्वितीय, विशु राजकीय प्राथमिक पाठशाला निजामपुर तृतीय एवं निर्मल राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला जीटी रोड को सांत्वना पुरस्कार मिला।

कक्षा 6 से 8 में मास्क मेकिंग, भित्ति चित्र एवं खिलौने बनाने की प्रतियोगिता में मुस्कान राजकीय विद्यालय शिव नगर प्रथम, साहिल राजकीय विद्यालय निजामपुर द्वितीय, अभय राजकीय विद्यालय सिवाह तृतीय, मोहिनी राजकीय विद्यालय नूर वाला को सांत्वना पुरस्कार मिला।

# 3 दिसम्बर को शिव मंदिर में परिवार सहित विराजमान होंगें भगवान शिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) शिव चौक सनौली रोड पर** भगवान शंकर जी की परिवार सहित प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की पूजा अर्चना ब्राह्मण परिवार पानीपत के प्रधान ज्योतिषाचार्य पंडित देवनारायण उपाध्याय, पंडित गया शास्त्री, पंडित राजा शास्त्री, पंडित घनश्याम, पंडित इंदर शास्त्री द्वारा करवाई जा रही है। शिव परिवार की स्थापना 3 दिसम्बर को शिव चौक स्थित शिव मंदिर में की जाएगी। शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की पूजा अर्चना पूर्वियान घाटी प्राचीन हनुमान मंदिर



में की जा रही है। जिसमें जजमान विनोद सैनी उनकी पत्नी वीना सैनी, पुत्र अंकुर, राहुल व पुत्री अंजलि के द्वारा संपन्न कराई गई। 3 दिसम्बर को मंगलवार को मूर्तियों को शिव चौक पर स्थापित करने के साथ ही एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। इस मौके पर शिव चौक के प्रधान मनोज जिंदल, राजा शास्त्री, घनश्याम, गया पांडे, इंद्र शास्त्री मुख्यरूप से मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### दंपति को वाहन ने मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला के दरड़ गांव के जैन अस्पताल के नजदीक एक तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पत्नी के पैर पर गंभीर चोट आई। घायल बुजुर्ग ने दो दिन बाद अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ जैन अस्पताल में आंखें चेक करवाने के लिए जा रहे थे, तभी हादसा हुआ। करनाल के अब्दुलापुर गांव निवासी 65 वर्षीय जयपाल अपनी पत्नी प्रेमो देवी अपनी आंखों की जांच करवाने के लिए 26 नवंबर की दोपहर को घर से निकले थे। मृतक के बेटे सुलिंद्र कुमार ने बताया कि उसके पिता जयपाल बाइक चला रहे थे और प्रेमो पीछे बैठी थीं। जब वे अस्पताल के गेट के पास मुड ? लगे, तभी पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जयपाल सडक पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि प्रेमो देवी को हल्की चोट आई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को उठाया और जैन अस्पताल पहुंचाया। जयपाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कल्पना चावला अस्पताल में भी उनकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें अमृत धारा अस्पताल और फिर अरविंद अस्पताल रेफर कर दिया। सिर पर गहरी चोटों के चलते जयपाल का इलाज नहीं हो सका और 28 नवंबर की सुबह करीब 5 बजे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू की।

सदर थाना में जांच अधिकारी गुरतेज सिंह ने बताया कि सुलिंद्र कुमार की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जांच जारी है।

### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कोहंड में एनएच-44 पर शनि मंदिर के पास हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि उसको बेसुध मान कर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसके हाथ पर अंग्रेजी में टीबीबी लिखा हुआ है। माना जा रहा है किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मारी है। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। छानबीन जारी है। कोहंड गांव निवासी संजय कुमार 26 नवंबर की रात को अपनी दुकान पर जा रहा था। उसने शनि मंदिर के नजदीक सडक किनारे एक घायल व्यक्ति को देखा। संजय ने दो राहगीरों को मदद के लिए रोका और मिलकर घायल को घरौंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक के शरीर पर गंभीर चोटें थी, खासकर बाएं पैर पर। पुलिस ने शव को कल्पना चावला मेडिकल हॉस्पिटल करनाल के मोर्चरी हाउस में सुरक्षित रखा है। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में मृतक की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। हालांकि अब तक मृतक के परिजनों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस हादसे या मृतक के बारे में जानकारी हो तो तुरंत संपर्क करें।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में अंतर-हाउस क्रिकेट व वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और संघर्ष की भावना भी विकसित होती है**

**उत्साह और जोश**

▶▶ जूनियर (कक्षा 6 से 8) और सीनियर (कक्षा 9 से 12) वर्ग के छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः मुरलीधर** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के उद्देश्य से अंतर-हाउस क्रिकेट और वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में जूनियर (कक्षा 6 से 8) और सीनियर (कक्षा 9 से 12) वर्ग के छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

क्रिकेट टूर्नामेंट में जूनियर वर्ग में स्वामी दयानंद सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गांधी सदन उपविजेता रहा। सीनियर वर्ग में स्वामी विवेकानंद सदन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की, और स्वामी दयानंद सदन उपविजेता घोषित हुआ।

जूनियर वर्ग में एकजोत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि सीनियर वर्ग में हर्षित भसीन और कक्षा 12 के रेहान को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया गया।

वॉलीबॉल टूर्नामेंट में जूनियर वर्ग में गांधी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और दयानंद सदन उपविजेता रहा। वहीं सीनियर वर्ग में भी गांधी सदन ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए ट्रॉफी जीती, जबकि रेड हाउस उपविजेता घोषित हुआ। दोनों टूर्नामेंट का संचालन सुरेश कौल व अलका सैनी की देखरेख में किया गया। खेल प्रभारी जगतार, लवदीप और स्वर्ण ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की और छात्रों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और संघर्ष की भावना भी विकसित होती है।"

उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

दोनों आयोजनों के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ये टूर्नामेंट न केवल छात्रों के कौशल विकास में सहायक सिद्ध हुए, बल्कि खेल भावना और टीम वर्क का संदेश भी दिया।

"खेलों में भागीदारी, विजय से बढ़कर है," इस सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए मुरलीधर डीएवी ने खेलों के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

# कल्पना चावला में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

अम्बालाः कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी, अम्बाला शहर में 28 -29 नवंबर 2024 को इण्टर पॉलिटेक्निक बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ लाभ सिंह नैन जी ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए किया और कार्यक्रम के मुख्यातिथि भूपेंद्र सिंह सांगवान, प्रिंसिपल, राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान, अम्बाला शहर रहे। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन पॉलिटेक्निक की छात्राओं ने भाग लिया इस दौरान एकल व डबल्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट वूमेन पॉलीटेक्निक फरीदाबाद की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया द्वितीय स्थान गवर्नमेंट वूमेन पॉलीटेक्निक सिरसा एवं तृतीय स्थान गवर्नमेंट वूमेन पॉलीटेक्निक पंचकूला ने हासिल किया अंत में कार्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रिंसिपल डॉ लाभ सिंह नैन ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्ण संपन्न करवाने में डॉ अश्विनी भारद्वाज और उमा कांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके इलावा स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट बाबू राम, सौरभ, मिस लॉरेल, राजेश आदि स्टाफ सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी रहे।

# गांव नगला फार्म में नाले में मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव नगला फार्म में नाले में एक व्यक्ति का शव मिला है। शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय अनिल के रूप में हुई। वह यूपी के सिसरौली गांव का रहने वाला था और फिलहाल नगला फार्म में रह रहा था। पुलिस की माने तो अनिल शराब पीने का आदी था। ग्रामीणों ने सुबह करीब 7.30 बजे नाले में शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अनिल की मौत अधिक शराब पीने और नाले में गिरने के कारण हो सकती है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है। सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर थाना के प्रभारी राजपाल ने बताया कि नगला फार्म में नाले के अंदर एक शव मिला है। मृतक की शिनाख्त हो चुकी है। शराब पीने व नाले में गिरने के कारण मौत हो सकती है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। परिजनों के बयानों के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# एमएम इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय की 10वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

**हर्षोल्लास**

▶▶ प्रतिष्ठित अतिथियों को पर्यावरण के अनुकूल पौधे भेंट किए गए, जो स्थिरता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं




**टीम अक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः एम** एम इंटरनेशनल स्कूल, अंबाला में चेयरमैन तरसेम गर्ग, अध्यक्ष विशाल गर्ग और प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय की दसवीं वर्षगांठ का भव्य समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि, मुनीश नागपाल, विशेष सचिव, हरियाणा कृषि और किसान कल्याण विभाग, चंडीगढ़, और विशिष्ट अतिथि रामकिशन भाकर, ओलंपिक शूटिंग विजेता 2024 मनु भाकर के पिता, का स्कूल प्रबंधन और प्रशासकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल बैंड द्वारा किया गयो इसके बाद मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। प्रतिष्ठित अतिथियों को पर्यावरण के अनुकूल पौधे भेंट किए गए, जो स्थिरता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं गणेश वंदना, और स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया`औपचारिक कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा ने वार्षिक स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में पिछले वर्ष की शैक्षणिक उत्कृष्टता, सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों और खेल क्षेत्र में मिली सफलताओं पर प्रकाश डाला गया। ह्यलिगेसी-10ह्न एम एम परिवार के सामूहिक प्रयासों के लिए एक सम्मान था। छात्र, कर्मचारी, माता-पिता और प्रबंधन–जिनकी प्रतिबद्धता ने स्कूल की सफलता को आगे बढ़ाया है। यह कार्यक्रम भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण के साथ संपन्न हुआ, जिसने नवाचार और उत्कृष्टता के एक नए अध्याय की शुरूआत को चिह्नित किया। शाम का समापन स्कूल की मुख्याध्यापिका नीलिमा सोनी के हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें लिगेसी-10 2024-25 की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया। इस उत्सव ने न केवल छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

# जूतों समेत माता के सिंहासन पर चढ़ा चोर, चोरी की

**भावनाएं आहत**

▶▶ चोरों ने दानपात्र तोडकर करीब 50 हजार रुपए की चोरी कर ली। माता की मूर्ति पर जूते पहनकर चढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** के सालवन गांव स्थित प्रसिद्ध माता मंशा देवी मंदिर में चोरों ने दानपात्र तोडकर करीब 50 हजार रुपए की चोरी कर ली। चोर माता की मूर्ति पर जूते पहनकर चढ़ गया और दोनों पैरों को दानपात्र से सटाकर औजार से दानपात्र तोड़ लिया और सारा पैसा एक पॉलिथीन में भरकर ले गया। चोर की करतूत से न सिर्फ श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई है, बल्कि श्रद्धालुओं में भारी गुस्सा भी है। चोर की पूरी करतूत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मंदिर के पुजारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंशा देवी मंदिर के पुजारी महंत सुखदेव पुरी हरिद्वार में गए हुए थे और न ही वहां पर कोई पहरेदार था। 27 नवंबर की रात को करीब पौने दो बजे मंदिर का ताला तोडकर एक चोर घुस गया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जब वे वापस लौटे और उन्होंने मंदिर खोला तो दानपात्र को टूटा हुआ पाया। फिर सीसीटीवी को चैक किया गया, जिसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक ब्लू कलर के ट्रैक सूट में एक चोर माता के आसान पर बैठा हुआ है और औजार से दानपात्र को खोलने का प्रयास कर रहा है, लेकिन दान पात्र नहीं खुला तो उसने उसे तोडने की कोशिश की। जब उसे लगा कि दान पात्र खुलने वाला है तो वह मंदिर में ही कोई पॉलिथीन ढूंढने के लिए चला गया और वह कुछ ही मिनट में पॉलीथिन लेकर आया और दोबारा से दानपात्र तोडना शुरू कर दिया। जब बात नहीं बनी तो उसने दान पात्र से दोनों जूतों को सटाया और एक झटके में दानपात्र तोड़ दिया। उसके बाद उसने सारा दान का पैसा पॉलिथीन भरा और वहां से निकल गया। महंत सुखदेव पुरी ने बताया कि मंशा देवी मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते है और दानपात्र में अपनी इच्छा अनुसार पैसे डालकर जाते है। दानपात्र को खोले करीब 15 दिन हो चुके थे दान पात्र में लगभग 50 हजार से ज्यादा का दान था। यह रकम मंदिर के रखरखाव और धार्मिक कार्यों में उपयोग की जाती थी।

# कर्ण मार्केट में दुकान में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की कर्ण मार्केट में बीती देर रात एक गारमेंट शॉप में अचानक आग लग गई। रात करीब 11 बजे हुई इस घटना से इलाके में हडकंप मच गया। फायर ब्रिगेड, पुलिस और एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन लाखों का सामान जलकर राख हो गया। रात करीब 11 बजे लक्ष्मी गारमेंट शॉप में आग लगने की खबर मिली। दुकान के मालिक ने बताया कि मार्केट के दुकानदारों का एक वॉट्सऐप ग्रुप है। इसी ग्रुप में आग लगने की सूचना साझा की गई। सूचना मिलते ही सभी दुकानदार मौके पर पहुंचे। बताया गया कि सर्दियों के मौसम में दुकानें जल्दी बंद हो जाती हैं, इसलिए आग को देर रात नोटिस किया गया। दुकानदार अमन, मनदीप व अन्य के अनुसार शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। आग बुझाने के दौरान गारमेंट शॉप में रखा सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया। दुकानदारों ने बताया कि आग से सामान जलकर राख हो गया और बचा हुआ सामान पानी की बौछार के कारण खराब हो गया। साथ वाली दुकान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इआरवी इंचार्ज नरेंद्र सिंह ने बताया कि आग लक्ष्मी गारमेंट के सेकेंड फ्लोर पर लगी थी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस और दमकल विभाग इस मामले की जांच कर रहे हैं।

# प्रतिबंधित 104 नशीली गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आरोपी अश्वनी उर्फ बौना पुत्र जोगिन्द्र वासी शिवकालोनी करनाल को विश्वकर्मा चौंक के पास नहर की पटरी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 104 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की गई, जिस पर उसके खिलाफ थाना रामनगर में नशा तस्करी का मामला दर्ज किया गया। प्रबंधक थाना रामनगर निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी द्वारा यह नशे की गोलियां शिव कालोनी करनाल के पास किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदी गई थी।

# दहेज उत्पीड़न और धर्म परिवर्तन का दबाव

## विरोध करने पर नवविवाहिता से मारपीट, ससुर ने की अश्लील हरकतें

**जांच जारी**

▶▶ विवाहिता ने ससुराल वालों पर धर्म परिवर्तन के लिए जोर-जबरदस्ती करने व दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** के चौरा गांव में हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने वाली विवाहिता ने ससुराल वालों पर धर्म परिवर्तन के लिए जोर-जबरदस्ती करने व दहेज प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद पति, सास-ससुर और ननद ने उसे ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया। जब उसने इनकार किया तो मारपीट की गई और शारीरिक-मानसिक यातनाएं दी गईं।

ससुराल वालों ने कथित तौर पर पास्टर और उसकी पत्नी के साथ मिलकर धर्म परिवर्तन करवाने का प्रयास किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ज्योति ने आरोप लगाया कि उसकी शादी 23 नवंबर 2023 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। उसको उसके माता-पिता ने शादी में लगभग 8 लाख रुपए खर्च किए, फिर भी ससुराल वाले अधिक दहेज की मांग करने लगे। इसके चलते उसे लगातार मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। यहां तक कि उसके ससुर ने अश्लील हरकतें की, जिसका विरोध करने पर उसे चरित्रहीन कहकर बदनाम किया गया। पीड़िता का आरोप है कि बीती 29 सितंबर को ससुराल वालों ने फिर से धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। जब उसने इनकार किया तो उसके पति ने थप्पड़ मारे और सास-ससुर ने पीटा। उसे भूखा-प्यासा कमरे में बंद रखा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। ज्योति के मायके वालों के हस्तक्षेप के बावजूद ससुराल वालों ने किसी भी तरह का समझौता करने से इनकार कर दिया।

घरौंडा थाना में जांच अधिकारी सुदर्शना ने पीड़िता की शिकायत पर जांच शुरू की और जांच के आधार पर पति के खिलाफ दहेज प्रताड ?ा का मामला दर्ज किया है। वहीं सास, ससुर, ननद और पास्टर समेत अन्य पर लगाए गए आरोप झूठे पाए गए। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा समाधान : उत्तम सिंह

**लोगों को राहत**

▶▶ लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुईं, 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** सरकार के निर्देशानुसार करनाल में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

उपायुक्त ने बताया कि करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा 6 शिकायतें अभी लंबित है। इसी प्रकार से उपमंडल इंद्री में क्रिड से संबंधित 1 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। घरौंडा उपमंडल में क्रिड से संबंधित 4 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उपमंडल असंध व नीलोखेड़ी में कोई शिकायत प्राप्त नही हुई।

उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली.पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित शिकायतों का नगर निकाय व बीडीपीओ कार्यालयों में भी हो रहा समाधान

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीरवार को नगर निगम करनाल के कार्यालय में 7 शिकायत आई, जिनमें से 4 शिकायतों का समाधान कर दिया गया और 3 शिकायतें अभी लंबित है।

घरौंडा नगर पालिका कार्यालय में 5 शिकायतें आईं, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इंद्री नगर पालिका में 2 शिकायत प्राप्त हुई जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। नीलोखेड़ी नगर पालिका में एक शिकायत आई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं नगर पालिका , तरावड़ी व निसिंग कार्यालय में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

# 11 किलो 300 ग्राम गांजा फूल पत्ती के साथ नशा तस्कर

**काबू**

▶▶ आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसका एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी** नारकोटिक सेल टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर अनाज मंडी गेट के सामने नडाना रोड़ तरावड़ी से आरोपी अंकित शर्मा पुत्र प्रेम नारायण वासी गांव खीरों जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 11.300 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस टीम इन्चार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने कहा कि आरोपी से पूछताछ पर उसने बताया कि वह नशे की इस खेप को दिल्ली झुग्गीयों में रहने वाले अपने एक जानकार से लेकर आया था और वह इसे बड़ी किमत पर बेचकर ज्यादा रुपए कमाना चाहता था।

आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसका एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान पूछताछ कर पता लगाया जाएगा

कि नशे के इस कारोबार में उसके साथ ओर कौन-कौन शामिल है व इस नशे की खेप को वह किसे सप्लाई करने वाला था।

# राजपाल ने मंत्रोच्चारण के बीच महोत्सव की महाआरती का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने मंत्रोच्चारण और शंखनाद की ध्वनि के बीच सांय कालीन महाआरती का शुभारंभ किया। गीता महोत्सव की इस आरती से ब्रह्मसरोवर की पूरी फिजा भक्ति रस में डूब गई।
अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में वीरवार को देर सायं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सहयोग से ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांय कालीन आरती का आयोजन किया गया। महोत्सव के पहले दिन राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, महंत बंसीपुरी महाराज, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, अंबाला मंडल आयुक्त गीता भारती, उपायुक्त नेहा सिंह, केयूके कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, निट के निदेशक के रमणा, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंघल, मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील राणा, उपनिदेशक डा. प्रीतम सिंह, तिजेंद्र गोल्डी, सौरभ चौधरी, डा. ऋषिपाल मथाना, विजय नरुला, अशोक रोशा, डा. रवनीत सिंह आदि ने शंखनाद और मंत्रोच्चारण के बीच संध्या कालीन आरती का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम से पहले केडीबी की तरफ से प्रसिद्ध कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति देकर ब्रह्मसरोवर के वातावरण में भक्ति रस घोल दिया।



ब्रह्मसरोवर की सांय कालीन आरती में पंडित बलराम गौतम, सोमनाथ शर्मा, अनिल गौतम, रोहित कौशिक, रूद्र गौतम ने आरती करवाई और मंत्रोच्चारण का जाप किया। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि ब्रह्मसरोवर की आरती से पर्यावरण शुद्ध होता है। यह एक आदि भौतिक, आदि दैविक एवं अध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक दृष्टि से भी एक सिद्ध समग्र एवं समन्वित उपक्रम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वच्छता को लेकर एक बहुत अच्छा अभियान शुरू किया है। इस अभियान में हर व्यक्ति को अपना सहयोग देना चाहिए। इस महोत्सव को भी स्वच्छ और सुदंर बनाने का प्रयास करना चाहिए। जिस घर, मोहल्ले, शहर और प्रदेश में स्वच्छता होगी, वहां के नागरिक स्वस्थ होंगे और स्वस्थ व्यक्ति देश और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकेगा।

# बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक हुआ सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैनः राजकीय** आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन के विद्यार्थियों को 28 नवंबर को शैक्षणिक भ्रमण के तहत छतबीड़ चिड़ियाघर और ऐतिहासिक नाडा साहिब गुरुद्वारा ले जाया गया। यह भ्रमण विद्यालय के पंजाबी विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। भ्रमण की विस्तृत तैयारी प्रधानाचार्य रमेश कुमार के नेतृत्व में की गई।
प्रस्थान से पहले विद्यालय प्रबंधन कमेटी के प्रधान जनक राज ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने गीतों और मनोरंजक प्रस्तुतियों के साथ सफर का आनंद लिया। छतबीड़ चिड़ियाघर में तीन घंटे बिताते हुए बच्चों ने




विभिन्न प्रजातियों के जानवरों और पक्षियों को देखा तथा उनके रहन-सहन और भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त की। चिड़ियाघर के बाद बच्चों को ऐतिहासिक नाडा साहिब गुरुद्वारा ले जाया गया, जहां प्राध्यापक प्रकट सिंह ने गुरुद्वारे के इतिहास और धार्मिक महत्व से उन्हें अवगत कराया। बच्चों ने गुरुद्वारे में दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। शाम 8 बजे सभी विद्यार्थी सुरक्षित रूप से स्कूल लौट आए, जहां उन्हें उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में प्राध्यापक प्रकट सिंह के अलावा रविन्द्र कुमार, जोगिंद्र सिंह, करमवीर दुहन, विनय कुमार और विकास शर्मा का विशेष योगदान रहा। महिला शिक्षकों पूनम और रीटा शर्मा ने भी सहयोग दिया। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए बल्कि उनके मनोरंजन के लिए भी बेहद सफल और यादगार साबित हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### छाये काली घटायें तो क्या, इनकी छतरी के नीचे हूं मैं...पर झूमे श्यामप्रेमी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलवीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : सोशल ऑगेनाईजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र के धार्मिक ग्रुप-2 "सांवरिया सरकार" के प्रथम स्थापना दिवस पर गुरुवार सांय श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन प्रभारी संजीव सीकरी और श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि सांवरिया सरकार ग्रुप के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समस्त श्यामप्रेमी परिवार,कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड़ स्थित दयानंद कॉलोनी के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 537वाँ श्री श्याम ताली कीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर संचालक पंडित महेश भारद्वाज एवं पुजारी कुलदीप शर्मा द्वारा संरक्षक जितेंद्र बंसल,अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,उपाध्यक्ष अनुज गौड़,सचिव सुनील अंगीरस,वरिष्ठ अधिवक्ता पृथ्वी नाथ गौतम,गुलशन ग्रोवर,पंकज शर्मा,श्याम जुनेजा,मनीष जिंदल और राकेश कंसल आदि पदाधिकारियों से श्याम पूजन करवाया। तत्पश्चात समाजसेवी अवनी गुप्ता द्वारा पवन श्री श्याम जोत प्रज्ज्वलित की गई। श्रीगणेश, मां सरस्वती और गुरु वन्दना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में श्याम जगत के गायकों लखबीर सिंह लक्खा और गौरव शान ने श्याम प्रभु का गुणगान किया। "लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी"...., "कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो"...,"पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे"...,"सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया"...,"मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार"...., "छाये काली घटायें तो क्या, इनकी छतरी के नीचे हूं मैं, आगे-आगे ये चलता मेरे, मेरे मालिक के पीछे हूं मैं, इसने पकड़ा मेरा हाथ है, मुझे डरने की क्या बात है"......,इत्यादि भजनों पर श्यामप्रेमी झूम उठे। कार्यक्रम में मंच का संचालन संरक्षक जितेंद्र बंसल ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात श्याम जी को मिष्ठान्न व फलों का भोग लगाकर भंडारा दिया गया। श्याम आरती में आचार्य राजेश वत्स,पवन शर्मा,मनोज गुप्ता,गौरव गुप्ता,मोहित तायल,पुनीत गर्ग,रामकुमार वर्मा,रामनिवास बंसल,योगेंद्र अग्रवाल,हरिचंद,हरविंद्र सिंह,जगमोहन गुप्ता,सुरेश चंद गुप्ता,विपिन गुप्ता,डॉ.मीरा गौतम,हरगंगा देवी,रेखा शर्मा,कविता गोयल,सुनीता वालिया,रीमा जुनेजा,काजल, अपूर्वा और निशु वालिया आदि शामिल रहे।

### लॉटस ग्रीन सिटी में पंचदेव मंदिर के निर्मा[illegible]पर भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** पंचदेव मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोटस ग्रीन सिटी में एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इसके साथ-साथ हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त लोटस ग्रीन सिटी वासियों ने अहम योगदान दिया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रधान कमांडो सुखविंदर सिंह ने सभी प्रतिभागियों और लोटस ग्रीन सिटी के निवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह जानकारी देते हुए कहा कि मंदिर निर्माण में श्री सत नारायण सिंगला का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने इस कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संपन्न कराया। सत नारायण सिंगला ने यह सुनिश्चित किया कि मंदिर निर्माण में किसी भी स्तर पर कोई समझौता न हो और मंदिर के निर्माण के लिए किसी भी बाहरी व्यक्ति से कोई आर्थिक सहायता नहीं ली जाएगी चाहे कितना भी खर्च क्यों न आए इस मंदिर निर्माण का कार्य रुकने नहीं दूंगा यह भव्य मंदिर इतना सुंदर बना है कि आसपास हल्के से लोग देखने के लिए आ रहे हैं।

# नारकोटिक्स यूनिट की नशा तस्करों पर कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरूक्षेत्र** : हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा के नेतृत्व एवं उप पुलिस अधीक्षक श्री जगबीर सिंह के दिशा निर्देश में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कुरूक्षेत्र यूनिट की इकाई ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एक ब्रेजा कार चालक से 44 किलो 680 ग्राम डोडा/चुरा पोस्त बरामद करके आरोपी कार चालक की निशानदेही पर 165 किलो 545 ग्राम और एक साथी आरोपी



को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए यूनिट कुरूक्षेत्र के इंचार्ज उप निरीक्षक गुरनाम सिंह ने बताया की उनकी एक पुलिस टीम थाना कलायत एरिया में मौजूद थी। तभी गुप्त सूचना के आधार पर ब्रेजा कार में दो युवकों को दबोचा गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में पुलिस टीम ने गाड़ी की नियमानुसार तलाशी ली तो गाड़ी में डोडा चुरा पोस्त के 3 कट्टे बरामद हुए। इस डोडा चुरा पोस्त का वजन करने पर कुल वजन 44 किलोग्राम 680 ग्राम हुआ। आरोपीयों की पहचान अरमान उर्फ मंदीप पुत्र प्रेम सिंह व सचिन पुत्र सतपाल निवासी गांव डुमरखां खुर्द थाना सदर नरवाना जिला जींद के रूप में हुई है।
जिसके संबंध में थाना कलायत मे मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया और दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर आरोपी सचिन को जिला जेल कैथल भेज दिया गया वह दूसरे आरोपी का 6 दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी अरमान ने बताया की यह चुरा पोस्त वह अपने दोस्त सोनू के साथ मिलकर मध्य प्रदेश से 2 क्विंटल 10 किलो डोडा चुरा पोस्त लेकर आए थे। बाकी डोडा पोस्त उसके दोस्त सोनू के खेत में है।

# समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़ः उपमण्डल स्तर** पर लघु सचिवालय के कान्फ्रैंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निवारण के निर्देश दिये। समाधान शिविर में 32 समस्याएं आई जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा शेष समस्याओं के त्वरित गति से समाधान करने के निर्देश दिये गये। बता दें कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते है और समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया जाता है।
समाधान शिविर में गांव बतौरा के सतपाल ने बेगना नदी के पानी से भूमि कटाव को रोकने के लिए स्टड/पत्थर की आड लगवाने बारे, नारायणगढ़ की चलती देवी, हुसैनी के तरसेम लाल, डेहा बस्ती की परमजीत कौर व प्रीतो, गांव गदौली की सलोनी तथा वार्ड 8 के रवि कुमार ने अपने-अपने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने का अनुरोध किया।
गांव मुगल माजरा के बलदेव सिंह ने विदुर पैंशन लगवाने, गांव मिल्क के अनमोल की दिव्यांग पैंशन लगवाने बारे तथा गांव फतेहपुर-80 के सतपाल और ग्रामवासियों तथा ग्राम पंचायत ने गांव के पास से गुजर रही बेगना नदी से अवैध खनन को रूकवाने का अनुरोध किया।

# खेलों में भाग लेने से शारीरिक के साथ-साथ होता है मानसिक विकास



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड-कालवा बाबैन संतोष चौहान की अगुवाई में डीपी प्रदीप कुमार के प्रयासों से छः माह पूर्व गठित फुटबॉल नर्सरी जिसकी कोच सुदेश रानी व उनके पति मनीष कुमार हैं, जिनके अथक प्रयासों से विद्यालय के बच्चों जिला व स्टेट लेवल पर पहुंचे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी ने खंड शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान व पीएम श्री विद्यालय मंगोली जाटान के प्रचार्य लाजपत गर्ग जी का स्वागत किया।

# 18 दिवसीय रक्तदान शिविर का किया जा रहा है आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा 18 दिवसीय रक्तदान शिविर 28 नवंबर से 15 दिसंबर 24 तक आयोजित किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर में जननायत अस्पताल कुरुक्षेत्र ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया जा रहा है। यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि सोसाइटी पिछले 25 वर्षों से रक्तदान की सेवाएं दे रही है। सोसाईटी लगातार 2017 से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें विश्व रिकॉर्ड बना चुकी इस



संस्था को बहुत प्यार व दुलार मिल रहा है।
संस्था कि सराहना सरकारी व गैर सरकारी संगठनों ने बार-बार करती है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रहमसरोवर पर बने बूथ नंबर 455, 56, 57 पर पहुंचकर रक्तदान करे एवं पुण्य के भागीदारी बने। इस मौके पर डॉ रमा, जीत राम, हुकुम चंद, राजेंद्र ग्रोवर, रविंद्र कश्यप, सचिन पाल, गुरुमेल ककराला, मनीष राणा ककड़ी, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# विद्यालय मुखियाओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के दिशा निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पलवल कुरुक्षेत्र में विद्यालय मुखियाओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान की प्राचार्या संतोष शर्मा जी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विद्यालय मुखियाओं का प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए विषयों तथा अनुभवों के बारे में फीडबैक लिया तथा सभी विद्यालय प्राचार्यों से वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों के बारे में गहनता से चर्चा की।

# वेस्ट मेटरियल को कलाकृति में बदलकर आत्मनिर्भर बनी नंदिनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरूक्षेत्र** : युवा होनहार कलाकार नंदिनी ने वेस्ट मेटरियल को कलाकृति में बदलकर आत्मनिर्भर होने का उदाहरण पेश किया हैं। इस कलाकार की वॉल पेन्टिग, ऑयल पेंन्टिग व वेस्ट मेटरियल से बने डेकोरेटिव मॉडल पर्यटकों को अपनी तरफ सहजता से आकर्षित करते हैं। इस कलाकार को एमएसएमई विभाग ने कला का एक मंच दिया हैं। अहम पहलू है कि अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से भारत रत्न गुलजारी लाल नन्दा के स्मारक के प्रांगण में पहली बार प्रदर्शिनी लगाई गई हैं।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा युवा वर्ग को कुशल बनाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को अमलीजामा पहनाया गया हैं। इस योजना के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक रूप से मदद मुहैया करवाने का संकल्प एमएसएमई विभाग ने लिया हैं। इसी संकल्प को धरातल पर लाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिनरात कार्य कर रहें हैं और युवाओं को आत्मकनिर्भर बनाने के प्रति संकल्प लेकर कार्य कर रहें हैं। इसी संकल्प के तहत ही अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में पहली बारे तीन दिवसीय शिल्प मेला प्रदर्शिनी का आयोजन भारत रत्न गुलजारी लाल नन्दा स्मारक स्थल के प्रागंण में किया गया हैं। इसी शिल्प मेले में अम्बाला शहर जंडली की युवा कलाकार नंदिनी ने अपनी कला को सजाने का काम किया हैं। इस युवा कलाकार ने अपने निक नेम निक्की के साथ अपनी माता राज का नाम जोडकर निक्की राज क्रिऐशन का एक संस्थान तैयार किया हैं। हालाकि इस संस्था में तीन युवा कलाकार साथ जुड़े है। कलाकार नंदिनी ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि पिछले दो सालों से घर के वेस्ट मेटरियल को डैकोरेटिव मॉडल का रूप दे रही है। इस वेस्ट मेटरियल में कांच की बोतल, छोटे-छोटे डिब्बे व अन्य वेस्ट पदार्थो को कला का रूप देने का काम कर रही हैं। इन कलाकृतियों के साथ-साथ वॉल पेंन्टिग, ऑयल पेंन्टिग को कैनवस में उकरने का काम कर रही हैं। इस महोत्सव में मार्डन आर्ट को शामिल करते हुए भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर तैयार की है। इस तस्वीर को पर्यटक बहुत पंसद कर रहे हैं। इस कला के मंच को एक मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक अहम भूमिका अदा कर रही है।
उन्होंने कहा कि एमएसएमई के अतिरिक्त विकास आयुक्त संजीव चावला, सहायक निदेशक मुकेश वर्मा, बलवीर सिंह, केसी मीणा और हरपाल सिंह हरियाणा के युवाओं के साथ जुडकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के सपनों को धरातल पर अमलीजामा पहनाने का काम कर रहें हैं। इस प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत इस महोत्सव में प्रतिदिन के हिसाब से पांच सौ रूपए व एक हजार रूपए ट्रांस्पोर्टेशन का भत्ता दे रहें हैं। इसके साथ ही 18 महीने के लिए 5 प्रतिशत ब्याज पर एक लाख रूपए का ऋण व इस अवधि के बाद इसी ब्याज दर पर 2 लाख रूपए का ऋण उपलब्ध करवा रहें हैं।

# विवि के विकास में कर्मचारियों की अहम भूमिकाः प्रोफेसर सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 4 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के अवसर विदाई पार्टी दी गई। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार होते हैं जो संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी गैर-शिक्षक कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय गैर-शिक्षक कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखेगा तथा भविष्य में भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अनुभव विश्वविद्यालय के काम आएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनके सुझाव लिए व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।
कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी सेवानिवृत्त गैर-शिक्षक कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना। इस मौके पर सेवानिवृत्त होने वाले गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने अपने विचार व अनुभव सांझा किए।

# पर्यटकों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक करेंगे विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलवीर सिंह मलिक**

**कुरूक्षेत्र** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि पर्यटकों को कानून और उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए 18 दिन गीता महोत्सव में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन 18 दिनों में 36 स्कूलों के विद्यार्थी अपने प्रस्तुतियां देंगे। यह विद्यार्थी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉल के साथ-साथ ब्रहमसरोवर के घाटों पर अलग-अलग जगहों पर लोगों को कानून के प्रति साक्षर करने का काम करेंगे।
डीएलएसए के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने शुक्रवार को ब्रहमसरोवर के उत्तरी छोर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम नितिन राज ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कानून विभाग तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों से बातचीत की और लोगों को कानून और उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए कुछ अहम जानकारियां दी है। यहां पर बातचीत करते हुए सीजेएम ने कहा कि जिला विधिक प्राधिकरण की चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से लोगों को कानून और उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए स्टॉल स्थापित किए है।
उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव में 15 दिसंबर तक लगातार अलग-अलग स्कूलों द्वारा रोजाना नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुतियां होंगी। प्रत्येक दिन 2 स्कूलों के विद्यार्थी ब्रहमसरोवर के तट पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति देंगे और इन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को कानूनी रुप से साक्षर बनाने का प्रयास करेंगे।

# स्वच्छ पिहोवा अभियानः लायंस क्लब पिहोवा और नगरपालिका ने दिया व पॉलीथिन मुक्त पिहोवा का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पिहोव : लायंस** क्लब पिहोवा रॉयल और नगरपालिका पिहोवा के संयुक्त प्रयास से स्वच्छ पिहोवा व प्लास्टिक हटाओ अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पिहोवा को स्वच्छ और पॉलीथिन मुक्त बनाना था। अभियान का नेतृत्व श्री आशीष चक्रपाणि, अध्यक्ष नगरपालिका पिहोवा, और लायंस क्लब पिहोवा रॉयल के अध्यक्ष शाश्वत चक्रपाणि ने किया। सरस्वती चौक से परशुराम चौक तक निकाली गई




जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कपड़े के थैलों और डस्टबिन का वितरण किया गया, सफाई कर्मियों को ग्लव्स, मास्क और झाड़ू प्रदान किए गए, और लोगों को पॉलीथिन के उपयोग को समाप्त करने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान को सफल बनाने में डीसीएम हन्नू चक्रपाणि, डीसीएम संदीप गर्ग, रवि जिंदल, सचिव विक्की वर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित जिंदल, प्रोजेक्ट मैनेजर कपिल गर्ग, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर यतिन तनेजा, और लायंस क्लब के अन्य सदस्यों का योगदान उल्लेखनीय रहा लायंस क्लब के सदस्य संदीप सिंगला, सौरभ गुलाटी, मंगलम कौशिक, आदित्य बहल, कार्तिक चक्रपाणि, जयपाल कौशिक, प्रिंस गर्ग, विक्की कौशिक, रॉकी गर्ग, सचिन नंबरदार, दीपांशु गर्ग, हरिओम अग्रवाल, अंकित गर्ग, रोमित, मुकेश, हिमांशु, और मोहित ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस अभियान में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिजीत वासन, रीचिक कौशिक और उनकी टीम, तथा श्री श्याम परिवार सोनू प्रजापत और यश वर्मा सहित कई सामाजिक संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
रोटरी क्लब पिहोवा से डॉ. अवनीत वड़ैच का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। अभियान की सफलता पर लायंस क्लब पिहोवा रॉयल और नगरपालिका पिहोवा ने सभी सामाजिक संगठनों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# शालीमार बाग अंडरपास के पास गंदगी का भंडार, प्रशासन बेपरवाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली** में शासित आम आदमी पार्टी वैसे तो कहती है कि हम दिल्ली में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि दिल्ली के कई रोड़ों पर गंदगी व कूड़ों का ढ़ेर होने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को सड़न व बदबू का सामना करना







पड़ता है। आपको बातदें कि आजादपुर मंडी गेट के पास बने शालीमार बाग अंडरपास के पास गंदगी का माहौल है। पिछले कई दिनों से सड़क के दोनों तरफ गंदगी है, लेकिन इस ओर प्रशासन बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। आपको यह बतादें कि इन सड़कों पर पड़ी गंदगी के ढ़ेर में गाय कूड़ा खाती हुई नजर आ रही है, यह गाय किसकी है। इन गाय को गऊशाला में सरकार को ले जाकर छोड़ना चाहिए, जिससे की यह गाय बीमार न हो। साथ ही जो गाय मालिक है, उन पर प्रशासन के द्वारा करवाई भी करनी चाहिए। वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने इस समस्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी के सामने इस प्रकार का कूड़े का ढ़ेर है और यहां पर गाय का भी झुड़ अकसर लगा रहता है। गाय इन कूड़ों में अपना भोजन तलाशती है, जिससे इनको बीमारियां लग सकती है। मेरी प्रशासन से अपील है कि जहां पर रोड़ों पर गंदगी हो उसे हटाया जाये और गऊ गाता को गऊशाला में छोड़ा जाये।



**बालेराम, वाईस चेयरमैन शालामार ग्राम विकास सभा:** सरकार की लापरवाही की वजह से शालीमार बाग अंडरपास के दोनों तरफ गंदगी का माहौल है, जिस कारण से यहां से गुजरने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। सरकार को इस समस्या का उचित समाधान करना चाहिए, जिससे की लोगों को परेशान न होना पड़े।



**प्रदीप जिंदल, प्रधान, श्री निष्काम सेवा समिति:** सरकार व जनप्रतिनिधियों को इस समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि आजादपुर मंडी के पास शालीमार बाग अंडर पास की दोनों तरफ की सड़कें कूड़ेदान में तब्दील होती जा रही है। लेकिन सरकार इसके समाधान पर ध्यान नहीं दे रही है।



**सूरज सैनी, युवा समाजसेवी, शालीमार बाग:** शालीमार बाग से हजारों की संख्या में लोग आजादपुर मंडी की ओर जाते हैं, लेकिन आजादपुर मंडी गेट के साथ शालीमार बाग अंडरपास के पास गंदगी का माहौल है, जिससे लोग परेशान है। आप राज में नुक्कड और चौराहे कूड़ेदान में तब्दील हो गये हैं। जगह-जगह गंदगी का माहौल है।



**भारत सिंह राघव, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस:** आम आदमी पार्टी के राज में आज दिल्ली में जगह-जगह गंदगी देखी जा सकती है, क्योंकि आप राज में केवल कागजों में ही विकास हो रहा है, धरातल पर विकास नजर ही नहीं आ रहा है। शालीमार बाग अंडरपास के दोनों रोड़ों पर गंदगी के ढ़ेर लगे हुए हैं।



**सत्यपाल शर्मा, महामंत्री, जागरूक उपभोक्ता मंच:** सरकार व प्रशासन की लापरवाही की वजह से शालीमार बाग अंडरपास की सड़क कूड़े में तब्दील हो चुकी है, लेकिन संबंधित विभाग गंदगी के ढ़ेर को हटाने का कार्य नहीं कर रहा है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे हैं।



**डॉ. विपिन पिव्हाल, अध्यक्ष, वीआईपी फाउंडेशन:** शालीमार बाग अडंरपास के पास कूड़े का ढ़ेर लगा है, इसे संबंधित विभाग हटवाये और जो यहां पर गाय का झुड़ लगा हुआ है, इन गाय को गऊशाला में ले जाकर छोड़ा जाये, जिससे की यहां पर होने वाले एक्सीडेंट रूक सकें।

## डीटीसी मार्शलों की तुरंत बहाली की जाए: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल के आदेश के बाद डीटीसी मार्शलों को पदमुक्त करने बाद उन्हें बेरोजगार करने वाली आम आदमी पार्टी और भाजपा इनकी पुनः नियुक्ति को 2025 दिल्ली विधानसभा चुनावों में भुनाने के चक्कर में इनके घरों के चूल्हे बुझा रही है। अपने परिवारजनों के भरण पोषण से परेशान डीटीसी मार्शलों भाजपा और आम आदमी पार्टी की राजनीति का शिकार हो रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि बर्खास्त 10,000 बस मार्शलों को 1 नवंबर तक बहाल करने के उपराज्यपाल के निर्देश के बावजूद, आम आदमी पार्टी की सरकार ने अभी तक उपराज्यपाल के आदेश का पालन नहीं किया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने मार्शलों को फिर से नियुक्त का मामला एक बार फिर एलजी के पाले में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर अनशन पर बैठे मार्शल भुखमरी की कगार पर है लेकिन आतिशी सरकार के कानों पर जूं नही रेंग रही है। केजरीवाल और सीएम आतिशी मार्शलों के जीवन के साथ खेल रहे हैं क्योंकि आतिशी ने आज दिल्ली विधानसभा में बोलते हुए एलजी से मार्शलों को बहाल करने की 'मंजूरी' मांगी।

## सरदार बब्बर झूठे और आधारहीन प्रचार कर रहे हैं: जस्मीन सिंह नोनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संयुक्त सचिव सरदार जस्मीन सिंह नोनी ने कहा कि अकाली दल बादल के सदस्य सरदार सुखविंदर सिंह बब्बर ने उनकी सुरक्षा हटवाने की मांग की है और इस प्रक्रिया के दौरान उनके खिलाफ जानलेवा साजिश रची जा रही है। आज यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए जस्मीन सिंह नोनी ने कहा कि उन्होंने कभी अपनी सुरक्षा की मांग नहीं की थी, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें खुद अपनी सुरक्षा मुहैया करवाई थी। उन्होंने कहा कि अब जब सरदार



बब्बर उनकी सुरक्षा वापस लेने की मांग कर रहे हैं, तो उन्हें डर है कि सरदार बब्बर और उनके अन्य विरोधी मिलकर उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे मामले में सिख संगत ही साक्षी है और उन्होंने कभी भी सरदार बब्बर के साथ कोई तल्ख बातचीत नहीं की। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि पिछले दिनों नगर कीर्तन में जो कुछ भी हुआ, वह उनकी और बब्बर के खिलाफ कार्रवाई करने वालों के बीच का मामला था, जिसका उनसे कोई संबंध नहीं था। जस्मीन सिंह नोनी ने कहा कि यह एक धार्मिक नगर कीर्तन था और यदि इस दौरान किसी से कोई झगड़ा हुआ तो इसका उनसे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि संगत ने बुरा बर्ताव नहीं किया तो संगत को भी जवाब मिलेगा, इसलिए हमें अपना रवैया सुधारना चाहिए। उन्होंने फिर से दोहराया कि सरदार बब्बर उनके खिलाफ झूठे और आधारहीन प्रचार कर रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत और भ्रमित करने वाला है।

## 'शीशमहल व शराब घोटाला केजरीवाल सरकार की पहचान'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष ने कहा है कि दस साल के कुशासन एवं भ्रष्टाचार से दिल्ली वालों का जनसमर्थन खो चुके अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली में हुई कुछ अपराध की घटनाओं का ज़िक्र करके जनता के बीच बोलने का मुद्दा तलाश रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक छवि पूरी तरह बिगड़ चुकी है और शीशमहल, शराब घोटाला एवं प्रशासनिक अक्षमता केजरीवाल सरकार की पहचान बन गए हैं, लोग उनसे पूछ रहे हैं की यह कैसी राजधानी है जहां 34 लोग जल जमाव में डूब कर मर जाते हैं और 16 लोगों की बिजली करंट लगने



से मौत हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अरविंद केजरीवाल यदि सोच रहे हैं की अपराध के आंकड़ें गिनवा कर वह अपनी विफलताओं को दबा लेंगें तो समझ लें की दिल्ली वाले केजरीवाल जी आपसे जलजमाव, बिजली करंट से हुई 50 मौतों का ही नही बल्कि जनवरी में ठंड से हुई 150 मौतों का भी जवाब मांग रहे हैं।

# बुराडी विधानसभा क्षेत्र में पहुँचो अरविंद केजरीवाल, विपक्ष ने दिखाये काले झंडे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली की सभी राजनैतिक पार्टियां चुनावी रण में पूरा दम खम दिखाने में जुटी हुई है तथा पार्टी के छोटे से कार्यकर्ताओं सहित सांसद, प्रदेश अध्यक्ष, सहित मंत्रियों का दौरा भी क्षेत्रों में किया जा रहा है।

इसी बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आप संयोजक अरविंद केजरीवाल बुराडी विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने पहुंचे, इस बीच विपक्ष ने केजरीवाल के खिलाफ विरोध जताया।

**समस्याओं को लेकर जनता ने केजरीवाल का किया घेराव:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर के जनता विहार से राधा विहार क्षेत्र में दौरा कर रहे केजरीवाल का विपक्ष







मार्शलों ने तमाम तरह की हो रही समस्याओं को लेकर केजरीवाल के सामने अपनी समस्या रखते हुए विरोध जताया। विपक्षी नेताओं ने बताया कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में पिछले दस सालों से दिल्ली जल बोर्ड का पानी नहीं आ रहा है तो कभी आता भी है तो वह इतना दूषित होता है कि पीना तो छोड़ों हाथ भी धोने लायक नहीं होता है। तो वहीं विपक्षी नेताओं ने बताया कि क्षेत्र में फ्लड़ की नहर भी गंदगी के कारण नालों मे तब्दील हो चुकी है, तो किसी ने मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र की सड़को का हाल भी बुरा है जिससे लोगों को खासा परेशानी हो रही है और विधायक संजीव झा ने कोई प्रयास तक नहीं किया है। इस बीच विपक्षी नेताओं ने क्षेत्रीय विधायक संजीव झा व अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हाए-हाए के नारे भी लगाए।

**गुलाब सिंह राठौर, निगम पार्षद मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 ने कहा कि** केजरीवाल के खिलाफ जनता का गुस्सा फूट-फूट कर निकल रहा है। केजरीवाल जिस भी क्षेत्र में दौरा करने जाते हैं तो वहां के लोग केजरीवाल के खिलाफ अपना विरोध जता रहे है। केजरीवाल एंड पार्टी कितनी झूठी व भ्रष्टाचारी है दिल्ली की जनता को अच्छी तरह से मालूम चल गया है, लेकिन इस बार के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता केजरीवाल सरकार को हार का मुहं दिखाकर उनको घर बिठाने के मूड़ में साफ दिखाई दे रहीं है।

## सृष्टि के निर्माण का आधार पंच महाभूत: डॉ. चिन्मय पंड्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। प्रेरणा शोध** संस्थान न्यास के तत्वावधान में नोएडा के सेक्टर 12 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित 'प्रेरणा विमर्श 2024' के अंतर्गत पंच परिवर्तन के पांच सूत्रों पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सौभाग्य तभी आता है, जब वह उसे पहचानने की स्थिति में होता है। भारत की भूमि साधु, संतों और तपस्वियों की भूमि है। पूरी सृष्टि के निर्माण का आधार पंच महाभूत है। उन्होंने कहा कि आज वायु प्रदूषण से जितने लोग मर रहे हैं, उतना युद्ध से नहीं। सोचना है कि गंगा का इतिहास पढ़ाना चाहते हैं या भूगोल। हाल यह है कि 34 प्रतिशत बारिश तेजाबी हो रही है और भवनों की उम्र तीन गुना कम हो रही है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति संस्कारी है तो श्रेष्ठ समाज का निर्माण करता है। भारतीय चिंतन का ऐसा उपसर्ग है, जिसमें संस्कृति पोषित होती है। हमें कर्तव्यों का निर्माण करना चाहिए। अगर व्यक्ति के अंदर कर्तव्यों का भान है तो समाज के उत्थान की धारा प्रशस्त हो जाती है।

इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में पधारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण है।

## पुनर्वास कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक दिलाने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के चौथे चरण में 22वें दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराकर न्याय योद्धाओं के साथ मुखर्जी पार्क सब स्टेशन राजौरी गार्डन विधानसभा से यात्रा को लेकर आगे बढ़े। अभी 50 विधानसभाओं में मिली सफलता के बाद दिल्ली न्याय यात्रा के साथ अधिक संख्या में दिल्ली की जनता, कांग्रेस समर्थक, कांग्रेस कार्यकर्ता और न्याय यौद्धा अधिक उजार्वान दिखाई दे रही थी। दिल्ली न्याय यात्रा में उत्साहित जनसमूह की मौजूदगी के बाद



साबित हो रहा है कि दिल्ली की जनता यह निर्णय ले चुकी हैं कि दिल्ली में सत्ता परिवर्तन और बदलाव का अकेला विकल्प कांग्रेस पार्टी है। दिल्ली न्याय यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व सांसद रमेश कुमार, पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वडिंग, सचिव प्रभारी सुखविन्दर सिंह डैनी, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक मालाराम गंगवाल, कुंवर करण सिंह, पूर्व सचिव सीपी मित्तल, अमृता धवन, जिला अध्यक्ष धर्मपाल चंदेला, इन्द्रजीत सिंह, गौरी शंकर शर्मा, जेपी पंवार, महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, प्रेरणा सिंह, अनीता बब्बर, सहित अग्रिम संगठन, सेल एवं विभाग, ब्लाक अध्यक्ष, जिला एवं ब्लाक पदाधिकारी लगभग संगठन का हर स्तर का कार्यकर्ता दिल्ली न्याय यात्रा में शामिल रहा।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि 2025 में जनता का भरपूर समर्थन मिलने के बाद सबसे पहले पुर्नवासित कालोनियों को मालिकाना हक दिलाने पर काम करेंगे, जिस पर अरविन्द केजरीवाल 3 बार सत्ता में आने के बावजूद इनके साथ धोखा किया है।

## मार्शलों के मुद्दे पर आतिशी का बयान एक नई नौटंकी: विजेंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा** में नेता प्रतिपक्ष ने आज शुरू हुए दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार भारतीय जनता पार्टी पर अनर्गल आरोप लगाकर 10 हजार मार्शलों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के आदेश पर 10 हजार मार्शलों को बहाल किए जाने का झूठा श्रेय आम आदमी पार्टी के नेता लेना चाहते हैं। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि औरों का श्रेय लेकर अपनी पीठ थपथपाने की आआपा सरकार की पुरानी आदत रही है। उन्होंने सदन में मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा मार्शलों को निकालने के लिए भाजपा पर लगाया गये आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि 10 हजार बस मार्शलों को नौकरी से निकालने का आदेश तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से पिछले साल अक्टूबर में दिया गया था, जिसके बाद 31 अक्टूबर 2023 से सभी बस मार्शलों की सेवाएं बिना कारण बताये खत्म कर दी गई थीं। आआपा पार्टी दूसरी पार्टियों से नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करके उन्हें टिकट दे रही है तो वे भला किस मुंह से उन्हें ये आफर दे रहीं हैं। मार्शलों को नौकरी पर बहाल करने का मुद्दा भाजपा विधायकों द्वारा 27 सितंबर को विधानसभा सत्र में उठाया गया था।

# भाजपा नेता सुनील यादव भलस्वा के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन, लोगों ने लगाये केजरीवाल हाय-हाय के नारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** भलस्वा लैंडफिल साइट पर भाजपा नेता सुनील यादव भलस्वा ने भाजपा के जिला अध्यक्ष सत्य नारायण गौतम के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, पंकज यादव युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, अमित यादव वाइस प्रेजिडेंट ओबीसी मोर्चा दिल्ली प्रदेश, अभिमन्यु ठाकुर मंडल अध्यक्ष, रेखा दुबे मंडल अध्यक्ष, सुरेश पांडे मंडल अध्यक्ष, नरेश मृदुल जिला कार्यालय मंत्री, रेणु घई जिला महामंत्री महिला मोर्चा, बॉबी ठाकुर जिला उपाध्यक्ष, दिव्या झा पूर्व निगम प्रत्याशी सहित सैकड़ो








की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील यादव भलस्वा ने कहा कि आम आदमी पार्टी वैसे तो कहती है कि हम दिल्ली में जितनी भी लैंडफिल साईट है वहां पर पहले की अपेक्षा कम कूड़ा डाल रहे है और साईट की ऊचांई भी पहले से कम हो रही है। लेकिन आज जो हमने भलस्वा लैंडफिल साईट पर प्रदर्शन कर पाया कि यहां पर कूड़ा कम नहीं हो रहा है और न ही इसकी ऊचाई ही घट रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को इस खत्ते को हटाना चाहिए था, लेकिन वह इसे नहीं हटा पाई।

उन्होंने आगे बताया कि पिछले 10 वर्षो में दिल्ली की भ्रष्ट केजरीवाल सरकार ने 2 करोड़ से भी ज्यादा लोगों की जान को दाव पर लगा रखा है और इस जानलेवा प्रदूषण को कम करने के बजाय सिर्फ हर वर्ष बढ़ते प्रदूषण के रिकॉर्ड तोड़ने के लिए काम किया है। सुनील यादव भलस्वा ने आगे बताया कि यहां पर खत्ता होने की वजह से यहां के आस-पास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को दूषित पानी मिल रहा है, जिसे पी कर लोग कई बिमारियों को न्यौता दे रहे है।

उन्होंने कहा कि मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं।

# भीड नियंत्रण: मथुरा वृंदावन को प्लान नहीं, 'मास्टर प्लान' की है जरूरत

यातायात

▶▶ मशक्कत के बावजूद इन समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं निकल सका है।

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यातायात एवं भीड नियंत्रण को लेकर बनाये गये प्लान कान्हा की नगरी में परवान नहीं चढ़ सके हैं। जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों की मशक्कत के बावजूद इन समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं निकल सका है। बांकेबिहारी मंदिर में मोबाइल पर



बैन से लेकर ई रिक्शा की कलर कोडिंग तक के प्रयास सफल नहीं हुए हैं। कान्हा की नगरी के प्रति दुनिया आकर्षित हो रही है। मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र की कुल जनसंख्या लगभग 10 लाख है जबकि प्रतिदिन औसतन दो लाख लोग मथुरा वृंदावन के मंदिरों में दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्ष 2023 में जिला प्रशासन के मुताबिक छह से सात करोड श्रद्धालु यहां आये। अगर हम वीक एण्ड एवं प्रमुख पर्वों की बात करें तो यहां आने वालों की संख्या प्रतिदिन 10 लाख से लेकर 20 लाख होती है। जनसंख्या के लिहाज से देखें तो आज भी मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र की जनसंख्या 10 लाख के आसपास है। इस धरती का सौभाग्य है कि यहां इतने लोग दर्शन करने आते हैं। व्यवस्थाओं और मंदिरों में लोगों को सुचारू रूप से दर्शन होते हैं, यह हमेशां एक बडी चुनौती होती है। इसके लिए वीक एण्ड और विशेष पर्वों पर तैयारी भी की जाती है। जहां तक सामान्य दिनों की बात है इसके लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। वृंदावन में ई रिक्शा को लेकर अलग अलग ग्रुप बनाए गए हैं, कलर स्कीम बनाई गई है। जिसमें जो रिक्शा चालक हैं उनसे भी समन्वय स्थापित किया जा रहा है। कहीं न कहीं उनके रोजगार से भी जुड़ा हुआ यह मुद्दा है इसलिए सारे पहलुओं को देख कर हम लोग व्यवस्था कर रहे हैं। वह एरिया जहां ज्यादा भीड़ होती है वहां नो एंट्री लागू की है। हमारी पार्किंग व्यवस्था है उसे भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। मथुरा वृंदावन रेलवे लाइन का काम अधर में अटक गया है। रेल बस सेवा भी बंद हो गई है। मथुरा से वृंदावन जाने वाली भीड की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। प्रमुख रेलवे स्टेशन यहीं हैं। वहीं सड़कें चौडी होने की बजाय लगातार सिकुड रही हैं।

# एक महीने की देरी से शुरू हुआ पोंटून पुल

राहत

▶▶ लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड द्वारा द्वारा पोंटून पुल बना कर तैयार कर दिया है।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन को मांट सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड द्वारा द्वारा केशीघाट और शमशान स्थल के बीच पोंटून पुल बना कर तैयार कर दिया है। जिससे यात्रियों की वृंदावन से मांट की दूरी कम हो गई है वहीं आने जाने में में समय कम लग रहा है। इसके बनने से करीब दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इस पुल पर होकर पैदल लोग व दो पहिया वाहन निशुल्क निकल रहे हैं। जबकि चार पहिया व अन्य वाहनों को शुल्क देना पड़



रहा है। बारिश के मौसम में हर वर्ष इस पोंटून पुल को हटकर बंद कर दिया जाता है। लगभग चार माह तक पोंटून पुल से आवागमन पर पूरी तरह से रोक लग जाती है। जिसके कारण मांट की तरफ से ग्रामीणों को स्टीमर और नावों के सहारे वृंदावन आना पड़ रहा था। वहीं वाहनों को पानी गांव वाले पक्के पुल से निकलना पड़ रहा था। इस वर्ष टेंडर देरी से उठने के कारण पोंटून पुल के निर्माण का कार्य देरी शुरू हुआ था। करीब पांच माह बाद लोक निर्माण विभाग ने वृंदावन मांट के बीच पंटून पुल का बनाने का ठेका दिया। करीब दस दिनों में बनकर पंटून का पुल तैयार हुआ। इस पर सभी प्रकार के छोटे बड़े वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। इस पुल के बनने से वृंदावन और मांट क्षेत्र के बीच की 15 किलोमीटर की दूरी अब सिर्फ यमुना को पार करते ही पांच मिनट में तय हो रही है।

# लापरवाही पर मुख्यमंत्री हुए सख्त

## उपायुक्तों को हर रोज मुख्य सचिव कार्यालय में फीडबैक भेजने के निर्देश

समाधान

▶▶- समाधान शिविर में अधिकारी रहेंगे मौजूद, समस्याओं का समय पर हो समाधान

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने वाले लापरवाह अधिकारियों को मुख्यमंत्री नायब सैनी फटकार लगाई है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिला उपायुक्तों से समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का फीडबैक लिया। सीएम ने लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगाते हुए हिदायत दी कि मुख्य सचिव कार्यालय में हर रोज समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की फीडबैक रिपोर्ट भेजी जाए।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर रोज सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का न केवल अधिकारी समाधान करेंगे, बल्कि शिविर में खुद मौजूद रहेंगे। समस्याओं का निवारण करने के साथ शिकायतकताओं की संतुष्टि भी जरूरी है।
बता दें कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे थे और न ही मुख्य सचिव कार्यालय फीडबैक रिपोर्ट भेजी जा रही है। इसको लेकर मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से



जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर हर रोज फीडबैक रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे।
शुकवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचने वाले शिकायतकताओं से सीधा संवाद किया और अधिकारियों को सख्ती भरे लहजे में चेतावनी दी कि शिकायतकर्ता की समस्या का निवारण जरूरी है।
प्रदेशभर के अधिकारी इन शिविरों को गंभीरता से लें और उनका समाधान करना अपने कार्यों की प्राथमिकता में रखें। उन्होंने कहा कि इन समाधान शिविरों में अधिकारियों के साथ-साथ ग्रीवेंसिज कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि उपायुक्त अपने जिलों के समाधान शिविरों की रोजाना की रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय को भेजें और जो शिकायत मुख्यालयों से संबन्धित हो उसे जिला स्तर से डिस्पॉज ऑफ करें। उन्होंने उपायुक्तों को पेंडिंग शिकायतों को जल्द से जल्द निपटान करने के लिए निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परिवार पहचान पत्र को हरियाणा सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। पात्र व्यक्तियों को अब ऑनलाइन ही योजना का लाभ घर बैठे मिल रहा है। इसलिए परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं जैसे आय, जाति, रिहायशी प्रमाण पत्र, राशन कार्ड बनवाने के अलावा वृद्धावस्था पेंशन भत्ता सहित अन्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से समाधान कर तथा जो समस्याएं मुख्यालय चंडीगढ़ से संबंधित हैं, उन्हें हाइलाइट करके मुख्यमंत्री कार्यालय भेजें ताकि उनका समाधान करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी समस्याएं जिन्हें रद्द कर दिया जाता है, उनके रद्द होने का कारण जरूर जांच करें ताकि इन समस्याओं पर भी संज्ञान लिया जा सके।

# डिवाइडर से टकराई कार एक की मौत दूसरा घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर बीती देर रात अज्ञात वाहन ने कार में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत, चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया व मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा व सूचना परिजनों को दी। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 73 पर आगरा से नोएडा की ओर जा रही स्विफ्ट कार में पीछे से वाहन ने टक्कर मार दी

# भाजपा में चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होते हैं: विमल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी महानगर का संगठन पर्व 2024 सक्रिय सदस्यता अभियान एवं संगठनात्मक चुनाव 2024 को लेकर शुक्रवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी की अध्यक्षता में द्वितीय कार्यशाला संपन्न हुई।
वहीं कार्यशाला के मुख्य वक्त महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा ने बताया भाजपा परिवारवादी पार्टी नहीं है बल्कि परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में सहमति के आधार पर काम करना है। वहीं उन्होंने बताया आगामी 5 दिसंबर से 15




दिसम्बर तक मंडल अध्यक्षों के चयन तथा 16 से 30 दिसम्बर तक जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। वहीं उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होते हैं। वहीं सभी का आभार व्यक्त करते हुए महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कार्यकताओं से कहा देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को राहत प्रदान कर रही है। सभी योजनाओं की जानकारी सभी कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाएं। कार्यशाला का संचालन सह चुनाव अधिकारी संजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर पूर्व मंत्री रवि कांतगर्ग पूर्व महापौर मुकेश आर्य बंधु पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल बृज क्षेत्र मंत्री विनोद चौधरी महानगर सह चुनाव अधिकारी कुंज बिहारी चतुवेर्दी महामंत्री राजू यादव सुनील चतुवेर्दी डीएन गौतम निरंजन धनगर सुल्तान तरकर राजेश गुप्ता राजेंद्र पटेल श्याम शर्मा ललित अग्रवाल दीपक गोला पंकज शर्मा योगेंद्र चतुवेर्दी सभी मंडल चुनाव अधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पैसे के लेनदेन में युवक को मारी गोली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना रिफाइनरी क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर युवक ने दूसरे युवक को गोली मार दी। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि युवक की हालत गंभीर है। गुरुवार की देर रात थाना रिफाइनरी के गायत्री विहार कॉलोनी में रुपए के लेनदेन को लेकर लखन पुत्र रविंद्र को रमन बिहारी उर्फ लखू नमक युवक ने गोली मार दी। दोनों में रूपयों का लेनदेन चल रहा था जिसमें लखू नामक युवक ने लखन को रुपए लेने के लिए बुलाया गायत्री विहार चौराहे पर रुपए लेने के इंतजार में खड़े लखन को रमन बिहारी नामक युवक ने आते ही गोली मार दी और गोली मारकर भाग गया




घटना से हड़कंप मच गया। जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। इसको लेकर परिजनों में हड़कंप मच गया और परिजन अस्पताल जा पहुंचे। पिता ने बताया कि बेटा को नामजद युवक ने रुपये के लेनदेन को लेकर गोली मार दी।
वर्जन
शाम के करीब चार बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति के गोली लगी है।

# बलदेव में तीन बाइक सवारों की सड़क दुर्घटना में मौत



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बलदेव में गुरूवार की रात एक भीषण सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई। ये तीनों लोग बाइक पर सवार सवार थे। बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिसमें तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।
बलदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत सादाबाद रोड बिहारी कोल्ड़ स्टोर के समीप देर रात करीब 11 बजे एक बाइक पर सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी जब परिजनों को लगी तो मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए मथुरा के निजी अस्पताल ले गए। बलदेव के गांव गोठा से गुरुवार को गांव के रहने वाले चेतराम की बेटी के बेटा होने पर बाइक सवार नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए थाना जमुनापार के गांव गोपालपुर गए हुए थे। देर रात कार्यक्रम में शामिल होकर नारायण सिंह पुत्र प्रथम सिंह, महेंद्र सिंह पुत्र मलखान, थान सिंह पुत्र नवाब सिंह एक ही बइक पर सरवार होकर गांव गोठा वापस लौट राहे थे, तभी बलदेव सादाबाद मार्ग बिहारी कोल्ड स्टोर के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की जानकारी होने पर थाना बलदेव प्रभारी त्रिलोकी सिंह टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी की। थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक व्यक्तियों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि तीनों व्यक्ति एक ही परिवार के थे और एक नामकरण संस्कार में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ है।

# 25 हजार की इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना गोवर्धन पुलिस एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही से करोडो रुपये का जमीनी घोटाला करने वाली 25 हजार रुपये की इनामिया अभियुक्ता को किया गिरफ्तार किया है। थाना गोवर्धन पुलिस टीम एवं सर्विलांस टीम मथुरा की सयुक्त कार्यवाही से थाना गोवर्धन पर पंजीकृत अभियोग में वांछित इनामिया एक महिला अभियुक्त को शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर किराये के मकान शीतला माता मंदिर के पास नगला कीकी थाना जैंत मथुरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना, एसआई विकास शर्मा प्रभारी सर्विलाँस सैल जनपद मथुरा, एसआई रितु यादव थाना गोवर्धन, एसआई
शैलेन्द्र कुमार शर्मा थाना गोवर्धन, एसआई विकेश तोमर थाना गोवर्धन, एसआई अमन उज्जवल थाना गोवर्धन आदि थे।

## हत्या के प्रयास का वांछित पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना वृन्दावन पुलिस ने थाना वृन्दावन पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास की घटना में वांछित अभियुक्त बृज शर्मा पुत्र स्व. रघुनाथ शर्मा निवासी मां चन्डा सीकर मार्ग थाना हनार्दा जयपुर राजस्थान को मुखविर की सूचना पर चामुण्डा कट थाना क्षेत्र वृन्दावन से गिरफ्तार किया।

# यूपी बोर्ड: परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सूची जारी

निर्धारण

▶▶ यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है। परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की गई है।

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है। परीक्षा केंद्रों की आन लाइन सूची जारी की गई है।
जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा रविन्द्र सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित की जाने वाली वर्ष 2025 की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट




परीक्षाओं की प्रक्रिया के तहत परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया में सूची आनलाइन जारी कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट से प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों तथा परीक्षार्थियों की आवंटन सूची प्राप्त हुई है। ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्धारित परीक्षा केंद्रों के त्रुटि, विसंगति एवं छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य, प्रबंधक के प्रत्यावेदन, आपत्तियों के निराकरण के पश्चात जनपदीय समिति के अनुमोदनोपरांत परिषद की वेबसाइट पर अपलोड, प्रदर्शित किये गये। परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में यदि किसी संस्था के छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य, प्रबंधक को पुनः कोई आपत्ति है तो इस पर अपनी आपत्ति, प्रत्यावेदन ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि दो दिसम्बर, तक है। अतः इस के अनुक्रम में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट से प्राप्त परीक्षा केन्द्र निर्धारण एवं परीक्षार्थियों की आवंटन संबंधी सूची जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य को व्हाट्सएप ग्रुप पर इस आशय के साथ भेजी जा रही है, कि उक्त सूची के सम्बन्ध में आपत्तियां, शिकायत दो दिसम्बर तक ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर प्रेषित कर सकते हैं। इस की सूची कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, शामली में भी चस्पा की गयी है।

# कोहरे में हाईवे पर सफर रहे सुगम, बैठक में हुआ मंथन

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।
जिलाधिकारी ने एन.एच.ए.आई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि थाना हाईवे से लेकर नरहौली (भरतपुर मोड) की यातायात व्यवस्था में सुधार, जर्जर सड़कों की स्थिति को तत्काल ठीक कराया जाए।
उन्होने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अवैध कटों को बन्द किया जाए, जो व्यक्ति अवैध कट को बार बार क्षतिग्रस्त करें तो उसके विरुद्ध कठोर



कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ठण्ड में कोहरे के दृष्टिगत सड़को पर कम विजिबिलिटी हो जाती है। इससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इस संबंध में उन्होने कहा कि खम्भों पर लगी लाईट एवं रोड पर बनी व्हाइट पट्टी को ठीक किया जाए तथा रेडियन का प्रयोग किया जाए।
इसके साथ ही खम्भो पर रिफलेक्ट भी लगा दिए जाएं। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर झाड़ियों की कटाई छटाई व साफ सफाई करा दिया जाए। रास्तों पर रम्बल स्ट्रीप लगाये जाए। संबंधित थानों से रिपोर्ट लेकर आवश्यक कार्यवाही कराएं, यदि किसी थाने पर कोई समस्या आ रही है, तो अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से पत्राचार किया जाए। आगामी ठंड में घने कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत ट्रैक्टर व अन्य व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने के साथ ही स्कूली वाहनों तथा सड़क के किनारे खड़े व्यावसायिक वाहनों में एवं पुल व चौराहों आदि रास्तों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, स्टिकर लगाए जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई भी वाहन अनफिट नहीं चलना चाहिए। ओवरलोडिंग वाहनों की समय समय पर चेकिंग की जाए। हिट एवं रन मामले में नियमानुसार कार्यवाही की जाए और प्रभावित को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार सिंह, एआरटीओ राजेश राजपूत, एनएचएआई, एक्सप्रेस वे, रोडवेज आदि के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में बकरी पालन का बढ़ रहा रूझान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्वोत्तर क्षेत्र में बकरी पालन को लोकप्रिय बनाने के लिए आईसीएआर सीआईआरजी ने आईसीएआर राष्ट्रीय याक अनुसंधान केंद्र, दिरांग, अरुणाचल प्रदेश के सहयोग से बकरियों पर फील्ड लेवल डेमोस्ट्रेशन (एफएलडी) इकाई शुरू की। इसके क्रम में वैज्ञानिक बकरी पालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें 100 किसानों ने भाग लिया। सीआईआरजी ने किसानों को बकरी का चारा, खनिज मिश्रण और सामान्य आवश्यक दवाइयां भी वितरित कीं। सीआईआरजी के निदेशक डॉ मनीष कुमार चटली ने किसानों को



अरुणाचल प्रदेश में बकरी पालन की संभावनाओं के बारे में बताया और कहा कि देश के इस हिस्से में बकरी के मांस की मांग बहुत अधिक है। उन्होंने किसानों को बकरी के टीकाकरण प्रोटोकॉल और सामान्य बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में भी बताया। उन्होंने खेती के लिए शुद्ध नस्ल के जानवरों के चयन के बारे में भी बताया। उन्होंने पशुओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर जोर दिया ताकि दो साल में एक मादा से कम से कम तीन प्रसव या छह बच्चे लिए जा सकें। किसान बहुत उत्साहित थे और बकरी पालन को व्यावसायिक उद्यम के रूप में अपनाने के लिए तैयार थे। डॉ मिहिर सरकार ने इस पहल के लिए सीआईआरजी को धन्यवाद दिया और इस क्षेत्र में मल्टीप्लायर झुंड की स्थापना के लिए एफएलडी को मजबूत करने का आश्वासन दिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 30 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# उपचुनाव की जीत से विपक्ष भयभीत: योगी

## 2027 में इससे भी बड़ी होगी भाजपा की विजय : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**दावा**

**▸▸ उपचुनाव में जीत के बाद नवनिर्वाचित विधायकों का पार्टी मुख्यालय में सीएम योगी ने किया अभिनंदन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीजेपी मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी।

**चुनाव से पहले ही बना ली थी जीत की रणनीति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां बीजेपी ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि बीजेपी हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है।

### संगठन के साथ मिलकर काम करें: सीएम

**सीएम योगी** ने कहा कि सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है। योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि, चूंकि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वागत में महकेगी प्रयाग की गली गली

**इंतजाम**

**▸▸ 26225 गमलों में सजाए जाएंगे मौसमी फूल, बड़े पैमाने पर तैयार हो रहे फ्लावर बेड**



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराजः महाकुम्भ** शुरू होने से पहले ही प्रयागराज आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर योगी सरकार ने जमीनी स्तर पर इंतजाम शुरू कर दिए हैं। इसके लिए यहां 24 घंटे काम जारी है। इसी क्रम में यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहली बार एक खास इंतजाम किया जा रहा है, जिसको देख पर्यटक खासे रोमांचित नजर आएंगे। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए इस बार पूरे प्रयागराज को फूलों की खुशबू से महकाने की योजना है।
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार महाकुम्भ में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर पुष्प वाटिकाएं और रंग बिरंगे पौधे क्यारियों और गमलों में लगाए जाने हैं। इसके लिए बाकायदा 07 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए का बजट रखा गया है। इसके अंतर्गत 26225 गमलों में मौसमी फूल सजाए जाएंगे। इसके अलावा बड़े पैमाने पर फ्लावर बेड तैयार कर उनकी प्रदर्शनी लगाई जाने की योजना है। मेला क्षेत्र में गंगा किनारे विशेष सजावटी पौधे लगाए जाने का काम शुरू हो गया है।

**अयोध्या और काशी के फूलों से महकेगा प्रयागराज**

प्रयागराज में महाकुम्भ की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। यहां फूलों के पौधों की बड़ी मांग है। महाकुम्भ को लेकर पूरे प्रयागराज को सुंदर और सुगंधित बनाने के लिए अयोध्या और काशी की नर्सरियों को बड़े पैमाने पर फूलों और सजावटी पौधों के ऑर्डर दिए गए हैं। इस समय मेला के अलावा शहर के प्रमुख स्थलों, पार्कों, सड़कों, चौराहों, एयरपोर्ट और हाईकोर्ट की सजावट में इन पौधों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# जमीनी हकीकत परखने धरातल पर उतरेंगे सीएम धामी



**समीक्षा करेंगे**

**▸▸ मुख्यमंत्री जिलों में प्रवास के दौरान नीतियों के क्रियान्वयन की करेंगे समीक्षा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः उत्तराखंड के** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जल्द ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रवास कर सरकार की नीतियों और योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखेंगे। इस दौरान वे जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा विशेष रूप से रोजगार, कृषि, बागवानी और सौर ऊर्जा जैसी योजनाओं पर केंद्रित रहेगा। यह जानकारी देते हुए सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अपने इस प्रवास के दौरान 30 से अधिक नीतियों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। सरकार ने हाल ही में इन क्षेत्रों में व्यापक बदलाव करते हुए नई नीतियां लागू की हैं। मुख्यमंत्री इन नीतियों की प्रगति को जांचने के साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि ये योजनाएं किस तरह से धरातल पर असर डाल रही हैं। मुख्यमंत्री के इस दौरे से प्रदेश के विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। यह पहल जनता और शासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की ओर एक सकारात्मक कदम है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री धामी अपने प्रवास के दौरान विभिन्न जिलों में स्थानीय जनता से भी मिलेंगे। वे उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। इसके साथ ही विकास कार्यों की प्रगति और उनके प्रभाव का भी गहन आकलन करेंगे।

**विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा**

मुख्यमंत्री धामी अपने भ्रमण के दौरान जिलों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें करेंगे। इन बैठकों में वे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

# भारत के विकास में संस्कृत एक बहुत बड़ी भूमिका: राज्यपाल



**दीक्षांत**

**▸▸ संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। संस्कृत भाषा में असंख्य ग्रंथ आज भी उपलब्ध है**


**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वारः राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत** सिंह (सेनि) ने शुक्रवार को उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल ने स्वामी गोविंददेव गिरी, डॉ. चिन्मय पंड्या एवं आचार्य श्रीनिवास बरखेड़ी को विद्या वाचस्पति (डीलिट) की उपाधि प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, पीएचडी उपाधि सहित स्नातक एवं परास्नातक उपाधि भी प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने भारत में जन्म लेने को भगवान का आशीर्वाद बताते हुए इसे अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा एक चमत्कारिक भाषा है, जिसके मंत्रों के उच्चारण मात्र से विभिन्न कार्य संपन्न हो जाते हैं। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को संस्कृत के संरक्षण, संवर्द्धन और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी हमारे भारत की संस्कृति को आगे बढ़ा के ले जाएंगे।
राज्यपाल ने कहा कि यह समय हमारे लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में संस्कृत एक बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में संपूर्ण पृथ्वी को ही अपना परिवार माना है। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं की भी बहुत बड़ी भूमिका होती है। हमारे देश में युवाओं की संख्या 65 प्रतिशत लोग युवा हैं। युवाओं को तो केवल समुचित मार्ग दर्शन और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, युवा दुनिया को बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत से बड़ा दूसरा कोई साधन नहीं है जो संपूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकता हो। हमें अपनी संस्कृत भाषा की क्षमता को पहचानना है, इस पर शोध करने की आवश्यकता है। संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। इसका साहित्य भी विशाल है। संस्कृत भाषा में असंख्य ग्रंथ आज भी उपलब्ध है।

## पाक विस्थापितों के खिले चेहरे: नागरिकता प्रमाण पत्र मिले

**जोधपुरः पाकिस्तानी** विस्थापितों के लिए जिला स्तरीय नागरिकता शिविर शुक्रवार को डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया। यहां जिला प्रशासन की ओर से 24 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण पत्र और 60 लोगों को नागरिकता आवेदन प्रमाण पत्र दिए गए। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय नागरिकता शिविर में पाकिस्तान से आए हिंदू विस्थापितों को नागरिकता दी गई।

# फिर शुरू हुई हरिद्वार में पॉड टैक्सी चलाने की हलचल

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वारः गंगा नगरी** हरिद्वार के शहरी क्षेत्र में पाड टैक्सी चलाने की हलचल फिर शुरू हो गई हैं। शासन ने हरिद्वार जिला प्रशासन से इस संबंध में अब तक की प्रगति व स्टेकहोल्डर्स की आपत्तियों के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। पर्सनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम यानी पॉड टैक्सी जिसे हरिद्वार दर्शन परियोजना के नाम से भी जाना जाता है, के बारे में शासन से अनुसचिव स्तर पर हरिद्वार जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। अनुसचिव नरेंद्र सिंह की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हरिद्वार शहर में पॉड टैक्सी (हरिद्वार दर्शन) परियोजना प्रस्तावित है। इस परियोजना के निष्पादन से पूर्व स्थानीय लोगों एवं सभी स्टेकहोल्डर्स (धर्म सभा, अखाड़ों, सिविल सोसायटी, व्यापार संघ तथा अन्य स्टेकहोल्डर्स) के साथ अलग-अलग बैठक कर उनके सुझावों को सुने जाने तथा उन्हें विश्वास में लेकर सहमति बनाया जाना अति आवश्यक है। परियोजना हेतु स्थानीय लोगों एवं सभी स्टेकहोल्डर्स द्वारा उठाई गई आपतियों का समाधान कर लिया गया है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन शुक्रवार को उज्जैन पहुंचीं। यहां उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। उन्होंने भोग आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह की देहरी से पूजन कर दर्शन किए। बाद में उन्होंने कुछ देर नंदी हॉल में बैठकर ध्यान भी लगाया।

## रोडवेज के आक्रोशित सेवानिवृत्त कर्मियों ने निकाली रैली

**जयपुरः आरएसआरटीसी** रिटायर्ड एम्पलाईज एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को रोडवेज के आक्रोषित सेवानिवृत्त कर्मियों ने जयपुर में मुख्यालय के पीछे स्थित जयपुर आगार के सामने से रोडवेज मुख्यालय तक रैली निकाल कर अपने आक्रोश का इजहार करते हुए आम सभा व विरोध प्रदर्शन किया। रोडवेज प्रबन्धन से कानून की धज्जियां उड़ाना बन्द करने और सेवानिवृत्त कर्मियों के कानून सम्मत भुगतान तुरन्त एकमुश्त करने की मांग के नारे लगा रहे थे।

**दायित्व** महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए उतारी गई अधिकारियों की टीम



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराजः** महाकुम्भ-2025 के दिव्य और भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। इन अधिकारियों पर विभिन्न गतिविधियों की देखरेख और प्रबंधन का दायित्व होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज के द्वारा अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्यक्षेत्र सौंप दिए हैं। मेला आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है।

**क्षेत्र की व्यवस्था देखेंगे अधिकारी**

जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार महाकुम्भ-2025 के किसी भी कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी के आदेशानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही के प्रभारी होंगे। वहीं, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनय कुमार सिंह झूसी और आस-पास के क्षेत्र का सम्पूर्ण प्रबंधन देखेंगे। अपर जिलाधिकारी (भूलेख) कुँवर पंकज नैनी और उसके आस-पास के क्षेत्र का कार्य देखेंगे, जबकि अपर जिलाधिकारी (नजूल) प्रदीप कुमार के पास फाफामऊ और आस-पास के क्षेत्र की जिम्मेदारी होगी। अपर जिलाधिकारी (नगर) मदन कुमार को नगर क्षेत्र की सम्पूर्ण देखरेख का जिम्मा दिया गया है तो अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा को आईसीसीसी (प्रयागराज मेला प्राधिकरण) में स्थित कंट्रोल रूम का प्रभार सौंपा गया है।

**रेलवे स्टेशन और होल्डिंग एरिया की व्यवस्था का होगा जिम्मा**

इसके अतिरिक्त महाकुम्भ-2025 के प्रमुख स्नान पर्व को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों एवं भक्तजनों की भीड़ के दृष्टिगत नोडल/सहायक नोडल अधिकारी, सेक्टरवार अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

